रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 80,148.88 −280.16
डॉलर 83.729 +0.032
रांची सर्राफा
10 ग्राम 69,980
01 किलो 95,600

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते

श्रावण कृष्ण पक्ष 04, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 25 जुलाई 2024, वर्ष-25, अंक- 173, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 संन्यास के बाद भी मिल रहा है फैंस से...

न्यूज ब्रीफ

### किसान को भेजा एक करोड़ तीन लाख का बिजली बिल

**बरकट्ठा।** बिजली विभाग ने बरकट्ठा के अलपिटो झुरझुरी निवासी एक किसान को 1 करोड़ 3 लाख, 40 हजार, 516 रुपए का बिल भेजा गया है। इस बाबत उपभोक्ता नारायण प्रसाद, पिता टिपन महतो ने बताया कि मेरा कंज्यूमर नंबर बीकेबीएल 6602 का टोटल बिल मैंने 19 जुलाई 2022 को जमा किया। इसके कुछ माह बाद एकाएक 8920737 रुपए का बिल भेजा गया। जो अब बढ़कर एक करोड़ से अधिक हो गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में बरही और हजारीबाग जाकर विद्युत विभाग को जानकारी दी लेकिन अबतक कोई समाधान नहीं हुआ।

### बिना सूचना लंबे समय से अनुपस्थित रहने पर जेलर निलंबित

**रांची।** रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के जेलर मो मुस्तकीम को जेल आइजी सुदर्शन मंडल ने बिना सूचना के लंबे समय से अनुपस्थित रहने के कारण निलंबित कर दिया है।

### 78 अंचलाधिकारियों का तबादला

रांची। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने 78 अंचलाधिकारियों का तबादला कर दिया है। उपरोक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इससे संबंधित अधिसूचना बुधवार देर रात राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने जारी की है।

# कैमरून में फंसे झारखंड के 27 प्रवासी मजदूरों की हुई वापसी

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वीडियो कॉल के जरिए श्रमिकों से बात की | सभी श्रमिकों को सरकार ने 25-25 हजार रुपये की सहायता राशि दी**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश एवं श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग की त्वरित पहल पर कैमरून के याउंडे में विनायक कंस्ट्रक्शन, फेस जेंडरमेरी, अप्रेस ऑडिटोरियम और जीन पॉल टू मबांकलो कंपनी में कार्यरत झारखंड के 27 श्रमिकों की बुधवार सबेरे सुरक्षित घर वापसी हो गई। मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बैद्यनाथ राम, मंत्री बेबी देवी, विधायक कल्पना सोरेन और विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने श्रमिकों के गिरिडीह पहुंचने पर उनका स्वागत किया। साथ ही सभी श्रमिकों को तत्काल 25-25 हजार रुपये की सहायता राशि दी। उन्होंने श्रमिकों से बात कर उनकी पूरी व्यथा जाना। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी मोबाइल से श्रमिकों से संवाद किया और उन्हें राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। श्रमिकों ने विकट परिस्थितियों में कैमरून से घर लौटने में मदद के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

### क्या है मामला

दक्षिण अफ्रीका में फंसे 27 श्रमिकों में बोकारो के 18, गिरिडीह के चार और हजारीबाग-पांच श्रमिक हैं। ये सभी श्रमिक इस वर्ष 29 मार्च से वहां काम कर रहे थे। उन्होंने 16 जुलाई को एक्स पर चार महीने से पारिश्रमिक बकाया रहने और वापस भारत लौटने की इच्छा जताई थी। मुख्यमंत्री ने इसकी जानकारी प्राप्त होते ही श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग को आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया। साथ ही पीओई, रांची को सचिव, श्रम विभाग की ओर से मामले पर संज्ञान लेने के लिए पत्र भेजा गया। पत्र के माध्यम से कामगारों को उनका बकाया पारिश्रमिक और उनके सुरक्षित झारखंड वापसी किस दिशा में पहल करने को कहा था।



### कंपनी से बात कर सभी का पारिश्रमिक भुगतान कराया

श्रम विभाग के तहत कार्यरत राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष द्वारा एलएंडटी कंपनी से संपर्क कर निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द श्रमिकों के बकाया पारिश्रमिक का भुगतान किया जाय। इस संबंध में कोलकत्ता हेड ऑफिस से संपर्क कर पुनः कैमरून को मामले से अवगत कराया गया। राज्य सरकार के इस पहल के बाद एल एंड टी कंपनी ने 17 जुलाई को सभी 27 श्रमिकों को तीन महीने के बकाया पारिश्रमिक के रूप में 30 लाख रुपये का भुगतान किया। श्रमिकों ने बकाया पारिश्रमिक मिलने की जानकारी वीडियो के माध्यम से राज्य सरकार को दी। कंपनी ने श्रमिकों को भारत वापस भेजने के लिए एयर टिकट की भी व्यवस्था की। इसके बाद 21 जनवरी को सभी श्रमिक वहां से भारत के लिए उड़ान भरे और 22 जुलाई को मुंबई पहुंचे। फिर ट्रेन से बुधवार सुबह झारखंड के पारसनाथ स्टेशन आए।

### श्रमिकों को वापस लाने के लिए युद्धस्तर पर हुआ प्रयास

श्रम सचिव मुकेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री का निर्देश था कि जितनी जल्दी संभव हो सभी प्रवासी श्रमिकों को झारखंड वापस लाया जाए। इसके लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए गए और अफ्रीका जैसे देश में भी 24 घंटे के अंदर नियोजकों से संपर्क स्थापित किया गया और सभी को उनके बकाया वेतन का भुगतान कराया गया। सबसे बड़ी बाधा थी अंतरराष्ट्रीय कानून और अन्य प्रक्रियाएं जिन्हें हर संभव प्रयास कर 8-9 दिनों में पूरी कराकर मजदूरों को सकुशल वापस लाया गया। सभी का पारसनाथ स्टेशन पर स्वागत किया गया और स्वदेश वापसी की बधाई दी। सभी को जलपान कराया गया और 25-25 हजार रुपए की सहायता भी दी गई। उनका स्वागत करने के लिए झारखंड सरकार के तीन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बेबी देवी और बैद्यनाथ राम के साथ गांडेय विधायक कल्पना सोरेन और सदर विधायक भी उपस्थित थे। सभी मजदूरों और उनके परिजन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# मंत्री, सचिव व अन्य अफसरों को मिलेगा मोबाइल व रिचार्ज कूपन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मंत्री व सचिव स्तर से लेकर जिला स्तर पर काम कर रहे सभी राजपत्रित कर्मियों को सरकार की ओर से हाईएंड मोबाइल फोन व प्रतिमाह रिचार्ज कूपन उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई झारखंड कैबिनेट यह निर्णय लिया गया। स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार मंत्रियों व अधिकारियों को 60 हजार रुपये तक का फोन व मंथली रिचार्ज 3000 रुपये तक दी जायेगी। मोबाइल फोन का जीवनकाल चार वर्षों तक रखा गया है। वहीं, विशेष सचिव सतर के अधिकारी 45000 रुपये तक का फोन खरीद सकेंगे व उनकी रिचार्ज के लिए प्रतिमाह 2000 रुपये दिया जायेगा। अपर सचिव व इससे न्यून पदाधिकारियों को 40,000 रुपये तक फोन व 1500 रुपये मासिक रिचार्ज, इसके अलावा उप सचिव व इसके नीचे के अधिकारियों को 35000 व अवर सचिव से नीचे स्तर के अधिकारियों को 30,000 रुपये फोन के लिए व क्रमशः 1000 रुपये व 750 रुपये मंथली रिचार्ज अमाउंट दिया जायेगा। बैठक में कुल 30 प्रस्ताव पास किए गए। कैबिनेट में सरकारी मेडिकल कॉलेज में संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए नियमावली की स्वीकृति दी गई। शैक्षणिक कार्य के लिए शिक्षकों की नियुक्ति दो वर्ष या अधिकतम 70 वर्ष (उम्र) तक की जा सकेगी। प्राध्यापक को 2.50 लाख रुपये सहायक प्राध्यापक को दो लाख व सहायक प्राध्यापक को 1.5 लाख रुपये दिए जाएंगे। वहीं सरकारी अस्पतालों के मरम्मत और रखरखाव के लिए 5 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष देने की स्वीकृति दी गई। बैठक में रांची के सरकारी भवनों से निकलने वाले ठोस अपशिष्ट का रीसाइकलिंग के लिए पायलट स्टडी कराया जाएगा, इसका डीपीआर बनाने के लिए सीएसआईआर दुगार्पुर को मनोनीत किया गया है।




**3000 से लेकर 750 रुपये तक के रिचार्ज कूपन भी मिलेंगे**

**60 से 30 हजार तक के मोबाइल पद के अनुसार दिए जाएंगे**

**झारखंड कैबिनेट की बैठक में 30 प्रस्तावों को मिली मंजूरी**

### कैबिनेट के अन्य फैसले

1. मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के लिए परिचय पत्र देने की स्वीकृति दी गई।
2. विधानसभा सदस्य स्टीफन मरांडी को 20 सूत्री कार्यक्रम समिति का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
3. झारखंड राज्य समाज कल्याण सलाहकार बोर्ड को विघटित किया गया है। इसके तीन कर्मियों को उपनिदेशक कल्याण छोटा नागपुर कार्यालय में समायोजित किया जाएगा।
4. राज्य के मुख्य सचिव ग्रामीण विकास वित्त विभाग कृषि विभाग कल्याण विभाग के अतिरिक्त उद्योग विभाग में भी कॉरपोरेट अधिकारियों की सेवाएं दी जा सकेगी।
5. गढ़वा में बरगढ़ हजारीबाग के सिकरी में पुलिस आउटपोस्ट केरडारी थाना में परगर और बड़का गांव में गुंडलपुर पोस्ट की प्रकृति दी गई।
6. राज्य कर्मियों का विभिन्न भक्तों में बढ़ोतरी की गई। श्रेणी के अधिकारियों को 27 प्रतिशत की बजाय अब 30 प्रतिशत, ८ में 18 फीसदी के बजाय 20 प्रतिशत और जेड श्रेणी में 10 प्रतिशत देने की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा परिवहन भत्ता, गेस्ट हाउस भत्ता होटल भत्ता इत्यादि में भी बढ़ोतरी की गई है।
7. झारखंड कारा सेवा और सुधार विधेयक 2024 की स्वीकृति दी गई।
8. एनपीएस टायर वन में पेंशन निधि और निवेश रिर्टन में संशोधन

शेष पेज 11 पर

*होटल में लग्जरी सुविधाओं के साथ 200 कमरे, बैंक्वेट और कॉन्फ्रेंस हॉल होंगे*

*60 वर्षों का होगा लीज, अवधि पूरी होने पर इसे 30 साल और बढ़ाया जाएगा*

# रांची में बनेगा विश्वस्तरीय सुविधाओं वाला ताज होटल

सरकार व टाटा समूह में हुआ एमओयू



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची कोर कैपिटल में टाटा समूह की ओर से विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले पांच सितारा 'ताज होटल' का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने द टाटा इंटरप्राइजेज की अनुषंगी इकाई 'द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड' को 6 एकड़ जमीन आवंटित की है। झारखंड मंत्रालय में होटल के निर्माण को लेकर बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन की उपस्थिति में नगर विकास एवं आवास विभाग और द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। कोर कैपिटल साइट-1 रांची स्मार्ट सिटी में बनने वाले इस होटल में लग्जरी सुविधाओं के साथ 200 कमरे, बैंक्वेट और कॉन्फ्रेंस हॉल सहित अन्य आवश्यक संरचनाएं होंगी। इस इलाके में जीआरडीए (ग्रेटर रांची डेवलपमेंट अथॉरिटी) की ओर से बिजली, जलापूर्ति आदि सुविधाएं सुनिश्चित की जाएगी। नगर विकास विभाग ने कुछ शर्तों के साथ होटल के लिए लीज मंजूर की है। करार के मुताबिक लीज 60 वर्षों के लिए होगा। यह अवधि पूरी होने पर और 30 वर्ष के लिए लीज का विस्तार किया जा सकेगा। होटल की कुल आय की 3.10 प्रतिशत राशि झारखंड सरकार को लीज रेंट के रूप में दी जाएगी।

शेष पेज 11 पर

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **8292553444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

### आज | कल






# नेपाल में विमान दुर्घटना, 18 मरे

**काठमांडू।** काठमांडू के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (टीआईए) पर बुधवार को उड़ान भरने के दौरान एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई, जब सौर्य एयरलाइंस का पोखरा जाने वाला विमान रनवे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रवक्ता प्रेमनाथ ठाकुर ने इस बात की जानकारी दी।

शेष पेज 11 पर

# स्पोर्ट्स इवेंट में परफॉर्म नहीं किया तो स्कूल टीचर ने 13 बच्चों को रॉड और बेल्ट से पीटा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची की गांधीनगर कॉलोनी स्थित डीएवी स्कूल के स्पोर्ट्स टीचर ने इंटर स्कूल इवेंट में बेहतर परफॉर्म नहीं करने पर 13 बच्चों को रॉड और बेल्ट से बेरहमीपूर्वक पिटाई की है। इनमें से कुछ बच्चों को गंभीर चोटें आई हैं। बुधवार को इन बच्चों के माता-पिता ने रांची के गोंदा थाने में लिखित शिकायत दी है। बच्चों के परिजनों ने स्कूल पहुंचकर प्रिंसिपल के सामने हंगामा भी किया। बच्चों की पिटाई करने वाले टीचर का नाम आयुष कुमार सिन्हा है। थाने में दी गई लिखित शिकायत के अनुसार, स्कूल के बच्चों की स्पोर्ट्स टीम 22 जुलाई को बोकारो में डीएवी के इंटर स्कूल स्पोर्ट्स में भाग लेने गई थी।

इवेंट में बच्चों का अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा। टीम जब बोकारो से रांची लौटी तो रात में स्पोर्ट्स टीचर आयुष ने बच्चों को स्कूल के कमरे में बंद कर बेल्ट और जंग लगे रॉड से पीटा। पिटाई करने के पहले उसने सीसीटीवी कैमरे को कपड़े से ढक दिया था। जिन बच्चों की पिटाई की गई है, उनकी उम्र 10 से 13 साल के बीच है। टीचर ने बच्चों को धमकी दी कि अगर पिटाई की बात किसी को बताई तो उन्हें स्कूल से बाहर कर दिया जाएगा। घर पहुंचकर बच्चों ने पैरेंट्स को इसकी जानकारी दी।


सांकेतिक फोटो.

- टीचर ने बच्चों को धमकी दी कि अगर पिटाई की बात किसी को बताई तो उन्हें स्कूल से बाहर कर दिया जाएगा।
- स्पोर्ट्स टीचर आयुष ने बच्चों को स्कूल के कमरे में बंद कर बेल्ट और जंग लगे रॉड से पीटा।

शेष पेज 11 पर

इंडिया

# उद्योग बनते निजी अस्पताल और मेडिकल वेस्ट का संदिग्ध निस्तारण



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अविभाजित बिहार के जमाने से ही निजी नर्सिंग होम को व्यवसाय का रूप दिया जाने लगा था और इसे बढ़ाने में कुशल सरकारी चिकित्सकों की बड़ी भूमिका थी जो बड़े सरकारी अस्पतालों में कार्यरत थे और ड्यूटी के पहले या बाद निजी प्रैक्टिस करते थे पर जैसे जैसे इसमें नेताओं का दखल शुरू हुआ तो सरकारी चिकित्सा व्यवस्था को कमजोर कर या उनकी सुविधाओं का दुरुपयोग कर तेजी से निजी अस्पताल और नर्सिंग होम खुलने लगे जिसमें एक दो बड़े सरकारी डॉक्टर होते थे और शेष उनके ही बच्चे या रिश्तेदार । कुछ नेताओं ने भी पूरी बेशर्मी से सरकारी अस्पतालों में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जिस कारण लाचार और गरीब मरीज भी जमीन गिरवी रखकर या बेचकर इन निजी अस्पतालों में इलाज करने लगे । यह अलग बात है कि जहां आज भी सरकारी अस्पताल लाखों गरीब लाचार मरीजों की जान बचाते हैं वहीं निजी अस्पताल न हों तो सरकारी अस्पतालों की बदहाली से कितने सुविधा संपन्न लोगों की भी जानें चली जाएं पर इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता कि पड़ोसी बंगाल और ओड़ीशा की तुलना में यहां के सरकारी अस्पतालों की हालत अधिक चिंताजनक है। दो दिन पहले राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स को पर्याप्त बुनियादी ढांचा उपलब्ध न कराने पर झारखंड हाईकोर्ट की खंडपीठ ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि सुविधाओं की कमी के कारण मरीज निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम में जाने को मजबूर हैं। इनमें से अधिकांश चिकित्सा केंद्रों के पास क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत आवश्यक उचित लाइसेंस नहीं हैं। स्वास्थ्य सेवा(हेल्थ) के बजाय निजी अस्पताल धन(वेल्थ) की देखभाल में लिप्त हैं। यहां उल्लेखनीय है कि रिम्स झारखंड सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है जिसे एम्स के समकक्ष बताया गया था । अदालत ने राज्य सरकार को यह बताने का निर्देश दिया कि उचित लाइसेंस के बिना चल रहे अस्पतालों और नर्सिंग होम के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है। स्थिति यह है कि राज्य में नर्सिंग होम एवं हॉस्पिटल से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के वैज्ञानिक निस्तारण की समुचित व्यवस्था नहीं है और राजधानी रांची कुछ अस्पतालों के कूड़े को कई बार पंडरा के आसपास मुख्य सड़क पर नगर निगम के ट्रैक्टर को बिना ढंके झिरी डंप यार्ड ले जाने के क्रम में रास्ते में कमड़े में सड़क पर बिखेरते हुए देखा गया है । सुनवाई के दौरान कोर्ट में स्वास्थ्य विभाग के डायरेक्टर इन चीफ ने मौखिक दावा किया है कि झारखंड के 1633 प्राइवेट और पब्लिक नर्सिंग होम से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट का निष्पादन कर दिया जाता है। कोर्ट ने उनके इस जवाब पर आश्चर्य जताते हुए मौखिक कहा कि झारखंड में नर्सिंग होम के निकट सड़कों पर मेडिकल वेस्ट फेंके रहते हैं, बायोमेडिकल वेस्ट का डिस्पोजल नहीं होता है। रिम्स जैसे संस्थान में भी मेडिकल वेस्ट अस्पताल के कॉरिडोर में फेंके रहते हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि प्राइवेट एवं पब्लिक नर्सिंग होम से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निष्पादन को कंट्रोल करने के लिए क्या कोई मेकैनिज्म है तो लोहरदगा में बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लान संचालित करने वाले हस्तक्षेपकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उन्होंने मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित कर लिया है लेकिन कोई नर्सिंग होम मेडिकल वेस्ट उठाव के लिए उनसे संपर्क नहीं करता है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मामले में डायरेक्टर इन चीफ,हेल्थ डिपार्मेंट को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा था कि झारखंड में संचालित कितने नर्सिंग होम एवं हॉस्पिटल निबंधित है, इनमें से कितने नर्सिंग होम अपने बायो मेडिकल कचरे के निष्पादन को लेकर बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़े हैं। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि झारखंड में अभी 5 स्थानों लोहरदगा रामगढ़ पाकुड़ धनबाद एवं आदित्यपुर में बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट चल रहे हैं,जबकि जबकि देवघर में अभी बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट बन रहा है। वस्तुस्थिति यह है कि रांची सहित झारखंड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में गलियों तक में हजारों की संख्या में निजी नर्सिंग खुल गए हैं जो अपने कथित नर्सिंग होम या अस्पतालों के कूड़े को सामान्य कूड़े की तरह नालियों में बहा रहे हैं या खुली जगह पर फेंक रहे हैं । सूत्रों के अनुसार इनमें से अधिकांश ने निबंधन नहीं कराया है जिसकी जांच होनी चाहिए। मरीजों से ये मनमानी फीस भी वसूलते हैं और इनके संदिग्ध इलाज से मरीजों की मृत्यु होने पर मारपीट तक हो जाती है ।



# एनआईए की छापेमारी में 36 लाख 30 हजार रुपये बरामद

नवीन मेल संवाददाता


**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 15 लाख के ईनामी नक्सली कमांडर रवींद्र गंझू से जुड़े ठिकानों पर बुधवार को छापेमारी की।




यह छापेमारी मैक्लुस्कीगंज स्थित जितेंद्र नाथ पांडेय और रोहित यादव के ठिकाने पर की गयी थी। सूत्रों ने बताया कि इस छापेमारी में एनआईए की टीम ने रोहित यादव के मैक्लुस्कीगंज स्थित आवास से 36 लाख 30 हजार रुपये बरामद किया है। एनआईए की टीम ने जितेंद्र नाथ पांडेय और रोहित यादव का मोबाइल भी जब्त किया है। एनआईए टेरर फंडिंग मामले की जांच के दौरान यह कार्रवाई की है। मैक्लुस्कीगंज के जितेंद्र नाथ पांडेय और ईंट भट्ठा कारोबारी रोहित यादव के घर और उनके चंदवा थाना क्षेत्र के निंद्रा स्थित चिमनी भट्ठा पर एनआईए की टीम लगभग सात घंटे तक रही।

एनआईए को सूचना मिली थी कि ये व्यवसायी कुख्यात नक्सली रवींद्र गंझू के लेवी-रंगदारी के रुपयों का निवेश करते हैं और उसका लाभ रवींद्र गंझू को पहुंचाते हैं। यह भी सूचना थी कि दोनों ही व्यवसायी रवींद्र गंझू के संपर्क में हैं। वहीं दूसरी ओर व्यवसायी रोहित यादव का कहना था की सारा पैसा कारोबार का है। उनके पास एक-एक पैसे का हिसाब है। उन्होंने एनआईए को भी पैसे का हिसाब दिया, फिर भी जांच एजेंसी सारा पैसा जब्त कर ले गई।

शेष पेज 11 पर





## एक नजर

### मोमिन कॉन्फ्रेंस का प्रतिनिधिमंडल मंत्री हफीजुल हसन से मिला

**रांची।** रांची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन से मिला। वहीं आवेदन सौंप कर मांडर प्रखंड अंतर्गत बिसहाखटंगा पंचायत के हारिल गांव के मुस्लिम कब्रिस्तान की घेराबंदी एवं टिगोई अंबाटोली पंचायत के हेसल घुघरी गांव के मुस्लिम कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने का अनुरोध किया । मंत्री हफीजुल हसन ने आश्वासन दिया कि इसी वित्तीय वर्ष में दोनों कब्रिस्तान की चारदीवारी एवं सुंदरीकरण का काम निश्चित रूप से प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में मोमिन कॉन्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद, अनवर अंसारी, इशरत अंसारी ,नसीम अंसारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### कमेटी के विस्तार को लेकर महासभा की बैठक

**रांची ।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा झारखंड कमेटी के विस्तार को लेकर बुधवार को दूर्वा में बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश महतो, प्रधान महासचिव प्रवीण सिंह, कोषाध्यक्ष लोकमान्य कुशवाहा और युवा अध्यक्ष डॉ प्रेम मौर्य शामिल हुए। बैठक में राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रवीण सिंह कुशवाहा ने कहा कि समाज से ही व्यक्ति की पहचान होती है इसलिए संगठन की मजबूती बहुत जरूरी है झारखंड में कुशवाहा समाज अगले विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर सभी राजनीतिक दलों से समुचित हिस्सेदारी लेगा।

### सड़क व चबूतरा निर्माण कार्य को मिली स्वीकृती

**बेड़ो ।** पूर्व प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने भसनंदा गांव में दो अलग-अलग सड़क एवं चबुतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि भसनंदा गांव में बजरंगबली मंदिर से दाशा मुंडा के घर तक एवं एतवा स्वांसी के घर के पास चबुतरा निर्माण कार्य की मांग गांव के ग्रामीण लंबे समय से कर रहे थे। उन्होंने मामले को संज्ञान में लिया और 15 वीं वित्त के मद से निर्माण का भरोसा दिलाया था। इस संदर्भ में 15 वीं वित्त के प्रखंड समन्वयक से वार्ता कर योजना को मंजूरी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस मामले में मुखिया लक्ष्मी कोया, पूर्व मुखिया सुनील कच्छप तथा महरू गांव के रशीद मीर के प्रयासों के बाद मंगलवार को शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## दो दिनों के अंदर चोरेया रोड का निर्माण कार्य शुरू होगा

**चान्हो।** बहुप्रतिक्षित चोरया रोड का निर्माण कार्य दो दिनों के अंदर शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही बहुत जल्द चलने लायक बना दिया जाएगा। बुधवार को सड़क का निरिक्षण करने पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता व सम्बंधित विभाग के पदाधिकारी चोरिया पहुंचर ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चोरिया रोड का निर्माण बहुत ही उच्च स्तरीय गुणवत्ता और एफडीआर टेक्निक से होना है। रांची जिला में दूसरा रोड इस प्रकार के टेक्नोलॉजी से बनने जा रहा है। साथ ही बहुत जल्द रोड को आवागमन के लिए सुगम बना दिया जायेगा। कार्य दो दिनों के अंतराल में प्रारम्भ कर दिया जायेगा। चोरया और आसपास के ग्रामीणों ने बन्धु तिर्की का आभार व्यक्त किया। बताते चले कि इस रोड का शिलान्यास लगभग पांच महीने पहले ही हो चुका था लेकिन अभी कार्य शुरू नहीं हुआ है। आए दिन इस रोड में घटना दुर्घटना होते रहते थे। चार दिन पहले ही एक बूढी महिला इस रोड में फिसल कर गिर गई थी और पैर में चोट भी आई थी। उसके बाद एक ऑटो पलट गया जिसमें ऑटो चालक बाल बाल बचे।

# छात्रों को शैक्षिक उन्नयन के लिए इमानदारी से कार्य करने की जरूरत : गुरु प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रातु डायट में संकुल साधनसेवियों के दो दिवसीय जिला स्तरीय ओरिएंटेंशन कार्यक्रम का बुधवार को समापन किया गया। अजीम जी प्रेमजी फाउंडेशन एवं डायट रातु के संयुक्त तत्वाधान में संकुल साधनसेवियों के उन्मुखीकरण कार्यशाला के दौरान विद्यालयों में चल रहे प्रोजेक्ट इंपैक्ट, प्रयास कार्यक्रम, प्रोजेक्ट रेल सहित विभिन्न विषयों पर चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के गुरु प्रसाद ने कहा कि छात्र-छात्राओं के शैक्षिक उन्नयन के लिए कार्य करने की जरूरत है। वहीं डायट की सोनाली मिंज ने कहा कि प्रोजेक्ट इंपैक्ट सहित अन्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं मोनिटेरिंग में संकुल साधनसेवियों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पहुंचे एडीपीओ कौशल किशोर ने रांची जिले को पूरे राज्य में पहले स्थान पर ले जाने के लिए संकुल साधनसेवियों को अपनी पूरी क्षमता लगाने के लिए प्रेरित किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । डायट रातु की सोनाली मिंज एवं अजीम जी प्रेमजी फाउंडेशन के गुरु प्रसाद तथा अनुप शुक्ला ने संकुल साधनसेवियों को विद्यालयों में प्रोजेक्ट इंपैक्ट के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं मोनिटेरिंग को बेहतर बनाने सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने अलग-अलग सत्रों में विभिन्न विषयों पर जानकारी दी और पुस्तकालय के संचालन, प्रोजेक्ट रेल के तहत विद्यालयों में बच्चों के शैक्षिक उन्नयन, प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत विद्यालयों का स्व-मूल्यांकन, एफएलएन स्तर के लिए भाषा की कक्षा तथा बुनियादी साक्षरता के मायने, ध्वनि जागरूकता की गतिविधियों सहित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

## निर्माणाधीन नाला में गंदगी का लगा अंबार



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय के बाहर निमार्णाधीन नाला में गंदगी का अत्यधिक जमावड़ा होने के कारण आस पास के दुकानदारों को बहुत परेशानी हो रही है। निमार्णाधीन नाला का काम दो सप्ताह से बंद पड़ा है। जिसके कारण मेन रोड में आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार द्वारा निमार्णाधीन नाला का काम में लापरवाही की जा रही है। रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी, एवं सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने निमार्णाधीन नाला का काम अतिशीघ्र पुरा करने व सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय के बाहर अत्यधिक गंदगी का जमावड़ा की सफाई करने की मांग की है।

## न्यूज | बॉक्स

### गुरु नानक भवन में शहीद भगत सिंह सम्मान 28 को

**रांची।** गुरु नानक सत्संग सभा के अनुषंगी संगठन गुरु नानक सेवक जत्थे द्वारा 28 जुलाई को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरु नानक भवन में शहीद भगत सिंह सम्मान समारोह किया जाएगा। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अजय छाबड़ा होंगे। जत्थे के सूरज झंडई ने बताया कि यह तीसरा आयोजन है और हर 2 वर्षों में आयोजित किया जाएगा। झारखंड के विभिन्न जिलों में मानव सेवा में लगे लगभग 70 लोगों को शहीद भगत सिंह सम्मान से सम्मानित किया जाएगा इस अवसर पर रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि कोविद कल में इस सामान समारोह की शुरूआत की गई थी। आयोजन को सफल बनाने के लिए सदस्यों में जिम्मेवारियां बांट दी गई है और तैयारी है चल रही है। कार्यक्रम की तैयारी में सूरज झंडई के अलावा रौनक ग्रोवर, हरविंदर सिंह मिड्ढा, करण अरोड़ा रुद्र गिरधर, हर्ष सरदाना, कशिश नागपाल, अनीश काठपाल, गीतांशु गांधी, वंश डाबरा, हर्षित बजाज, आयुष गांधी, गीतांशु तेहरी, पीयूष मिड्ढा, आयुष पपनेजा, आकाश पपनेजा सहित मौजूद थे।

### डीएवी सिल्ली के विद्यार्थियों ने नेशनल स्पोर्ट्स में लिया भाग



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार को डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल, रांची में नेशनल स्पोर्ट्स ( क्लस्टर लेवल - 5 ) का आयोजन किया गया। जिसमें डीएवी सिल्ली विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। इसमें यू-14 की टीम ने सिल्वर मेडल और यू-17 की टीम ने ब्रोंज मेडल जीता । कबड्डी की टीम यू-14 में गौरव , रिक , क्रिस , वर्ष , अनिमेष , तरुण , रौनक , और प्रेम शामिल थे। यू-17 में देवाशीष , शिवम, युवराज, हिमांशु , निकेश , राजदीप, मोहित और प्रियांशु शामिल थे । सभी बच्चे पुरस्कार पाकर बहुत प्रसन्नचित हुए। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बी. शरण ने बच्चो को प्रोत्साहित किया। इसमें स्पोर्ट्स शिक्षक विजय कुमार और शिक्षक मुकेश साहू ने बच्चों के अच्छे प्रदर्शन के लिए उन्हें मार्गदर्शित किया था। विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने गौरवान्वित महसूस किया कि हमारे विद्यालय के बच्चे स्पोर्ट्स में हमारे विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।

### गढ़वा, पलामू और लातेहार के डीसी हाईकोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए



**रांची।** ग्राम सेविकाओं द्वारा हाईकोर्ट में दायर याचिका पर गढ़वा, पलामू और लातेहार के उपायुक्त सर शरीर उपस्थित हुए। पलामू, गढ़वा और लातेहार में 10 ग्राम सेविकाओं की नियुक्ति को 24 साल बाद अचानक रद्द कर दिया गया। उसके बाद सभी ग्राम सेविकाओं ने नियुक्ति रद्द किए के खिलाफ और बकाया वेतन और सेवानिवृत्ति के लाभ को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था ।झारखंड हाईकोर्ट ने पिछले वर्ष उनकी याचिका स्वीकार करते हुए लंबित वेतन का भुगतान करने और सेवानिवृत्ति के लाभ देने का निर्देश तीनों जिलों के डीसी को दिया था, लेकिन अब तक आदेश का अनुपालन नहीं हुआ। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ. एस एन पाठक के कोर्ट में हुई। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए अदालत ने इन जिलों के उपयुक्त को उपस्थित होने का निर्देश दिया था। तीनों जिलो के उपयुक्त अदालत में उपस्थित हुए और उन्होंने कोर्ट को जानकारी दी कि दो सप्ताह में अदालत के आदेश का अनुपालन किया जायेगा। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता मनोज चौबे ने बहस की।

# श्री राणी सती मंदिर में सावन सिंधरा महोत्सव 28 को

**रांची।** श्री राणी सती मंदिर कमेटी द्वारा 28 जुलाई को श्री राणी सती मंदिर में सावन सिंधरा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 7:00 गणेश पूजन सह सिंधारा की पूजा होगी। 8:00 से मंगल पाठ दोपहर 1:00 से सुंदरकांड पाठ 4:00 बजे से भजन संकीर्तन और 4:00 बजे गजरा उत्सव के साथ मंगल सिंधारा होगा। मंदिर कमेटी के चंद्रकांत झुनझुनवाला ने बताया कि आयोजन को लेकर 14 जुलाई को कार्यकारिणी की बैठक में सावन सह सिंधारा महोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया था। आयोजन के लिए कई समितियां का गठन किया गया है। महोत्सव संयोजक दिनेश टेकरीवाल बनाए गए हैं जबकि सहसंयोजक अक्षय हरलाल का और दीपक गोयंका है। सिंगर की व्यवस्था रतन जलन द्वारा झांकी की व्यवस्था विमल झुनझुनवाला और विकास बंसल द्वारा की जाएगी चूड़ा चुनरी के प्रभारी अमर चौधरी सौरभ सरावगी और विभोर दगा बनाए गए हैं मंगल पाठ श्याम अग्रवाल, आयुष नारसरिया और गुड्डू सिंघानिया की देखरेख में होगा। मंगल पाठ के प्रभारी प्रदीप नारसरिया और श्याम अग्रवाल बनाए गए हैं। नैवेद्य भोग मनोज जालान विमल झुनझुनवाला और प्रदीप लोहिया की देखरेख में लगाया जाएगा।

# सीएम ने बिलियन इंप्रेशंस का विधिवत किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को भगवान बिरसा मुण्डा स्मृति पार्क, रांची में निर्मित बिलियन इंप्रेशंस का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री हफीजुल हसन, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल, सीईओ-सह-प्रबंध निदेशक टाटा स्टील टी० वी० नरेन्द्रन सहित राज्य सरकार एवं टाटा स्टील के अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डाक चौपाल का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली प्रखंड अंतर्गत लुपुग पंचायत भवन में एक दिवसीय डाक चौपाल का आयोजन बुधवार को किया गया। इसका उद्घाटन पंचायत के मुखिया शर्मिला देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर पूर्वी अनुमंडल रांची के डाक निरीक्षक सिकंदर प्रधान उपस्थित थे। ग्राहकों को संबोधित करते हुए सिकंदर प्रधान ने कहा कि सरकार के द्वारा पोस्ट ऑफिस विभाग में बहुत सारी योजनाएं लाई गई है जिससे ग्राहकों को सीधे तौर पर योजनाओं का लाभ मिलेगा अब उन्हें बैंक के चक्कर काटने नहीं पड़ेंगे। जैसे ग्रामीण डाक जीवन बीमा, बैंकिंग सेवा, सुकन्या समृद्धि योजना, एस वो आरडी, टीडी,केभीपी आदि की जानकारी दिया गया। दूसरी ओर लगभग 50 ग्राहकों ने अपने-अपने खाता पोस्ट ऑफिस में खुलवाया। साथ ही साथ स्वच्छता का शपथ भी कर्मचारियों ने लिया एवं योजना का लाभ लिया। इस मौके पर डाक विभाग के ओवरसियर अरुण कुमार साहू, मुकेश कुमार, कलेवर महतो आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

## एसोसिएशन ने नगर आयुक्त के बयान का किया विरोध

**रांची ।** रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन नगर निगम आयुक्त द्वारा माल वाहकों के लिए नई व्यवस्था लागू करने संबंधी दिए गए बयान का विरोध किया है। इस मुद्दे को लेकर जल्द ही संगठन के पदाधिकारी का प्रतिनिधिमंडल नगर निगम आयुक्त से मिलेगा। एसोसिएशन के प्रवक्ता सुनील सिंह चौहान ने बताया कि नई व्यवस्था से परिवहन व्यवसाय ही नहीं रांची की व्यावसायिक गतिविधियां प्रभावित होंगी इसलिए इस मामले में पुनर्विचार किया जाए। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था से दैनिक प्रयोग की वस्तुएं महंगी हो जाएगी। माल वाहक ही प्रभावित नहीं होंगे बल्कि चालक मजदूर सभी के समक्ष रोटी रोजी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। एक माल वाहक मलिक बाजार से ऋण लेकर वाहन खरीद कर परिवार का भरण पोषण करता है।

# यूनियन बैंक ने एनपीए अनुपात को किया कम




**रांची ।** राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति झारखंड की बैठक में राज्य के सभी बैंकों को एनपीए अनुपात कम करने का निर्देश दिया जाता है। बावजूद इसके बैंकों का एनपीए अनुपात कम नहीं होता। लेकिन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने एनपीए अनुपात कम कर नया रिकॉर्ड बनाया है। बैंक का एनपीए अनुपात पहली तिमाही में एक दशक से भी अधिक समय के निचले स्तर पर पहुंच गया है। राज्य के स्वामित्व वाले ऋण दाता ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कर के बाद अपने लाभ में 13.68 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है जो 3679 करोड़ रुपए है। इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के लिए गैर निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात 1 दशक से भी अधिक समय के निचले स्तर पर आ गया है। बैंक का शक्ल गैर निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात चालू वित्त वर्ष में 4.54 प्रति प्रतिशत रहा जो 10 साल के निचले स्तर पर है और शुद्ध गैर निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात अर्थात एनपीए 0.90% रह गया है जो पिछले 14 साल का निचला स्तर है। सकल एनपीए अनुपात पिछली बार 2014 में इस स्तर से भी नीचे चला गया था और शुद्ध एनपीए अनुपात इससे नीचे मार्च 2010 में देखा गया था। बैंक प्रबंधन को उम्मीद है कि इस वित्त वर्ष के अंत तक सकल एनपीए अनुपात 4% से भी नीचे पहुंच जाएगा।

# कांग्रेस विधायक दल की बैठक में मानसून सत्र को लेकर बनी रणनीति

**रांची।** कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुधवार को सर्किट हाउस में हुई। बैठक में उपस्थित विधायकों ने बारी-बारी से अपनी बातों को रखा तथा सरकार के कार्यों एवं लोकसभा चुनाव के संदर्भ में विस्तृत रूप से चर्चा की और आगामी विधानसभा चुनाव में सिर्फ अपने क्षेत्र में ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्र में भी इंडिया के उम्मीदवारों को मजबूती प्रदान करने पर बल दिया। बैठक में विधानसभा सत्र को लेकर चर्चा की गई। साथ ही कांग्रेस के विधायक दल के नेता को लेकर भी चर्चा हुई। सत्र के दौरान विपक्ष के सवालों को किस प्रकार जवाब दिया जाए। इन तमाम चीजों को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। आगामी विधानसभा चुनाव और विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर भी रणनीति बनायी गयी। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि दो दिनों बाद विधानसभा का सत्र प्रारंभ होने वाला है। विपक्ष के पास मुद्दे नहीं है वह मुद्दे बनाना चाहती है, उन्हें मौका नहीं देना है। उन्होंने विधायकों को निर्देश देते हुए कहा कि आपको सिर्फ अपने क्षेत्र तक ध्यान नहीं देना है बल्कि अपने क्षेत्र के अंदर आने वाले जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र को साधना है ताकि सरकार के कार्य और कार्यक्रम जनता तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि झारखंड में विपक्ष के हौसले पस्त हैं, रही सही कसर केंद्रीय बजट में झारखंड की उपेक्षा ने कर दिया है।

## बार व रेस्टोरेंट में 21 वर्ष से कम आयु वर्ग वाले युवाओं के प्रवेश पर रोक

**रांची।** झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्वल प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में बाल अधिकार एवं सुरक्षा से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सहायक आयुक्त उत्पाद, बाल कल्याण समिति, श्रम अधीक्षक-2, रांची/सीएसआर एवं अन्य संबधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बाल संरक्षण के मुद्दों पर संबंधित पदाधिकारियों के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए उज्वल प्रकाश तिवारी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।

## लापुंग में नुक्कड़ नाटक से दी गयी योजनाओं की जानकारी

# झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना से ग्रामीणों को मिलेगी राहत, बनेंगे आत्म निर्भर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के आर्देशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी लापुंग के द्वारा चिह्नित गांवों एवं बाजारों में न्यू झारखंड कला संगीत सृजन केंद्र रांची के कलाकारों द्वारा प्रचारात्मक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जा रही है । कार्यक्रम के तीसरे दिन लापुंग प्रखंड के मालगो एवं लालगंज बाजार में गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सर्वजन पेंशन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना आदि विषयों में सघन प्रचारात्मक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां की गई। इस योजनाओं से ग्रामीणों को काफी लाभ होगा और आत्मनिर्भर भी बनेंगे। दल के कलाकारों में मुख्य रूप से दलसचिव लक्ष्मीनाथ महतो, राजेश बड़ाइक, योगेंद्र गोप, देवनाथ महली, ज्योति टोप्पो, किरण कुमारी, गीता कुमारी, सावित्री कुमारी इत्यादि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# प्रतिगामी और आर्थिक संकुचनकारी बजट है : बृंदा कारात

**रांची।** माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य बृंदा कारात ने कहा कि केंद्रीय बजट प्रतिगामी और आर्थिक संकुचनकारी बजट है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी के ऊंचे स्तर, खाद्य मुद्रास्फीति की ऊंची दर, असमानताओं के अभूतपूर्व तरीके से बढ? और निजी निवेश के धीमा पड? जैसी आर्थिक सच्चाइयों के संदर्भ में, बजट को आर्थिक गतिविधियों के विस्तार पर खुद को केंद्रित करना चाहिए था। इसके बजाए, इसके प्रस्ताव आर्थिक संकुचनकारी और प्रतिगामी हैं। यह जनता पर और तकलीफें ही थोपेगा और निवेश के तथा रोजगार निर्माण के स्तरों को नीचे बैठाएगा। करात बुधवार को पार्टी बुंडू में संवाददाता सम्मेलन में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि बजट के आंकड़े दिखाते हैं कि सरकार की राजस्व आय में 14.5 फीसद की बढ़ोतरी हुई है, जबकि उसके खर्चों में सिर्फ 5.94 फीसद की बढ़ोतरी की गयी है। इन राजस्वों को आर्थिक गतिविधियों का विस्तार करने के लिए इस्तेमाल करने के बजाए, इसका इस्तेमाल राजकोषीय घाटे को कम करने, उसे जीडीपी के 5.8 फीसद से घटाकर 4.9 फीसद करने के लिए किया गया है, ताकि अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय पूंजी को खुश किया जा सके।

# सावन माह में भगवान श्रीराम की भी पूजा करें

**सिमरन नवल**



सावन का महीना चल रहा है। श्रद्धालु जानते हैं कि सावन माह भगवान महादेव को समर्पित है। सावन में श्रद्धालु महादेव का जलाभिषेक करते हैं महा रुद्राभिषेक भी करते हैं और पूजा करते हैं। लेकिन उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि बिना राम नाम जपे शिव की भक्ति नहीं मिलती है। प्रमुख ज्योतिषियों और पुजारी की माने तो आज भी अधिकांश श्रद्धालु इस बात से अनभिज्ञ है कि सावन में भगवान महादेव के साथ भगवान श्री राम की भी पूजा करनी है। भोले बाबा को प्रसन्न करने के लिए राम की पूजा जरूरी है। भगवान शिव केवल अपने आराध्य राम की सेवा की खातिर ही हनुमान जी के रूप में अवतरित हुए और उन्होंने साबित कर दिया की तीनों लोक में उनसे बड़ा राम भक्त कोई दूसरा नहीं है। सावन के महीने में श्रद्धालुओं को रामचरित्र मानस का पाठ भी करना चाहिए। श्री राम जानकी तपोवन मंदिर के महंत ओम प्रकाश शरण कहते हैं कि महादेव भी प्रभु श्री राम की पूजा से प्रसन्न होते हैं। श्रद्धालु अपनी आस्था के अनुसार भोले बाबा को प्रसन्न करने के लिए शिवलिंग पूजन नित्य दर्शन जलाभिषेक और कावड़ यात्रा निकलते हैं। भोले बाबा को प्रसन्न करने के लिए भक्तों के मन में यदि क्षणिक भी भक्ति है तो उन्हें प्रसन्न करना बहुत आसान है। शिव मंत्र ओम नमः शिवाय और श्री राम जय राम जय जय राम मंत्र का उच्चारण कर शिव को जल चढ़ाना चाहिए। आचार्य पंडित प्रणव मिश्रा का कहना है कि भगवान शिव केवल अपने आराध्य राम की सेवा की खातिर ही हनुमान जी के रूप में अवतरित हुए और उन्होंने यह साबित कर दिया कि तीनों लोक में उनसे बड़ा राम भक्त कोई दूसरा नहीं है। राम उपासक बनकर शिव कृपा आसानी से पाई जा सकती है इसलिए शिव भक्तों को सावन में राम नाम जपते रहना चाहिए। सावन में रामचरितमानस का पाठ करना चाहिए। सर्जना चौक स्थित श्री राम मंदिर के पुजारी पंडित विद्या भूषण मिश्रा कहते हैं कि शिव भक्ति और उनकी कृपा पाने के लिए सावन में भोलेनाथ के साथ प्रभु श्री राम को भी किसी न किसी रूप में जोड़ देना चाहिए। भगवान महादेव प्रसन्न होंगे क्योंकि राम रामेति रामेति रमे रामे मनोरमें। सहस्त्र नाम ततुल्य राम नाम वाराणने। शंकर पार्वती संवाद के अनुसार राम नाम विष्णु सहस्त्रनाम के समान फलदाई है। रामचरित्र मानस में कई ऐसे दृष्टांत हैं जिनमें शिव बिना राम और राम बिना शिव के अधूरे हैं। शिव अवतार हनुमान जी को तुलसी की 108 पत्तियों में श्री राम लिखकर शिव को अर्पित करनी चाहिए।

## वनवासी कल्याण केंद्र के कोचिंग सेंटर में नामांकन प्रक्रिया शुरू

**रांची।** प्रशासनिक सेवा की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा संचालित 'निर्माण' निःशुल्क कोचिंग संस्थान में दसवें सत्र के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रतिभावान और आर्थिक रूप से कमजोर जनजाति एवं अन्य वर्ग के विद्यार्थी, जो जेपीएससी या अन्य राज्य प्रशासनिक सेवा परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, उनके लिए यहां पर निःशुल्क कोचिंग दी जाती है। इच्छुक विद्यार्थी वनवासी कल्याण केंद्र के प्रशासनिक कार्यालय से फॉर्म प्राप्त करके आगामी 20 सितंबर तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदकों के लिए लिखित चयन परीक्षा 22 सितंबर को होगी।

## डीएवी हेहल में क्लस्टर लेवल-5 के दूसरे दिन कई प्रतियोगिताएं हुईं



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल,रांँची में डीएवी स्पोर्ट्स-2024 'क्लस्टर लेवल-5' की प्रतियोगिताओं का दूसरा दिन बालिका वर्ग हेतु 14,17 एवं 19 के अंतर्गत, शूटिंग, कबड्डी एवं वॉलीबॉल जैसी खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन-'जे' से सम्बंधित डीएवी के सात विद्यालयों के खिलाड़ियों ने अलग-अलग खेलों में भाग लिया। एस के मिश्रा असिस्टेंट रिजिनल ऑफिसर डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन-'जे' सह क्लस्टर इंचार्ज ने बालिका वर्ग के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि उम्मीद है कि इस बार स्टेट एवं नेशनल स्तर पर डीएवी झारखण्ड जोन-'जे' के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहेगा।

### ऑनलाइन प्रेस वार्ता में बोले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

# झारखंड में रेल के विकास के लिए फंड की कमी नहीं

*बजट में रेलवे ने झारखंड को दिए हैं 7,302 करोड़ रुपये*

*57 स्टेशन 'अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत विकसित होंगे*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



केंद्र सरकार ने आम बजट मंगलवार को पेश किया। इस बजट में रेलवे ने झारखंड को 7,302 करोड़ रुपये दिए हैं। वहीं, 52,885 करोड़ रुपये झारखंड में रेलवे संबंधित कार्य में विकास के लिए खर्च किए जाएंगे। झारखंड के 57 रेलवे स्टेशन को 'अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत विकसित किया जाएगा। झारखंड में 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। ये बातें भारत के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऑनलाइन प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि झारखंड की आकांक्षाओं के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काम कर रहे हैं। झारखंड में रेल के विकास के लिए जितना काम करना है, करें। फंड की कोई कमी नहीं है। रांची डीआरएम ऑफिस में रेल मंत्री की प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया था। इसमें मुख्य रूप से रांची रेलमंडल के डीआरएम उपस्थित थे। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष 2024-25 के बजट में झारखंड के पड़ोसी राज्य बिहार को 10,033 करोड़ और पश्चिम बंगाल को 13,941 करोड़ रुपये दिए गए हैं। 60 सालों में केवल घोषनाएं होती थीं, काम कुछ भी नहीं होता था। मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में काम किया है। रेल मंत्री ने कहा कि भारत में 140 करोड़ की जनसंख्या है। इसके लिए लगातार काम करना है। ये काम 1980 में शुरू होता, तो अब तक पूरा हो गया होता। छठ-दिवाली के लिए 12,000 स्पेशल ट्रेनों को चलाया गया था। इंजन एवं कोच के प्रोडक्शन का काम भी चल रहा है। रेल कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। रेलवे में बहाली भी की गई, लेकिन कहीं कोई शिकायत नहीं आई। डीआरएम जसमित सिंह बिंद्रा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में 2,62,000 करोड़ रुपये का एलोकेशन किया गया है। इससे पहले इतनी राशि नहीं मिलती थी। भारत में रेलवे सेफ्टी के लिए 1,08,000 करोड़ रुपये अलग से दिए गए हैं। रेल नेटवर्क का विस्तार पहले 4 किलोमीटर प्रति प्रतिदिन हुआ करता था, वह अब 14.5 किलोमीटर प्रति दिन की रफ्तार से हो रहा है। भारत में हर साल 700 करोड़ लोग रेल से यात्रा करते हैं। इनमें अधिकतर निम्न वर्ग के लोग होते हैं। उनके लिए जनरल कोच बढ़ाने की बात हो रही थी। इसके लिए 10,000 नए जनरल कोच तैयार किए जा रहे हैं। डीआरएम ने कहा कि रेलवे ने पिछले 10 सालों में 5 लाख नौकरियां दी हैं। वहीं, झारखंड में 100 प्रतिशत विद्युतीकरण का काम हो चुका है। नए-नए टाइप की गाड़ियों का एलोकेशन किया जा रहा है। अगर हम झारखंड की बात करें, तो इस बार 7,302 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं। यह पहले के तुलना में 16 गुना ज्यादा है। वहीं, झारखंड में 57 रेलवे स्टेशन को 'अमृत भारत स्टेशन' के तहत बनाया जा रहा है। रांची रेल मंडल में कुछ प्रोजेक्ट जो पहले से चल रहे हैं, उसकी रफ्तार और बढ़ाई जाएगी। रांची से राउरकेला जाने वाली लाइन का डबलिंग किया जा रहा है। इसका काम लगभग हो चुका है। केवल अब 58 किलोमीटर का ही काम बचा हुआ है।

**ये रहे शामिल**

डीआरएम जसमित सिंह बिंद्रा, एडीआरएम हेमराज मीणा, सीनियर डीसीएम निशांत कुमार, मंडल अभियंता रमेश सिंह, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पांडेय और पीआईबी के कार्यालय प्रमुख गौरव पुष्कर।

# स्कूल में निःशुल्क दंत जांच शिविर लगाया गया



**रांची।** जेसीआई रांची यूथ ने शहर के सेंट एलॉयसिस उच्च विद्यालय में निःशुल्क दांत जांच शिविर का आयोजन किया गया। जेसीआई रांची यूथ की अध्यक्ष अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर के दौरान विद्यालय में पढ़ने वाले लगभग 1000 छात्राओं का मुंह एवं दांत की जांच की गई। छात्राओं के मुंह एवं दांत की जांच ओरल डेंटल के विशेषज्ञ दंत चिकित्सक डा. स्वाति प्रभात ने की। जांच के दौरान छात्राओं को मुंह एवं दांतों के देखभाल एवं रोगों से बचाव के लिए उचित परामर्श दिया गया। चिकित्सकों की टीम ने छात्राओं को मुंह एवं दांत में होने वाली बिमारियों एवं इसके रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया। दांतों की देखभाल के लिए विशेष रुप से जानकारी दी गई।

## नगर निगम व एनसीसी कैडेटों ने किया पौधरोपण

**रांची ।** बुधवार को रांची नगर निगम के नगर आयुक्त अमित कुमार के निर्देश पर संत जेवियर कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत रांची नगर निगम, रिलेशंस एव 1/3 कंपनी एनसी सी के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के तहत सेमिनार आयोजित किया गया। साथ ही साथ विद्यार्थियो के साथ कॉलेज प्रांगण में वृक्ष भी लगाया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच सैकड़ों वृक्ष का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया।

# सभी प्राइवेट अस्पतालों को ब्लड डोनेशन कैंप लगाना अनिवार्य : सिविल सर्जन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी में उपलब्ध चिकित्सा सेवा का उपयोग रांची निवासी और बाहर के लोग दोनों करते हैं। सर्जरी, चोट-चपेट में इलाज के दौरान मरीजों को ब्लड की आवश्यकता होती है। इस स्थिति में मरीज के लिए किसी भी हाल में ब्लड की कमी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी अस्पतालों को ब्लड डोनेशन कैंप लगाना आवश्यक है। सदर अस्पताल रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि वर्ष में तीन बार, चार-चार महीने के अंतराल में सभी प्राइवेट अस्पतालों को ब्लड डोनेशन कैंप लगाना अनिवार्य है। इससे किसी भी अस्पताल को ब्लड की कमी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## दो अस्पताल कर रहे हैं धांधली



राजधानी रांची के दो बड़े अस्पतालों की धांधली की पोल खुल रही है। आलम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर और सैमफोर्ड सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में महीनों से सरकारी ब्लड बैंक का ब्लड नहीं लिया जाता है। मरीजों के परिजनों को डराया जाता है कि सरकारी ब्लड बैंक से ब्लड लाएंगे, तो कुछ होने पर जिम्मेदारी आपकी होगी। ये अस्पताल जिस जगह से बोलते हैं, मरीज के परिजन वहीं से ब्लड खरीदने को विवश हैं। इस तरह, ब्लड की ब्लैकमार्केटिंग का खुला खेल चल रहा है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने सदर अस्पताल रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार से सवाल पूछा। सिविल सर्जन ने कहा कि सरकारी अस्पताल में ब्लड बैंक के प्रबंधन की अच्छी व्यवस्था है और यह व्यवस्था सभी मानकों पर खरी उतरती है। कुछ हॉस्पिटल भ्रम फैलाकर ब्लड की ब्लैकमार्केटिंग कर रहे हैं।

## डीएसपीएमयू में ट्राइबल हेरिटेज कॉन्क्लेव 27 और 28 को

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में आईक्यूएसी और हेरिटेज सोसाइटी के तत्वावधान में दो दिवसीय ट्राइबल हेरिटेज कॉन्क्लेव का आयोजन आगामी 27 और 28 जुलाई को किया जाएगा। इसमें देश के प्रतिष्ठित संस्थानों और विवि के लोग जनजातीय संस्कृति और विरासत पर प्रकाश डालेंगे। इस संबंध में विवि के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी जनजातीय संस्कृति और उसकी विरासत को सहेजें, संरक्षित करें और नई पीढ़ी को उससे अवगत कराएं। यह दो दिवसीय ट्राइबल हेरिटेज कॉन्क्लेव उसी दिशा में एक प्रयास है, जहां देश के विषय विशेषज्ञ इतिहास, दर्शनशास्त्र, साहित्य, कला, पर्यटन और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आपसी विमर्श और संवाद स्थापित करेंगे, जिससे इस कॉन्क्लेव की समाप्ति के बाद कई सार्थक निष्कर्षों पर पहुंचा जा सके।

# रांची में चिकित्सा मापदंड का पालन नहीं कर रहे कई अस्पताल और नर्सिंग होम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में हॉस्पिटल, नर्सिंग होम और पैथलैब की संख्या बड़ी तेजी से बढ़ती जा रही है। सेवा के क्षेत्रों की संख्या में वृद्धि होना विकास की पहचान है, मगर जब यह सिर्फ मेवा खाने का रास्ता बन जाए, तो विकास की परिभाषा ही बदल जाती है। ऐसा ही कुछ मंजर राजधानी की चिकित्सा व्यवस्था में देखने को मिल रहा है। राजधानी में अनेक हॉस्पिटल, नर्सिंग होम और पैथलैब बिना पंजीकरण के ही चल रहे हैं। एस्टैब्लिशमेंट एक्ट के नियमों का पालन ये नहीं कर रहे हैं। इस बात का संज्ञान झारखंड हाई कोर्ट ने लिया है और राज्य सरकार से सवाल पूछे हैं कि एस्टैब्लिशमेंट एक्ट के नियमों का पालन नहीं करने वाले हॉस्पिटल, नर्सिंग होम और पैथलैब पर कितना जुमार्ना लगाया गया है। विदित हो कि राजधानी में एस्टैब्लिशमेंट एक्ट को दरकिनार कर अनेक हॉस्पिटल, नर्सिंग होम और पैथलैब चल रहे हैं।

*राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से उठाया था एस्टैब्लिशमेंट एक्ट का मामला*



सभी मानकों का पालन करें निजी अस्पताल : डॉ प्रभात

मनोज मिश्रा

रांची। रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि क्लीनिकल एस्टैबलिशमेंट एक्ट के तहत ही सभी प्राइवेट हॉस्पिटल एवं क्लीनीक खुलने चाहिए। सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों का सख्ती से पालन होना चाहिए। सभी मानकों पर अस्पताल प्रबंधन को खरा उतरना होगा। राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता से बात करते हुए डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि सभी अस्पताल अपनी वेबसाइट पर डॉक्टरों से संबंधित जानकारी का उल्लेख अवश्य करें। सभी अस्पताल दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए अपने वार्डों, ओपीडी शुल्क आदि लिख दें। शुल्क संबंधी जानकारी दीवार पर लिखे होने से मरीज एवं उनके संबंधियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। इससे मरीज एवं अस्पताल प्रबंधन के बीच किसी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। फिर भी किसी प्रकार का विवाद होता है, तो सदर अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय में शिकायत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मामले अगर आपराधिक हों, तो संबंधित थाने में शिकायत करनी चाहिए। अल्ट्रासाउंड करने के लिए कुछ निजी अस्पतालों एवं क्लीनिकों को लाइसेंस निर्गत किया गया है। जिनके पास लाइसेंस नहीं है, वे अल्ट्रासाउंड करेंगे, तो उनपर कानूनी कारवाई होगी। बायोमेडिकल वेस्ट किसी भी अस्पताल में जमा नहीं होने चाहिए। अस्पताल प्रबंधन को इस पर हमेशा ध्यान रखना चाहिए।

वेबसाइट पर डॉक्टरों से संबंधित जानकारी का उल्लेख अवश्य करें।

शुल्क संबंधी जानकारी अवश्य दीवार पर लिखे होने चाहिए।

इस विषय को राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से उठाया था और रांची सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार से सवाल भी पूछे थे।

# मारवाड़ी बालिका प्लस टू विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



अपर बाजार स्थित शिवनारायण मारवाड़ी बालिका प्लस टू विद्यालय में विद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। यह विज्ञान प्रदर्शनी विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या वर्षा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस वर्ष प्रदर्शनी का थीम समाज के लिए विज्ञान व प्रौद्योगिकी रखा गया है। राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में कुल 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चियों ने एक से बढ़कर एक विज्ञान से संबंधित प्रोजेक्ट का निर्माण कर उसकी व्याख्या कर लोगों को बताया। बच्चियों को विज्ञान प्रदर्शनी में विज्ञान की शिक्षिका निवेदिता मोइत्रा, लतिका मिश्रा, नसीमा बानो, आभा एक्का व कविता कला ने सहयोग व मार्गदर्शन किया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्या वर्षा व विज्ञान शिक्षिका निवेदिता मोइत्रा ने विद्यार्थियों का आकलन विभिन्न स्तरों पर किया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में रिया रानी ने मेंस्ट्रुअल साइकिल का वर्किंग माडल का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त की। जबकि प्लास्टोस्कोप वेस्ट से माइक्रोस्कोप बना कर रिया व पूजा द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं ट्रैफिक में फंसे एंबुलेंस को आगे जाने का सिस्टम बनाकर द्वितीय स्थान पर रही। तृतीय स्थान पर सेनेटरी नेपकिन डिस्पोजल सिस्टम बनाने वाली निशा रानी व अल्पना का ग्रुप रहा।

# आजसू छात्रसंघ ने विश्वविद्यालय और कॉलेज कमेटी का किया विस्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू छात्रसंघ की बैठक बुधवार को आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में हुई। बैठक के मुख्य अतिथि आजसू छात्रसंघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा थे। बैठक में संगठन की मजबूती और विस्तार, सदस्यता अभियान, कॉलेज कमेटी, विश्वविद्यालय कमेटी का पुनर्गठन व आगामी कार्यक्रम आदि विषयों पर चर्चा गई।

बैठक में रांची विश्वविद्यालय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) और कॉलेज कमेटी का विस्तार किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, सौरभ शर्मा, अरविंद सेठ, आशुतोष सिन्हा, दीपक महतो, पाठक करण, जय यादव, नीलाभ रत्न, अंजू तिर्की, हनी, सरस्वती, पूजा, सुशांत, अमर गुप्ता, संटू कुमार आदि उपस्थित थे।



**डीएसपीएमयू कमेटी**

अध्यक्ष : आनंद यादव, कार्यकारी अध्यक्ष : राजेश सिंह, वरीय उपाध्यक्ष : अंकित सिंह, उपाध्यक्ष : राहुल यादव, महासचिव : बबलू मंडल, कोषाध्यक्ष : पियूष पाठक, सह कोषाध्यक्ष : मुकेश कुमार, संयुक्त सचिव : निशांत कुमार, मीडिया प्रभारी : आदित्य कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी : करण कुमार।

**रांची विवि के लिए संयोजक मंडल गठित**

सौरभ शर्मा, अरविंद सेठ, अर्जुन एवं सुशांत झा।

**कॉलेज प्रभारी एवं संयोजक मंडल**

मारवाड़ी कॉलेज : पवन सिंह, सक्षम झा, अभिषेक चौधरी, अभिषेक प्रजापति, आर्यन कुमार।

रामलखन कॉलेज : अमर कुमार, परवेश कुमार।

एसएस मेमोरियल कॉलेज : हनी, करण पाठक।

डोरंडा कॉलेज : नीलेश सिंह।

योगदा कॉलेज : सरस्वती कुमारी।

निर्मला कॉलेज : पूजा कुमारी।

वीमेंस कॉलेज : संगम कुमारी, अंशुल कुमार।

गोस्सनर कॉलेज : प्रशांत महतो।

# न्यूज बॉक्स

## मुख्यमंत्री से मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर ने की मुलाकात



**रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर (जीओसी, 23 इन्फेंट्री डिवीजन, दीपाटोली) ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को उन्होंने 28 जुलाई से जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जमशेदपुर में आयोजित हो रहे डूरंड कप फुटबॉल टूनार्मेट के ओपनिंग सेरेमनी में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।**

## रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया पुस्तक विमोचन



**रांची ।** रांची विश्वविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में बुधवार को कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने पूर्व प्रोफेसर डॉ निखिल रंजन रॉय द्वारा लिखित दो पुस्तकों का विमोचन किया। 'परमाणु भौतिकी' और 'क्वांटम गणना के तत्व' पुस्तक के सह लेखक विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रोफेसर राकेश पांडे और बीआईटी मेसरा के प्रोफेसर कुंतल मुखर्जी हैं। 'परमाणु भौतिकी' की पुस्तक स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के लिए उपयुक्त है। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू प्रो सुदेश कुमार साहु, कुलसचिव बिनोद नारायण, डिप्टी कुलसचिव डॉ प्रीतम कुमार, साइंस डीन डॉ अरुण कुमार, मारवाड़ी कॉलेज के प्रचार्य डॉ मनोज कुमार, डॉ सुनील कुमार सिंह, डॉ एसके डे, डॉ स्मृति सिंह, डॉ राज कुमार सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## बाल सुधार गृह से फरार तीन नाबालिगों को पुलिस ने पकड़ा

**रांची।** राजधानी के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत डूमरदगा स्थित बाल सुधार गृह से फरार तीन नाबालिगों को पुलिस ने पकड़ लिया है। तीनों बुधवार को बाल सुधार गृह की दीवार फांदकर फरार हो गए थे। मामले की जानकारी मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों बाल बंदियों को पकड़कर बाल सुधार गृह को सौंप दिया। दो को उनके घर से और एक को बाल सुधार गृह के समीप से पकड़ा गया है। सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि तीनों फरार बाल बंदियों को पकड़ लिया गया है और बाल सुधार गृह को सौंप दिया गया है।

## कोकर चूना भट्ठा में बीमारी से परेशान शख्स ने की खुदकुशी

**रांची।** राजधानी के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोकर चूना भट्ठा निवासी संजय सिंह ने घर की छत के लोहे के एंगल से गमछे के सहारे फंदा लगाकर बुधवार को खुदकुशी कर ली। मिली जानकारी के अनुसार संजय सिंह बीमारी की वजह से परेशान थे। वह शराब के आदी थे। उनका 80 प्रतिशत किडनी काम नहीं कर रहा था। इसके अलावा थाइरॉयड, ब्लड प्रेशर सहित अन्य बीमारी के वजह से वह डिप्रेशन में थे। इस वजह से उन्होंने खुदकुशी कर ली। पत्नी उषा सिंह के बयान पर यूडी केस दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## रांची में बुजुर्ग की घर में हत्या

**रांची।** राजधानी के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत इंद्रपुरी रोड नंबर छह में एक बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या कर दी गई। उसकी शिनाख्त उमेश लकड़ा (75) के रूप में की गई है। वह घर में अकेले रहता था और शराब का आदी था। उसके मुंह से सफेद झाग भी निकल रहा था और सिर पर चोट का निशान था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होता है। सिर पर भोथरे हथियार का जख्म मिला है। घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## फर्जी आरपीएफ स्टाफ बनकर चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से हटिया का फर्जी आरपीएफ स्टाफ बनकर बुकिंग काउंटर से चोरी करने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसे रांची स्टेशन के मुख्य द्वार के पास से पकड़ा गया और उसके कब्जे से रेलवे बुकिंग काउंटर से चोरी किए गए 29 हजार रुपये बरामद हुए। आरपीएफ पोस्ट रांची के इंस्पेक्टर डी शर्मा ने बुधवार को बताया कि एक व्यक्ति खुद को आरपीएफ हटिया का स्टाफ बताया तथा रांची के अनारक्षित बुकिंग काउंटर के अंदर प्रवेश किया और टिकट की मांग की। यहां तीन महिला कर्मचारी ड्यूटी पर थीं और अनारक्षित बुकिंग काउंटर के केबिन का गेट खुला था। चूंकि काउंटर के बाहर भीड़ थी, उसने ड्यूटी पर मौजूद महिला कर्मचारियों का ध्यान भटका दिया और स्थिति का फायदा उठाकर बुकिंग काउंटर से 29 हजार रुपये चुरा लिए और भाग गया।

## जीएसटी रिफंड प्रक्रिया में परिवर्तन कर अधिसूचना जारी

**रांची।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने जीएसटी रिफंड प्रक्रिया में परिवर्तन कर अधिसूचना जारी कर दी है। नए नियमों के अनुसार निर्यात के बाद सामान की कीमत में ऊपर की ओर संशोधन के कारण भुगतान किए गए। अतिरिक्त आईजीएसटी की वापसी के लिए नई नियमों का प्रयोग करना होगा। जीएसटी विशेषज्ञ अधिवक्ता ज्योति पोद्दार के अनुसार ऐसे निर्यातक किसी अन्य श्रेणी के तहत फॉर्म जीएसटी आरएफडी 01 में भुगतान किए गए ऐसे अतिरिक्त आईजीएसटी की वापसी के लिए आवेदन कर सकते हैं। निर्यातक को इस रिफंड दावे के साथ सीएसटी नियमों के नियम 89 के उपनियम 2 के खंड बीबी और खंड डी में निर्धारित विवरण 9ए और 98 के साथ अन्य दस्तावेज भी अपलोड करने होंगे। यदि दावा की गई राशि 1000 रुपए से कम है तो ऐसा कोई रिफंड नहीं दिया जाएगा।

## डोमिसाइल आंदोलन के शहीदों के सपनों को पूरा करे सरकार : विजय

**रांची।** डोमिसाइल आंदोलन के वीर शहीदों के सपने 22 वर्षों के बाद भी अधूरे हैं। माय- माटी की बात करने वाले हेमंत सोरेन की सरकार उन सपनों को पूरा करें। परोक्त बातें झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व प्रत्याशी हटिया विधानसभा क्षेत्र विजय शंकर नायक ने कही। वे बुधवार को डोमिसाइल आंदोलन में 22 वर्ष पूर्व शहीद हुए वीर संतोष कुंकल ,कैलाश कुजूर, विनय तिग्गा के शहादत पर माल्यार्पण कर उक्त बातें कहीं । इन्होंने यह भी कहा कि यह आक्रोश का विषय है के पूर्ववर्ती सरकारों ने झारखंड के आदिवासी मूलवासी समाज के भावनाओं का सम्मान देने का काम नहीं किया।

# झारखंड में कुछ सीटों पर बढ़े मुस्लिम वोटर, भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड के संथाल परगना एवं अन्य इलाकों में बांग्लादेशी घुसपैठ की वजह से डेमोग्राफी में बदलाव और कई मतदान केंद्रों पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बड़ा मुद्दा बना लिया है। पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अगुवाई में बुधवार को नई दिल्ली में भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त से मुलाकात कर उन्हें इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा और मतदाताओं की संख्या में अचानक से हुई भारी बढ़ोतरी की जांच कराने की मांग की। मरांडी ने कहा कि पार्टी ने चुनाव आयोग को 500 पृष्ठों की सर्वे रिपोर्ट सौंपी है, जिसके आंकड़े यह बताते हैं कि सैकड़ों बूथों पर अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है और हिंदू बहुल मतदान बूथों पर मतदाताओं की संख्या में कमी हुई है। जिस तरह से मुस्लिम क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है, इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आशंका है कि फर्जी दस्तावेज के आधार पर मतदाता बनाए गए हैं। अमूमन पांच वर्षों में मतदाताओं की संख्या में 15 से 20 फीसदी तक वृद्धि होती है, मगर इस बार यह देखा गया है कि कुछ बूथों पर 136 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज हुई है। भाजपा ने राज्य के 10 विधानसभा क्षेत्र में कराए गए सर्वे के आधार पर ऐसे मतदान केंद्रों की सूची सौंपी है, जहां मतदाताओं की संख्या बेहिसाब बढ़ी है। रिपोर्ट में जिन विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या में वृद्धि का दावा किया गया है, उसमें राजमहल, बरहेट, पाकुड़, महेशपुर, जामताड़ा, मधुपुर, मझगांव, हटिया, बिशुनपुर और लोहरदगा शामिल हैं। बताया गया है कि राजमहल के 168 नंबर बूथ पर मतदाताओं की संख्या 20 से 123.74 प्रतिशत तक बढ़ी है। बरहेट विधानसभा क्षेत्र में 114 नंबर मतदान केंद्र पर 57.72 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। इसी तरह हटिया में बूथ नंबर 163 में 136.5 प्रतिशत, मधुपुर में बूथ नंबर 225 पर 117.62, जामताड़ा में बूथ नंबर 123 पर 68.8 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। चुनाव आयोग को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि झारखंड के अति संवेदनशील बूथों पर जांच कराई जाए तो एक सोची-समझी योजना के तहत डेमोग्राफी बदलने का षड्यंत्र सामने आएगा। इसके पीछे की वजह विदेशी घुसपैठ है। इसमें राज्य सरकार की भी भूमिका है। चुनाव आयोग से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा और राजमहल विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक अनंत ओझा शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बजट को बताया 'पॉलिटिकल'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे पॉलिटिकल करार दिया। बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आप लोगों ने देखा है कि किस तरीके से बजट पेश हुआ है। इस बजट में केंद्र सरकार को झारखंड पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता थी। झारखंड इस देश को जितना देता है, बजट में उसकी अपेक्षा की गई। उन्होंने कहा कि झारखंड से उन्होंने क्या लिया और इसे वापस क्या दिया। लोकतंत्र में देश की जनता पांच साल में एक बार जवाब देती है। जनता इस बात का जवाब भी देगी। सीएम ने आगे कहा कि उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। उन्हें लगता है कि चुनाव आयोग, राजभवन, ईडी, सीबीआई, कोर्ट सब उनके हैं। जहां इनको अपनत्व लगता है, वहां जाकर अपनी बात रखते हैं। भारत एक विविधताओं का देश है। हमारे लोकतंत्र में अनेकता में एकता का भाव समाहित है। जिस प्रकार खाने में कई सारे व्यंजनों में से कोई एक पसंदीदा होता है। ठीक वैसे ही उनके लिए कुछ विषय पसंदीदा हैं, जिसको छोड़कर वो इधर-उधर नहीं जाते हैं। बता दें कि केंद्र सरकार ने झारखंड के चहुंमुखी विकास के लिए 41 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। एक हजार करोड़ रुपये की लागत से गोइलकेरा मनोहरपुर थर्ड लाइन का 40 किलोमीटर तक विस्तार किया जाएगा। 250 करोड़ रुपये से बंद मुंडा रांची रेल लाइन का 58 किलोमीटर तक विस्तार करने का प्रस्ताव भी बजट में शामिल है। इसके अलावा भी झारखंड राज्य के विकास के लिए कई सारी परियोजनाओं को विस्तार मिला है।



*झारखंड इस देश को जितना देता है, बजट में उसकी उपेक्षा की गई।*

*लोकतंत्र में देश की जनता पांच साल में एक बार जवाब देती है।*

# लोबिन और जेपी के दलबदल मामले की सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम और भाजपा विधायक जेपी पटेल के दलबदल मामले की सुनवाई स्पीकर रवींद्रनाथ महतो के न्यायाधिकरण में बुधवार को पूरी हो गई। स्पीकर ने लगातार दो दिन दोनों पक्षों को सुना और सुनवाई के दूसरे दिन बुधवार को दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा गया। स्पीकर ने दोनों विधायकों के मामले में वादी और प्रतिवादी को गुरुवार दोपहर 12 बजे तक लिखित जवाब मांगा है। स्पीकर रविंद्रनाथ महतो ने जब दूसरे दिन सुनवाई शुरू की तो जेपी पटेल मामले में वादी अमर कुमार बाउरी की ओर से कहा गया कि विधायक केवल इतना बता दें कि वह कांग्रेस के चुनाव चिह्न पर हजारीबाग सीट से लोकसभा का चुनाव लड़े था या नहीं। प्रतिवादी जेपी पटेल की ओर से कहा गया कि मुझे कल ही याचिका की कॉपी मिली है। इसलिए मुझे जवाब के लिए समय चाहिए और जवाब देने के लिए 90 दिनों का समय मांगा। स्पीकर ने इसे खारिज करते हुए गुरुवार को जवाब देने को कहा। लोबिन हेंब्रम मामले में वादी शिबू सोरेन की ओर से कहना था कि इन्होंने राजमहल लोकसभा का चुनाव पार्टी के विरोध में लड़ा है। इसलिए अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। अतः इनकी सदस्यता खत्म करें। प्रतिवादी लोबिन हेंब्रम की ओर से कहा गया कि 1995 में निर्दलीय चुनाव लड़े थे तब इनको पार्टी ने नहीं निकाला था। आज भी इनको निष्कासित किया गया है।

# राज्य सरकार कनहर बराज नहीं बनाना चाहती है, तो इस प्रोजेक्ट को बंद करे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट ने पलामू एवं गढ़वा में सिंचाई के लिए प्रस्तावित कनहर बराज परियोजना को पूरा करने में आठ साल मांगे जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के दौरान मौखिक कहा कि प्रतीत होता है कि राज्य सरकार कनहर बराज प्रोजेक्ट को आगे नहीं बढ़ाना चाहती है। यदि ऐसा है तो राज्य सरकार को इस प्रोजेक्ट को बंद कर देना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि वर्ष 2010 में भी राज्य सरकार की ओर से इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए पांच साल की समय की मांग की गई थी और अब वर्ष 2024 में भी आठ साल का समय मांगा जा रहा है, ऐसा क्यों है? क्या वर्ष 2010 में दूसरी सरकार थी और अब कोई दूसरी सरकार है, जो इस प्रोजेक्ट पर ध्यान नहीं दे रही है? इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कनहर बराज परियोजना को पूरा करने के लिए आठ साल की मांग की गई थी। कोर्ट को सरकार की ओर से बताया गया कि कनहर बराज के लिए जमीन अधिग्रहण, वन भूमि का क्लीयरेंस, इस प्रोजेक्ट के लिए केंद्र सरकार से मिलने वाली राशि लेने आदि में कई वर्ष लग जाएगा। कोर्ट ने कहा कि यह प्रोजेक्ट गढ़वा एवं पलामू जिले के लोगों को पानी मुहैया कराने के लिए है। यहां सुखाड़ जैसी स्थिति प्रतिवर्ष रहती है। सरकार को प्राथमिकता देते हुए ऐसे इलाकों में सिंचाई एवं पीने का पानी की व्यवस्था की जानी चाहिए थी। पिछले सुनवाई में मामले में कोर्ट के आदेश पर मुख्य सचिव, जल संसाधन सचिव, वन सचिव और वित्त सचिव हाजिर हुए थे। कोर्ट ने उनसे मौखिक कहा था कि वर्ष 2020 में राज्य सरकार ने पांच साल में इस परियोजना को पूरी होने का टाइमलाइन दिया था लेकिन काम आगे नहीं बढ़ा है। कोर्ट ने मुख्य सचिव को कनहर बराज परियोजना पूरा करने को लेकर टाइम फ्रेम प्रस्तुत करने को कहा था। गढ़वा, पलामू के लोगों को पानी उपलब्ध करने के लिए कनहर बराज बनवाने का आग्रह करते हुए हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है।

## रजहरा कोलियरी को चालू करने का मामला संसद में उठा



**पलामू।** सांसद विष्णु दयाल राम ने बुधवार को लोकसभा में पलायन एवं रोजगार के अभाव के निवारण के लिए प्रश्न काल के दौरान कोयला मंत्रालय से कोयले की गुणवता, रजहरा कोलियरी में उत्खनन प्रारम्भ करने एवं विस्थापितों को नौकरी देने से संबंधित प्रश्न पूछा, जिसका जवाब केन्द्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी ने दिया। सांसद ने कहा कि मंत्री के लिखित उत्तर से यह स्पष्ट है कि विभिन्न गुणवत्ता वाले कोयले की आपूर्ति अलग-अलग राज्यों को की जा रही है। उन्होंने मंत्री से पूछा कि जिस राज्य को जिस गुणवता वाले कोयले की आवश्यकता है, उस राज्य को उस गुणवता वाले कोयले की आपूर्ति की जा रही है या नहीं? यदि नहीं की जा रही है तो किस मापदंड के आधार पर कोयले की आपूर्ति की जा रही है। सांसद ने कहा कि देश में आज भी कई खादाने बंद पड़ी हुई है। इन बंद पड़ी कोयला खादानों में निकलने वाले योग्य भंडार लगभग 380 मिलियन टन है, जिसमें से 30-40 मिलियन टन आसानी से निकाला जा सकता है।

### मॉनसून सत्र को लेकर स्पीकर ने की उच्चस्तरीय बैठक, कहा

# विधेयक संशोधन की प्रतियां विधानसभा सचिवालय को उपलब्ध कराएं अधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मॉनसून सत्र को लेकर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने बुधवार को सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। साथ ही मुख्य सचिव सहित अन्य विभागों के वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस सत्र में कुल 6 कार्यदिवस निर्धारित है। निर्धारित समय से तीन दिन पूर्व, जिन विधेयकों को सभा पटल पर रखा जाना है, अथवा किसी प्रकार का विधेयक में संशोधन होना है, उसकी प्रतियां विधानसभा सचिवालय को उपलब्ध कराने का निर्देश भी पदाधिकारियों को दिया। बैठक में पूर्व से लंबित प्रश्न,ध्यानाकर्षण, निवेदन, शून्यकाल और सरकारी आश्वासन के उत्तर उपलब्ध कराने पर विचार विमर्श किया गया। स्पीकर ने कहा कि शून्यकाल के कुल 1346 उत्तर अप्राप्त हैं। पदाधिकारी इसे गंभीरता से लें। अपने-अपने स्तर से इसके निष्पादन के लिए उचित कार्रवाई करें। इसी प्रकार आश्वासन समिति 363 आश्वासन और निवेदन समिति के 150 निवेदनों के उत्तर भी अप्राप्त हैं। इन सारे अप्राप्त प्रश्नों के उत्तर का निपटारा शीघ्र करें।

इस दौरान मुख्य सचिव एल खियांग्ते, झारखण्ड विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव, गृह विभाग वंदना दादेल, सचिव, पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, सचिव, सहित अन्य अफसर उपस्थित थे।

## वरीय पदाधिकारी रहे उपस्थित

स्पीकर ने मॉनसून सत्र के दौरान पदाधिकारी दीर्घा में वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया। गृह विधाग को सत्र के दौरान सर्तकता बरतते हुए पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति के साथ विधि व्यवस्या को सुनिश्चित करने को कहा। सड़क दुर्घटना के मद्देनजर विधानसभा और हाईकोर्ट के बीच के मुख्य सड़क पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू नियमित करने को कहा। सत्र दौरान पर्याप्त चिकित्सकों की व्यवस्था के अलावा आवश्यक जीवन रक्षक दवा व एम्बुलेंस की भी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही विधानसभा परिसर में सौर उर्जा से संचालित पैनलों को दुरुस्त करने और इलेक्ट्रिक मीटरों को व्यवस्थित करने से अधिष्ठापित करने की निर्देश भी उर्जा विभाग के वरीय पदाधिकारियों दिया।

# हाईकोर्ट ने टेट की अनिवार्यता संबंधी मामले पर लगाई रोक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




शिक्षकों की प्रोन्नति से संबधित याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाई कोर्ट ने टेट की अनिवार्यता संबंधी मामले में अंतिम सुनवाई तक रोक लगा दी है। बुधवार को प्रारंभिक शिक्षकों की प्रोन्नति से संबंधित दो रिट याचिकाओं की सुनवाई न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक रोशन के कोर्ट में हुई। पहली याचिका ग्रेड 4 से ग्रेड 7 में प्रोन्नति के लिए सभी शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता सुनिश्चित करने को लेकर थी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि एनसीटीई द्वारा जारी आवश्यक अहर्ता संबंधित अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि अधिसूचना से पूर्व कार्यरत शिक्षकों को अपने पद पर बने रहने के लिए टेट की जरूरत नहीं है। परंतु एक पद से दूसरे पद में प्रोन्नति के लिए टेट की जरूरत है। कोर्ट ने इस पर सुनवाई करते हुए इससे संबंधित प्रोन्नति प्रक्रिया पर अंतिम आदेश तक रोक लगा दी है। दूसरी याचिका दुमका, पश्चिम सिंहभूम और हजारीबाग के शिक्षकों द्वारा दायर कर गई थी। इसमें विभागीय मार्गदर्शन पत्र 866 में सुझाए मार्गदर्शन के आधार पर ग्रेड 7 देने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इससे सीधी नियुक्ति से नियुक्त और साढ़े आठ वर्ष से अधिक समय से वास्तविक रूप से कार्यरत ग्रेड - 4 शिक्षकों को वर्तमान प्रभावी 1993 प्रोन्नति नियमावली के आधार पर प्रोन्नति के लिए विचार नहीं करते हुए उन्हें वरीयता सूची में स्थान नहीं दिया जा रहा है। इसके विरुद्ध यह याचिका दायर की गई थी। अदालत ने इसपर फैसला देते हुए अंतिम आदेश आने तक ग्रेड 7 की प्रोन्नति पर रोक लगा दी है।

# हाई कोर्ट से सांसद निशिकांत के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड हाई कोर्ट में 11 अप्रैल, 2023 को रांची में सचिवालय मार्च मामले में सांसद निशिकांत दुबे की ओर से धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने संबंधी याचिका पर अब 31 जुलाई को सुनवाई होगी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक अगली सुनवाई 31 जुलाई तक जारी रखी है। झारखंड भाजपा के कार्यक्रम के तहत सचिवालय की ओर मार्च कर रहे भाजपा कार्यकताओं की पुलिस के साथ झड़प हो गई थी। मामले को लेकर धुर्वा थाना में कांड संख्या 107/ 2023 दर्ज किया गया था। इसमें सांसद निशिकांत दुबे प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक अमित मंडल, समीर उरांव सहित 41 नामजद एवं कई अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इनमें से बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा सहित अधिकांश आरोपितों के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर हाई कोर्ट से रोक लगी हुई है। भाजपा की ओर से खनिज समृद्ध राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था, मौजूदा भ्रष्टाचार और बेरोजगारी की उच्च दर के विरोध में इस मार्च का आयोजन किया गया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस, वाटर कैनन का इस्तेमाल किया था और लाठीचार्ज भी किया था।

### पहल / झारखंड में कांग्रेस भी चुनावी मुहिम में जुटी

# जल्द शुरू होगा 'हर घर खटाखट' कार्यक्रम


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने सांगठनिक 'कल-पुर्जों' को दुरुस्त करने और कार्यकताओं में जोश भरने का अभियान शुरू कर दिया है। झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने बुधवार को रांची में पार्टी के विधायकों, जिलाध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों, ओबीसी और अनुसूचित जनजाति समुदाय के प्रबुद्ध लोगों के साथ अलग-अलग मैराथन बैठक की और उनसे चुनावी मुद्दों और पार्टी की रणनीति पर चर्चा की। इसके साथ ही युवा कांग्रेस की ओर से 'हर घर खटाखट' कार्यक्रम लॉन्च किया गया, जिसके जरिए कार्यकर्ता झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में प्रत्येक पंचायत, गांव एवं वार्ड में घर-घर जाकर बताएंगे। गुलाम अहमद मीर ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए विपक्ष के पास मुद्दे नहीं हैं। वे जबरन भावनात्मक विषयों को मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन, उन्हें मौका नहीं देना है। उनके हौसले पस्त हैं। केंद्रीय बजट में झारखंड की उपेक्षा से यह बात सामने आ गई है कि यह राज्य उनकी प्राथमिकताओं में है ही नहीं। ऐसे में जरूरत है कि हम जनता को बताएं कि उनके साथ केंद्र की सरकार किस तरह अन्याय कर रही है। उन्होंने विधायकों से कहा कि आप खुद को सिर्फ अपने विधानसभा क्षेत्र तक सीमित नहीं रखें, बल्कि अपने जिले और संसदीय सीट के तमाम विधानसभा क्षेत्रों तक जाएं। कोशिश हो कि गांवों में निचले स्तर तक सरकार के कार्य और कार्यक्रम पहुंचे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बैठकों में उन बिंदुओं को रखा, जिन्हें पार्टी की ओर से जनता तक पहुंचाया जाना है। उन्होंने झारखंड सरकार की ओर से किए गए कार्यों, पिछड़ा, दलित, महिला और आदिवासियों से जुड़े मुद्दों पर पार्टी के स्टैंड, राज्य में केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई जैसे विषयों पर अपने पक्ष में सकारात्मक जनमत बनाने पर जोर दिया। विधायकों की बैठक में झारखंड सरकार के मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, दीपिका पांडे सिंह, डॉ. इरफान अंसारी, विधायक प्रदीप यादव, शिल्पी नेहा तिर्की आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री से मिले संजय सेठ



**रांची।** रांची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार से मुलाकात की। इस मुलाकात के क्रम में रक्षा राज्य मंत्री ने उन्हें बधाई दी और मंत्रालय के जरिये रांची में दिव्यांगजनों के लिए किया जा रहे कार्यों के प्रति आभार प्रकट किया। सेठ ने केंद्रीय मंत्री को इस मुलाकात में एक आग्रह पत्र भी सौंपा। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा कि रांची सहित झारखंड के हर जिले और प्रखंड स्तर पर एडिप योजना के तहत दिव्यांगजनों के बीच सहायक उपकरणों का वितरण अधिक से अधिक संख्या में किया जाए ताकि हमारे दिव्यांगजन सशक्त हो सके। रक्षा राज्य मंत्री ने केंद्रीय मंत्री को रांची लोकसभा क्षेत्र के हर विधानसभा क्षेत्र रांची, हटिया, कांके, खिजरी, ईचागढ़ और दिल्ली में नशा मुक्ति केंद्र खोलने का भी आग्रह किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को बताया कि रांची नशा का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है।



**लोक सेवा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद खान ने कांटाटोली में बन रहे फ्लाईओवर का नामकरण परमवीर अब्दुल हमीद के नाम पर करने की मांग की है। समिति के सदस्य बुधवार को अपनी मांग को लेकर नगर विकास मंत्री हफीजुल अंसारी से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपा।**

### जमीन घोटाले के आरोपित अफसर अली की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने बुधवार को जमीन घोटाले के आरोपित अफसर अली की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने 12 जुलाई को जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। यह मामला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले से जुड़ा है। अफसर अली ने जमानत की गुहार लगाते हुए 13 मई को याचिका दाखिल की थी। उल्लेखनीय है कि इस मामले में ईडी ने अफसर अली को 17 अप्रैल को रिमांड पर लिया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में है। ईडी ने पहली बार सेना के कब्जे वाली जमीन घोटाला मामले में 14 अप्रैल, 2023 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद बड़गाई अंचल के जमीन घोटाले में गिरफ्तार कर उससे रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी।

### सामूहिक दुष्कर्म के बाद नाबालिग की हत्या करने के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**रांची।** पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को प्रेम प्रसंग में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या करने के दोषी सुखराम होरो को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 20 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। जांच में आरोपित सुखराम होरो का डीएनए मैच किया था, जिसके आधार पर कोर्ट ने आरोपित को दोषी पाया था। कोर्ट ने ट्रायल फेस कर रहे अन्य तीन आरोपित राहुल होरो, रौशन होरो और पवन होरो को साक्ष्य के अभाव में बरी किया था। यह मामला 23 जुलाई, 2022 का है। मामले में 15 साल की नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या कर दी गई थी। लापुंग थाना क्षेत्र के जमाकेल गांव के पास झाड़ी में नाबालिग लड़की का शव मिला था।

### सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना पर हाईकोर्ट ने डीसी से मांगी जानकारी

**रांची।** रांची में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान रांची डीसी अदालत के समक्ष उपस्थित हुए. कोर्ट ने उनसे यह जानकारी मांगी कि सीवरेज ड्रेनेज परियोजना के लिए भूमि देने में क्या अड़चन आ रही है? जिसपर उन्होंने कोर्ट को बताया कि जिस कंपनी को काम का जिम्मा दिया गया है, उसने सात जगह चिन्हित कर जिला प्रशासन को बताया है. जिसके बाद अदालत ने उन्हें जल्द ही सभी प्रक्रियाएं खत्म कर सीवरेज ड्रेनेज परियोजना के लिए भूमि देने का निर्देश दिया है. इस संबंध में अरविंदर सिंह देओल ने जनहित याचिका दायर की है. अब इस मामले की अगली सुनवाई 21 अगस्त को होगी.उल्लेखनीय है कि नवीन मेल ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उतहाया था।

### माकपा का जनमुद्दों पर आंदोलन 21 से 28 अगस्त तक

**रांची ।** माकपा जनमुद्दों पर 21 से 28 अगस्त तक आंदोलन करेगी। गरीब विरोधी और महंगाई बढाने वाले केंद्रीय बजट, संगठित रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली के खिलाफ और रोजगार दिए जाने की मांगों को लेकर यह आंदोलन चलाया जाएगा। इस दौरान जिला और अनुमंडल मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन होगा। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार की घोषणा के अनुरूप विस्थापन आयोग का गठन करने और इस आयोग का अधिकार क्षेत्र केवल खनन तक सीमित नहीं रखने, राज्य की सभी कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में ग्रामसभा की भूमिका सुनिश्चित किए जाने तथा हर स्तर पर जारी भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांगों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इसका निर्णय बुधवार को माकपा राज्य कमिटी की बुंडू में संपन्न हुई दो दिवसीय राज्य कमिटी की बैठक में लिया गया।

### कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने रियाजुल अंसारी से की मुलाकात

**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता रियाजुल अंसारी का इलाज रांची के बरियातू स्थित जयप्रकाश नगर के मां ललिता पालीडॉक हॉस्पिटल में ऑपरेशन के बाद चल रहा हैं । बुधवार को अंसारी को देखने और उनका हाल-चाल जानने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर , प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री इरफान अंसारी, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, कृषि बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय पासवान एवं अन्य विशिष्ट लोग पहुंचे। रियाजुल अंसारी पिछले गुरुवार को अधिक पेट दर्द, बुखार, जौंडिस, पित्त की थैली में पत्थर एवं इन्फेक्शन की शिकायत लेकर मां ललिता पालीडॉक में भर्ती हुए थे। वहां उनका ऑपरेशन लेप्रोस्कॉपीक सर्जन डॉ अजीत कुमार एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट डॉक्टर कौशल की टीम ने किया। ऑपरेशन के बाद,अभी उनकी स्थिति में काफी सुधार है।

## एक नजर

### बजट से कृषि क्षेत्र में तेजी से होगा विकास : गौतम



**रामगढ़।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को पेश किए गए बजट की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखण्ड प्रदेश सह मंत्री गौतम कुमार महतो ने सराहना करते हुए कहा की इस बजट से देश के कृषि क्षेत्र का तीव्र गति से विकास होगा। गौतम ने कहा की बजट में कृषि के साथ शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास पर पूरा ध्यान दिया गया है। जो आनेवाले समय में देश के विकास के लिए मिल का पत्थर सिद्ध होगा।

### जिप सदस्य के पहल पर कलहाबाद में लगा सौ केवीए का ट्रांसफार्मर

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के कलहाबाद पंचायत स्थित पुरना टोला में कुछ दिनों से ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश थे। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी को दिया। सूचना के पश्चात मामले को अविलंब संज्ञान लेते हुए उन्होंने विद्युत कार्यालय हजारीबाग पहूंचकर विभाग के पदाधिकारियों से मुलाकात की और समस्या से अवगत कराया।उन्होंने सौ केवीए का ट्रांसफार्मर के लिए पदाधिकारियों से आग्रह कर तत्काल ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने को कहा ।तत्पश्चात बुधवार को ग्रामीणों को 100 केवीए का ट्रांसफार्मर मिल पाया। जिप सदस्या के इस नेक पहल के लिए सभी ग्रामीणों ने सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।

### समाजसेवी कमल बगड़िया ने एसपी अजय कुमार को बुके देकर किया स्वागत



**रामगढ़।** शहर के प्रसिद्ध समाज सेवी कमल बगड़िया ने 24 जुलाई को रामगढ़ के नए एसपी अजय कुमार से उनके कार्यालय पहुंचकर मुलाकात की । इस मौके पर समाज सेवी ने एसपी का बुके देकर स्वागत किया। मुलाकत के दौरान समाज सेवी ने एसपी से शहर सहित जिलाभर में विधि व्यवस्था सुव्यवस्थित करने की मांग की। ताकि व्यवसायी निर्भीक होकर अपने कार्य कर सकें। समाज सेवी कमल बगड़िया ने बताया की एसपी ने शहर सहित जिलाभर में विधि व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही है। मौके पर उनके साथ वरुण बगड़िया मौजूद थे।

### जेसीएमयू के ज्वाइंट सेक्रेटरी ने भेंट में पीओ को दिया भागवत गीता

**रामगढ़।** श्रमिक संगठन झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन सीसीएल जोन के ज्वाइंट सेक्रेटरी डीसी महतो ने झारखंड उत्खनन परियोजना के नए पीओ एलके राय को भागवत गीता भेंट कर परियोजना में उनका स्वागत किया। मौके पर डीसी महतो ने कर्मियों की समस्याओं से अवगत कराते उन्हें दूर करने के साथ साथ परियोजना का विस्तार करने के लिए प्रबंधन से चर्चा की।

मंत्री के निर्देश पर उपायुक्त ने मुखिया के साथ की बैठक

# डुमरी कोल ब्लॉक की जमीन भू रैयतों को वापस करने का दिया निर्देश



*नीलांचल आयरन पावर लिमिटेड द्वारा नौकरी के नाम पर फर्जी तरीके से जमीन अधिग्रहित किया गया था*

**नवीन मेल संवाददाता। केरेडारी**
केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पांडु पंचायत मुखिया सकीबा खातून ने झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी से मिलकर पाण्डु क्षेत्र में डुमरी कोल ब्लॉक द्वारा अधिग्रहित जमीन भू रैयतों को वापस कराने की मांग की थी। इस पर मंत्री इरफान अंसारी ने हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय को निर्देश दिए कि इस संबध में स्थानीय मुखिया एवं ग्रामीण के साथ बैठक कर भूमि वापसी संबंधित समस्या को खत्म करें। इस निर्देश पर मुखिया सकीबा खातून, सुशील ओझा, रामचंद्र कुमार दास, बालकेश राम, मो. बरकत अली अन्य लोग के साथ उपायुक्त के समक्ष बैठक हुई, जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा कि गई। नीलांचल आयरन पावर लिमिटेड द्वारा नौकरी के नाम पर फर्जी तरीके से जमीन अधिग्रहित किया गया था। वर्ष 2008 में नीलांचल आयरन पावर लिमिटेड द्वारा जमीन लिया गया था लेकिन आजतक उपरोक्त कंपनी द्वारा खनन कार्य नहीं किया जा सका। कंपनी द्वारा 3 लाख 85 हजार रुपए दर से प्रति एकड़ जमीन अधिग्रहण किया गया था। कंपनी द्वारा 20 प्रतिशत जमीन अधिग्रहित किया गया है जो खेती योग्य भूमि है और कुछ भाग पर काफी संख्या में मकान बना हुआ है। चर्चाएं खत्म होने के बाद उपायुक्त ने डुमरी कॉल ब्लॉक की भूमि वापस कराने की प्रक्रिया में ला कर भू रैयतों को वापस कराने की बात कही। मौके पर मुखिया सकीबा खातून, रामचंद्र कुमार दास, मो साहबान, मो बरकत एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

गुड टच और बैड टच पर सेमिनार आयोजित

# लैंगिक समानता को लेकर विद्यालय प्रबंधन गंभीर : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में गुड टच और बैड टच पर आधारित सेमिनार का आयोजन किया गया. जिसमे मुख्य रूप से विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह, उपप्राचार्य विकास सिंह, शिक्षिकाएं सहित विद्यालय की छात्र- छात्राएं मौजूद रही. प्राचार्य ने लड़कियों और महिलाओं के साथ हो रहे अभद्र व्यवहार की जानकारी देते हुए सेमिनार का उद्देश्य बताया. उन्होंने बताया कि उनका विद्यालय जेंडर इक्वालिटी के पक्ष में है .बालिकाओं की घटती संख्या को लेकर गंभीर है. बेटियां सुरक्षित रहें, सेमिनार का मुख्य उद्देश्य है. सेमिनार में कई बिंदुओ पर चर्चा हुआ. छात्राओं को इसके प्रति सजग रहते हुए अपनी सुरक्षा करने के तरीके बताए गए. शिक्षिकाओं ने गुड एंड बैड टच को डेमोनस्ट्रेट करके दिखाने का काम किया गया. बताया गया कि छात्राओं के साथ किसी भी प्रकार की असहजता महसूस होने पर विद्यालय के महिला शिक्षकों या शिक्षको को को सूचित करें. इसके साथ ही छात्रों को भी गुड टच और बैड टच के परिणाम से अवगत कराए गए. उप प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय प्रारंभ से ही छात्र- छात्राओं के संपूर्ण व्यवहार व विकास पर आधारित जानकारियां देता रहा है. इस दौरान स्कूल की तमाम महिला शिक्षिकाएं मौजूद रहीं. मौके पर सुचित्रा सिंह के नेतृत्व में स्कूल प्रबंधन ने गर्ल्स एम्पावरमेंट कमेटी का गठन किया गया.

## न्यूज बॉक्स

### विकसित भारत की आधारशिला रखनेवाला बजट है : विकास राणा



**हजारीबाग।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पियूष गोयल के साथ आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय, नई दिल्ली में एनडीए गठबंधन के सभी सहयोगी दलों के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं के साथ बैठक के बाद केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को आम बजट संसद में पेश करने के बाद बधाई दी। यह बजट विकसित भारत की आधारशिला रखनेवाला बजट है। सभी वर्ग के लोगों को राहत पहुंचाने वाला बजट है। इस बजट में खासकर विद्यार्थियों को 10 लाख तक का एजुकेशन लोन देने की बात कही गई है जो कि बहुत लाभकारी होगी। किसानों का विशेष ख्याल रखा गया है। इस बजट से सभी वर्ग के लोगों को दूरगामी परिणाम मिलेंगे।

### मुखिया ललीता देवी ने छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का किया वितरण



**बरकट्ठा।** बेलकप्पी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित कन्या +2 उच्च विद्यालय बेलकप्पी में मुखिया ललिता देवी के द्वारा अध्ययनरत 88 छात्र-छात्राओं के बीच,एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंडासिघा में 43 छात्र-छात्राओं के बीच झारखंड सरकार द्वारा प्रदत्त साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान लाभुक छात्र-छात्राओं में उत्साह देखा गया। मोके पर मुखिया ललिता ने कहा कि झारखण्ड सरकार के इस कल्याणकारी योजना से सुदूरवर्ती क्षेत्र से छात्र-छात्राओं को ससमय विद्यालय पहुंचने में कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा और समय की भी बचत होगी ।कहा कि छात्र- छात्राएं मेहनत करके अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। वितरण के अवसर पर झारखण्ड आंदोलनकारी सह मुखिया प्रतिनिधि धीरेन्द्र पाण्डेय, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि संजय साव, विद्यालय के प्रधानाध्यापक छत्रु प्रसाद, विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### बीस सूत्री अध्यक्ष ने समाज कल्याण पदाधिकारी से नए आंगनबाड़ी केंद्रों को खोलने की मांग की



बरकट्ठा। प्रखंड 20- सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद ने समाज कल्याण पदाधिकारी को छोटे बच्चे-बच्चियां के पठन पाठन से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि बरकट्ठा में 2004 -2005 के बाद से एक भी आंगनबाड़ी केद्र नहीं खुला है। जबकि बहुत पंचायत ऐसा हैं जिसके गांव में आंगनबाड़ी केंद्र अभी भी नहीं है ।उन्होंने अपनी मांग को रखते हुए कहा कि प्रखंड के 17 पंचायत के गांवों का सर्वे करकर देखा जाए कि किस किस पंचायत में आंगनबाड़ी केन्द्र होना जरूरी है ।उस गांव में आंगनबाड़ी केन्द्र खोला जाए ताकि वहॉ के बच्चे -बच्चियां को पठन -पाठन सुचारू रूप से हो सके ।साथ ही गर्भवती व धातृ माता बहनों को सुविधा मिल सके ।इसी निमित समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलको ने आश्वाशन दिया कि प्रखंड में जल्द ही महिला पर्यवेक्षक से सर्वे कराकर 20 दिनों के अंदर जल्द से जल्द जरूरी स्थानों में आंगनबाड़ी केंद्र बनाया जाएगा।

रितेश खंडेलवाल ने बिरहोर बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन

## रितेश की सोच हमेशा सामाजिक दृष्टिकोण में एक बेहर संदेश देती है : चंद्र प्रकाश जैन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
शहर के युवा समाजसेवी सह हजारीबाग यूथ विंग के कोषाध्यक्ष एवं पत्रकार रितेश खण्डेलवाल ने अपना 27 वां जन्म दिवस डेमोटांड़ स्थित बिरहोर बस्ती के बच्चों एवं लोगों के साथ बनाया, उनके बीच केक काटकर इस खुशियों को और भी ऐतिहासिक बनाया। सभी बच्चों को रितेश खंडेलवाल ने स्वयं केक खिलाकर अपनी खुशी में उनको शामिल किया बच्चों के चेहरे पर एक अलग उत्साह और खुशी झलक उठी, बिरहोर बस्ती में मौजूद महिला एवं पुरुषों ने भी इस पल का खूब आनंद लिया बच्चों के बीच स्टेशनरी सामग्री पेंसिल,रबर,शार्पनर एवं कॉपी के साथ के साथ फल, टॉफी बिस्किट मिक्सर का वितरण किया गया वहीं बिरहोर बस्ती के महिलाएं पुरुषों के बीच साड़ी एवं लूंगी का वितरण कर श्री खंडेलवाल ने अपने इस खुशी को उन सबों के साथ साझा किया। इनके बीच जन्मदिन मनाने का अंदाज ही कुछ अलग होता है,उमंग और खुशियां के साथ ढेरों आशीर्वाद प्राप्त होता है।इसके बाद सभी के साथ एक सामूहिक तस्वीर लिया गया। मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि रितेश,सदैव कुछ अलग करने की प्रयास करता है जन्मदिन के शुभ अवसर पर भी कुछ अलग करने की दृष्टिकोण से बिरहोर बस्ती के बच्चों के संग जन्म दिवस मनाया यह काफी सराहनीय कार्य हैं समाज के प्रति रितेश की यह सोच काफी सराहनीय है।



भाजपा नेता टोनी जैन का चला रेवर पंचायत में जन संपर्क अभियान

# ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और निकाराण करने का दिया आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
भाजपा नेता टोनी जैन ने जन संपर्क अभियान के तहत कटकमसांडी प्रखंड के रेवर पंचायत चलाया जनसंपर्क अभियान चलाकर वहां के ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और इसका निकाराण करने का आश्वासन दिया। केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई जन हित की योजना जो ग्रामीणों को उसका लाभ मिल रहा है कि नहीं इसकी जानकारी ली। प्रधानमंत्री आवास की योजना के तहत कुछ ग्रामीणों को जिसकी सख्त आवश्यकता है। इस बारे में जानकारी ली तथा स्वास्थ्य उपकेंद्र और प्राथमिक विद्यालय को और बेहतर बनाने के लिए तथा जिसका लाभ ग्रामीणों को अच्छे तरीके से मिल सके, इसके लिए इस विभाग के आला अधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों की आस्था का केंद्र निमार्णाधीन शिव मंदिर और हनुमानजी के मन्दिर में और जरूरत की चीज को जल्द से जल्द मुहैया कराने का भरोसा दिया। दो परिवार में चल रहे पारिवारिक आपसी मामले को बिसेसर साव तथा निर्मल साव और ग्रामीणों के साथ मिलकर सुलझाया, मुखिया कलावती देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा प्रोप्राइटर बेबी देवी ने संयुक्त रूप से बेबी डिजिटल सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। बेबी कुमारी ने बताया कि टाटा कंसल्टेंसी सर्विस एवं हुमामा पीपुल इंडिया एनजीओ के माध्यम से हम लोगों को डिजिटल सेवा कार्य करने का प्रशिक्षण दिया गया। जिससे यहां के ग्रामीणों को काफी लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता टोनी जैन, फील्ड ऑफिसर त्रिदेव कुमार, मुखिया कलावती देवी, प्रखंड अध्यक्ष भाजपा रीतलाल यादव, उप मुखिया महादेव यादव, सुजीत साव, इंद्रदेव साहू, बसंत सिंह, चंद्रदेव साव, किशोर सिंह, मंजू देवी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### अलग-अलग स्थान पर हुई सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. मोटरसाइकिल सवार को बगोदर की ओर से आ रही टैंकर गाड़ी के पीछे से चपेट में लेने से ग्राम घंघरी निवासी सद्दाम अंसारी 28 वर्ष पिता बशारत अंसारी तथा दूसरी घटना में उत्तर प्रदेश निवासी कमालुद्दीन 38 वर्ष पिता मोहम्मद राशिद गंभीर रूप से घायल हो गये. घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा से चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया. जहां से चिकित्सक ने सद्दाम अंसारी को रिम्स रांची रेफर कर दिया. बताया जा रहा है कि सद्दाम अंसारी राज केसरी कंपनी में कार्य करता था जो रात को अपनी ड्यूटी समाप्त कर घर जा रहा था इसी बीच हादसा हुई. घटना के बाद ग्रामीणों ने भाग रहे उक्त टैंकर का पीछा कर ग्राम सक्रेज के समीप से पकड़ कर बरकट्ठा थाना पुलिस को सौंप दिया.

बजट को कुछ जनप्रतिनिधियों ने सराहा, तो कुछ ने नकारा

# एक महिला वित्तमंत्री का बजट एक कुशल गृहिणी के जैसा : कुमकुम देवी



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किया गया बजट एक संतुलित बजट है । इसमें सभी वर्गो का ध्यान रखा गया है। एक कुशल गृहिणी की भांति देश के हर वर्ग के पसंद /नापसंद का ध्यान वित्तमंत्री ने रखा है। मोदी सरकार के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था निरंतर मजबूत हो रही है। संतुलित बजट प्रस्तुत करने के लिए कुमकुम देवी ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का आभार प्रकट किया है।**

### सभी वर्गों के हित के लिए है बजट : विधायक अमित कुमार यादव



बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने पेश हुए बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है। उन्होंने बजट की सराहना करते हुए कहा कि इसमें सभी राज्यों को बैलेंस किया गया है। अर्थव्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया है। गरीब गुरबा के लिए प्रधानमंत्री आवास में प्राथमिकता दिया जा रहा है। कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को रोजगार देने का प्रयास किया जा रहा है। कहा इस बार सभी के हितों को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया गया है।

### मध्यम वर्ग और किसानों को छलने वाला बजट : पूर्व विधायक



वित मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व विधायक सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि यह बजट पूंजीपतियों के इशारे पर बनाया गया है। इसमें मध्यम वर्ग और किसानों को अनदेखा किया गया है। कहा कि गरीबों की प्राथमिक आवश्यकता को दरकिनार कर यह बजट बनाया गया है

### डाटा और आटा के दाम बढ़ाने वाला है बजट : प्रदीप प्रसाद



बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस नेता प्रदीप कुमार प्रसाद ने कहा कि यह बजट डाटा और आटा के दाम बढ़ाने वाला बजट है। इससे गरीबों को राहत नहीं मिलने है। यह सिर्फ लुभावन और दिखावे वाला बजट है, इससे कोई फायदा नहीं होगा।



# बीडीओ ने की बीएलओ के साथ बैठक, मतदाता सूची पर हुई चर्चा

**दारू।** दारू प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को बीडीओ हारून रसीद की अध्यक्षता में बीएलओ के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में मतदाता सूची में निर्धारित समय सीमा के अंदर आवश्यक सुधार पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि जिनकी भी उम्र 18 वर्ष हो चुकी है उनका नाम मतदाता सूची से जोड़ा जाए। वहीं मतदाता पुनरीक्षण कार्यों को लेकर प्रपत्र 6, 7, 8 मतदाता सूची में नाम जोड़ना, मृत मतदाताओं का नाम हटाना और मतदाता सूची में नाम सही करना है। उन्होंने चुनाव कार्यों में लापरवाही नहीं करने क्या निर्देश दिया। उन्होंने उपस्थित सभी बीएलओ को अपने काम में लेखा निखार लाते हुए निर्वाचन से संबंधित कामों को राज्य स्तर पर पहचान दिलाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान बीडीओ ने कहा की बीएलओ का काम बहुत महत्वपूर्ण होता है इसलिए इसमें कहीं लापरवाही नहीं दिखनी चाहिए। हमें इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि निचले स्तर पर खड़ा होकर हम लोगों को मतदान के प्रति जागरूक एवं मतदान का हक दिलाते हैं। ऐसे नेक काम में पारदर्शिता की जरूरत होती है ताकि हर युवा मतदाता सूची से जुड़ सके और वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। इस दौरान बीडीओ ने ग्रामीणों से अपील किया। कि जब नए लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाता है तब मतदाता ट्वीट कर जानकारी दे सकते। उन्होंने बताया कि 28और 29 जुलाई ओर 3 अगस्त को विशेष अभियान के तहत सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर रहेंगे। जहां वे मतदाता सूची के संशोधन का कार्य करेंगे।

**मांग**

ज्वलंत जनमुद्दे को लेकर सदन में गूंजा हजारीबाग सांसद की आवाज

# हजारीबाग और रामगढ़ जिले के विभिन्न स्टेशनों से रेल परिचालन शुरू करने की मांग



*हजारीबाग और रामगढ़ जिला दोनों मिलकर इस लोकसभा क्षेत्र का निर्माण करता है*

*30 लाख आबादी का क्षेत्र है और यहां से बरकाकाना से रांची तक के कठिन रेल मार्ग पहाड़ों को चीरकर निर्माण किया जा चुका है*

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सांसद मनीष जायसवाल हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों की जन आकांक्षाओं और ज्वलंत महत्वपूर्ण जन मुद्दे को लेकर देश के सर्वोच्च सदन लोकसभा में मोदी सरकार 3.0 के बजट सत्र के जीरों आवर के दौरान बुधवार को गूंजते नजर आए। लोकसभा के सदन से पहली बार बोलते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सबसे पहले मैं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे इस सर्वोच्च सदन में चुनकर भेजा है। जिसके बाद सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों की आवाज और मांग को रखते हुए कहा कि हजारीबाग और रामगढ़ जिला दोनों मिलकर इस लोकसभा क्षेत्र का निर्माण करता है। यहां बहुत सारे माइंस संचालित है। टाटा स्टील का माइंस यहां ऑपरेट होता है, सीसीएल की माइंस ऑपरेट होती है और एनटीपीसी की माइंस यहां ऑपरेट होना शुरू हुई है। कोयल का बहुत आयात परिचालन यहां से हो रहा है लेकिन हमारे जितने स्टेशन हैं यथा हजारीबाग स्टेशन, बरही स्टेशन, बरकाकाना स्टेशन, पतरातू स्टेशन, रामगढ़ स्टेशन इन सभी स्टेशन से लंबी दूरी की पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बहुत कम है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि रेल मंत्री सदन में बैठे हुए हैं मैं उनका ध्यान ईश्वर आकृष्ट कराना चाहूंगा कि यह 30 लाख आबादी का क्षेत्र है और यहां से बरकाकाना से रांची तक के कठिन रेल मार्ग होने के वाबजूद पहाड़ों को चीरकर निर्माण किया जा चुका है। मैं आग्रह करना चाहता हूं कि हजारीबाग और रामगढ़ की इन स्टेशनों से लंबी दूरी के पैसेंजर ट्रेन दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलोर, सूरत, कोलकाता, अहमदाबाद आदि गंतव्य स्थानों के लिए परिचालन यथासीघ्र शुरू किया जाय ये अतिमहत्वपूर्ण हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने सरकार से यह भी कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों को ऐसा महसूस होता है कि हमारे यहां रेल लाइन केवल कोयला ढोने के लिए है।

# राजस्थान में फंसे 5 मजदूर सकुशल घर वापस लौटे

**रामगढ़।** मांडू प्रखंड अंतर्गत करमा रतवे निवासी को राजस्थान में फंसे 5 प्रवासी मजदूर 24 जुलाई को अपना घर रतवे वापस आ गए है। इसको लेकर जेबीकेएसएस का प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त रामगढ़, श्रम अधीक्षक रामगढ़ और कुजू ओपी प्रभारी से मिला और उन्हें जानकारी दी कि ठेकेदार काम के लिए करमा रतवे निवासी मेघनाथ करमाली, दीपक शर्मा, सन्नी करमाली , अर्जुन राम तथा झमन महतो को काम के लिए राजस्थान के चौपानकी ले गया था। जहां कॉन्ट्रेक्टर साकिब अंसारी तथा ठेकेदार सतनाम सिंह द्वारा उनके साथ मारपीट की गई और उनका मोबाइल छीन लिया गया। ये सभी काम के लिए 5 जून को राजस्थान रवाना हुए थे। मजदूरों की वापसी के लिए जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य सहदेव महतो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और संगठन के प्रतिनिधि मंडल के साथ उन्होंने उपायुक्त रामगढ़, श्रम अधीक्षक रामगढ़ और कुजू ओपी प्रभारी से मिलकर उन्हें ज्ञापन दिया और मजदूरों के वापसी की मांग की। जिसके बाद प्रशासन के सहयोग से सभी मजदूर वापस आए। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य से रवि महतो, पनेश्वर कुमार, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, बिहारी महतो, अनिल महतो,निखिल महतो , रूपा महतो , लीलावती महतो ,सहदेव महतो, प्रभु दयाल महतो , सुमन महतो, मोहन करमाली के अलावा सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शोक सभा का आयोजन



**रामगढ़।** विगत दिनों रामगढ़ जिला के पुलिस पदाधिकारी सअनि राहुल कुमार सिंह की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी।इस संदर्भ में बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा शोक सभा का अयोजन किया गया। शोक सभा में जिले के पुलिस उपाधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़/पतरातु, पुलिस उपाधीक्षक (प्रोड्ढ), पुलिस निरीक्षक अंचल पतरातू/ गोला/ मांडू एवं जिला के सभी थाना/ओपी प्रभारी की उपस्थिति में 2 मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया।

## एक नजर

### शहीद विद्यापति व तुराम बिरुली पुलिस पब्लिक फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन आज

**बानो।** एस एस हाई मैदान बानो में 6वीं शहीद विद्यापति सिंह व तुराम बिरुली पुलिस पब्लिक फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन आज आयोजित की गई है। फाइनल मैच 30 जुलाई को होगी प्रतियोगिता का उद्घाटन सिमडेगा एसपी सौरव कुमार करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन भगवान बिरसा मुंडा खेल समिति बानो के सहयोग से आयोजित की जा रही है। खेल समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि उद्घाटन समारोह 12 बजे अपराह्न से होगी । उन्होंने कहा है कि सभी टीमें समय पर ग्राउंड में उपस्थित रहने का कोशिश करें।

### विधायक ने रखी सड़क की आधारशिला

**मरकच्चो ।** कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय से गोरहंद तक जाने वाली सड़क की आधारशिला रखी। इस दौरान प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह और बीडीओ हुलास महतो भी मौजूद थे। उक्त सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग योजना अंतर्गत किया जाना है। पौने दो किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण एक करोड़ पांच लाख की राशि से की जानी है। मालूम हो की उक्त सड़क के निर्माण की मांग ग्रामीणों द्वारा कई वर्षों से की जा रही थी। अब इस सड़क के बन जाने के बाद कोडरमा जिला के मरकच्चो प्रखंड व गिरिडीह जिला के राजधनवार प्रखंड का सीधा जुड़ाव हो जाएगा। मौके पर सहायक अभियंता सुरेंद्र कुमार, मुखिया रंजीत कुमार सिंह, हरी यादव आदि मौजूद थे।

### जिला सहकारी संघ लि. पर्षद की बैठक हुई संपन्न

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सिद्धो-कान्हो एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि. कोडरमा की निदेशक की बैठक संपन्न हुई। बैठक में इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में हिस्सा पूंजी पर प्रस्ताव, सिद्धो-कान्हो एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि. के भवन, सिद्धो-कान्हो एवं वनोपज जिला सहकारी संघ का उपविधि के तहत खाता संचालन में परिवर्तन करने, वार्षिक आमसभा, वित्तीय वर्ष 2024-25 का विस्तृत कार्य योजना बनाने समेत कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। उपरोक्त सभी बिंदुओं पर विचार-विमर्श करने के उपरांत सभी कार्यों को करने के लिए निर्णय लिया गया। डीसी ने सिद्धो-कान्हो एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि. कोडरमा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 का हेतु राइस मिल, दोना पत्तल मशीन को लेकर विस्तृत कार्य योजना बनाने का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया।

### दो वारंटी को जेल

**मरकच्चो ।** समकालीन अभियान के तहत मरकच्चो पुलिस ने सोमवार की रात छापेमारी कर लंबे समय से फरार दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसमें मरकच्चो मध्य पंचायत अंतर्गत पांडेयडीह निवासी विकास यादव व नावाडीह टू निवासी रामप्रसाद विश्वकर्मा शामिल हैं। थाना प्रभारी सौरव शर्मा ने बताया की उक्त लोगों पर मरकच्चो थाना में मामला दर्ज किया गया था।

उपायुक्त सिमडेगा की नई पहल

# कुरडेग प्रखंड कार्यालय में 'प्रशासन आपके द्वार' में सुनी लोगों की समस्याएं

*प्रखंड मुख्यालय जिले से काफी दूर होने के कारण लोगों को जिले तक आने में काफी परेशानी होती है डीसीके समक्ष रखी मांग*



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने प्रखंड कार्यालय कुरडेग पहुंच, 'प्रशासन आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले में सप्ताह में दो दिन सोमवार और बृहस्पतिवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। प्रखंड मुख्यालय जिले से काफी दूर होने के कारण लोगों को जिले तक आने में काफी परेशानी होती है, जिसे देखते हुए प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने वहां उपस्थित सभी ग्रामीणों से एक-एक कर अपनी समस्याओं को बतलाने की बात कहीं। वहीं ग्रामीणों ने एक-एक कर अपनी मौखिक एवं आवेदनों के माध्यम से अपनी समस्याओं उपायुक्त के समक्ष रखा। जिस पर उपायुक्त ने मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत होते हुए त्वरित निष्पादन की दिशा में संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। ग्रामीणों से मौखिक रूप से प्राप्त समस्याओं को प्रखंड विकास पदाधिकारी को नोट करते हुए समस्याओं का यथाशीघ्र निदान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ग्रामीणों ने उपायुक्त को सबसे अधिक कुरडेग प्रखंड के विभिन्न ग्राम पंचायत में पानी की समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही कई जगहों पर नल जल योजना से पानी न मिलने की समस्याओं से अवगत कराया गया।



## विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर बनी रणनीति

**सिमडेगा।** सिमडेगा अल्बर्ट एक्का एस्टेडियम में विश्व आदिवासी दिवस मनाने से सम्बंधित बैठक प्रदीप टोप्पो की अध्यक्षता में हुई ।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। विश्व आदिवासी दिवस को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया ,जिसमें अध्यक्ष प्रदीप टोप्पो, सचिव आनंद सोरेंग, कोषाध्यक्ष इगानासीयूस बाः संरक्षण भानु मिंज, नगेशिया, कवर, कोरवा, असुर बिरहोर, खेरवार, भोक्ता ईन सभी आदिवासी समुदाय के लोग 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस में अपना उपस्थित होकर एकता का परिचय देने की बात कही गई। बैठक में रोशन डूंगडूंग, जगमोहन भोय, नवीन मिंज, जॉन्सन एक्का अमरजीत कुजूर, दिलीप तिग्गा, आनंद सोरेंग, शशि केरकेट्टा, अजय एक्का जिला परिषद, भानु मिंज,समीर, अनमोल तिर्की आदि उपस्थित थे।

### आरपीएफ ने अंग्रेजी शराब के साथ दो युवक को पकड़ा

**झुमरी तिलैया।** आरपीएफ कोडरमा ने स्टेशन के प्लेटफार्म गश्ती के दौरान मंगलवार को अंग्रेजी शराब के साथ दो युवक को पकड़ा। पकड़े गये युवक की पहचान विवेक कुमार(पिता- शैलेश कुमार) व अश्विनी कुमार( पिता सुधीर कुमार, दोनों लच्छु विगहा, थाना नगरनौसा, जिला- नालंदा, बिहार) के रूप में हुई है। उनके पास से दो बैग में 9 अंग्रेजी शराब की बोतलें बरामद गया गया है। बरामद शराब की कुल कीमत 3 हजार 540 रुपए आंका गया।

## बदला लो व सरकार बचाओ है बजट 2024 : नमन विक्सल कोंगाड़ी



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
प्रखण्ड के छह पंचायत लम्बोई, टिनगिना, कोनमेरला, जलडेगा, पतिअम्बा और लमडेगा के 38 बुथ के कार्यकर्ताओं की एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित की गई ।इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया ने किया ।इस विशेष बैठक में आगामी झारखंड विधानसभा के चुनाव में फिर से कांग्रेस पार्टी को विजयी बनाने की चर्चा हुई। विधायक ने लोकसभा चुनाव के घोषित परिणाम की बूथवार समीक्षा की एवं कहा कि आप सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं को भाजपा के ऊपर 32500 वोट की बढ़त में इस विधानसभा से जीत हासिल करने में सफलता प्राप्त की ।इस बार का परिणाम खुंटी लोकसभा क्षेत्र के इतिहास में सबसे अधिक बढ़त का है ।उन्होंने कहा कि हमारे लोगों ने भारत के संविधान को बचाने और आरक्षण को समाप्त करने की मंशा रखने वाले लोगों को मुंहतोड़ जवाब देने का काम किया है। उन्होंने कहा मोदी सरकार ने इस 2024 के बजट से ये साफ कर दिया कि ये बजट बदला लो और सरकार बचाओ बजट है। देश का क्या होगा ये देखा जाएगा। जिन राज्यों से भाजपा की हार हुई, उन राज्यों की जनता को 2024 बजट में पुरी तरह से उपेक्षित कर दिया गया। जैसे कि उत्तर प्रदेश की जनता ने लोकसभा में भाजपा को नकारा तो भाजपा की सरकार ने बजट से उत्तर प्रदेश का नाम ही गायब कर दिया ।महाराष्ट्र हारे तो महाराष्ट्र के लोगों के लिए भी बजट में कोई प्रावधान नहीं किया।

लावारिस मवेशियों पर कार्रवाई को लेकर डीसी को बजरंगदल ने सौंपा ज्ञापन

# मामला गंभीर है, इस पर होगी ठोस कार्रवाई : एसडीओ

*सिमडेगा शहर में घूम रहे लावारिस मवेशियों के ऊपर कार्रवाई करते हुए उन्हें जब्त कर रखा जाए*



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा की युवा इकाई बजरंग दल के द्वारा बुधवार को सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह को सिमडेगा शहर में घूम रहे लावारिस मवेशियों के ऊपर कारवाई से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि जिले में लगातार इन दोनों लावारिस मवेशियों की भरमार है जिसकी वजह से शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर खुलेआम सड़कों पर मवेशी मालिकों के द्वारा मवेशियों को खुला छोड़ दिया जाता है, जिसकी वजह से लगातार विगत महीना दिन के अंदर दर्जन से अधिक मवेशियों की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। जबकि कई वाहन चालक भी मवेशी से टकराकर घायल हो गए। मौत होने के बाद इन मवेशियों का कोई भी स्वामी खड़ा नहीं होता है, जिसकी वजह से बजरंग दल एवं नगर परिषद के सहयोग से उसका अंतिम संस्कार कराया जाता है जो की दुखद है। इसलिए सिमडेगा शहर में घूम रहे लावारिस मवेशियों के ऊपर कार्रवाई करते हुए उन्हें जब्त कर रखा जाए और जब मवेशी के मालिक आए तो उनसे जुर्माना वसूला जाए। इधर इस संदर्भ में नगर परिषद के कार्यपालक एवं सिमडेगा एसडीओ को प्रतिलिपि दी गई है। एसडीओ ने कहा है कि इस मामले में ठोस कार्रवाई की जाएगी ताकि शहर में घूम रहे लावारिस मवेशियों को रोक लगाया जा सके। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ,जिला मंत्री कृष्णा शर्मा, बजरंग दल संयोजक आनंद जायसवाल ,नगर सहसंयोजक अंकित केसरी, सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सिमडेगा में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पनिशमेंट के तहत आज चलेगा नाम जांचों अभियान



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के संग बैठक एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया ।इस दौरान उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए कहा कि वर्तमान में मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2024 का कार्य चल रहा है, जिसके तहत आज मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन किया जा रहा है। इस ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपना नाम जांचने के लिए अपने मतदान केंद्र जाकर बीएलओ से संपर्क करें या घर बैठे ही ऑनलाइन ₹वोटर हेल्पलाइन ऐपमाध्यम से जांचते हुए इस सम्बन्ध में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर हैशटैग #ठेंखंल्लूँङ्क के साथ जरूर पोस्ट करें। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन्त तिर्की, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं प्रेस मीडिया बन्धु गण उपस्थित रहे।

### वीर शहीद थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट का आज होगा शुभारम्भ

**सिमडेगा।** 25वां अंतरराज्य वीर शहीद थॉमस सोरेंग स्मारक फुटबाल टूर्नामेंट 2024 का भव्य उदघाटन आज परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा में 3:00 बजे अपराह्न शुरू होगा ।बताया गया कि झारखण्ड, छत्तीसगढ़, ओड़िसा राज्यों से 23 बेहतरीन टीमें टूर्नामेंट में भाग ली हैं। इस शुभारंभ खेल के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त सिमडेगा और विशिष्ठ अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी, एसडीपीओ, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी सिमडेगा होंगे साथ में अतिथि में शांतिबाला केरकेट्टा जिला परिषद सदस्य सिमडेगा, संतोष कुमार सिंह विधायक प्रतिनिधि, सकील अहमद विधायक प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन मैच क 3:45 से संत जोन्स स्कूल रांची बनाम शिव शंकर एफसी झारसुगड़ा के बीच होगा। उद्घाटन समारोह की सारी तैयारियां पुरी कर ली गई है। टूर्नामेंट के संचालन के लिए राष्ट्रीय स्तर के मैच रेफरी लौह नगरी टाटा से रहेंगे। टूर्नामेंट के सफलतापूर्वक संचालन हेतु कमेटी के आयोजक मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह, अध्यक्ष, सचिव सहित सभी साथी मेहनत कर रहें है। आयोजक राजेश कुमार सिंह ने जिले के सभी दर्शकों से बेहतरीन मैच का लुफ्त उठाने के लिए आपार संख्या में अल्बर्ट एक्का मैदान आने का निवेदन किया है।

### खेल प्रतिभा खोज कार्यक्रम : सिमडेगा में तीसरे दिन 656 प्रतिभागियों ने लिया भाग



सिमडेगा। भारत सरकार आने वर्षो में भारतीय एथलीटों द्वारा ओलंपिक जैसे खेलो में ज्यादा से ज्यादा पदक जीतने के लिए एक बृहत स्तर से कार्य कर रही रही है जिसके तहत युवा एवम खेल मंत्रालय भारत सरकार ग्रामीण इलाको में छुपी हुई प्रतिभा की पहचान के लिए कृति खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट इंडेटिफिकेशन योजना संचालित कर रही है ।इस कार्यक्रम के अंतर्गत सिमडेगा जिला मुख्यालय में साई के माध्यम से चार दिवसीय 22 से 25 जुलाई तक खेल प्रतिभा खोज कार्यक्रम आयोजित कर खिलाड़ियों की प्रतिभा का टेस्ट लिया जा रहा है ।जिसकी शुरूवात 22 जुलाई को सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने थी तीसरे दिन 656 प्रतिभागियों ने अपना टेस्ट दिया। सिमडेगा में तीन दिनों में कुल 1860 प्रतिभागी भाग लेकर अपना प्रतिभा टेस्ट दे चुके है ।आज अंतिम दिन हॉकी ,फुटबॉल तथा खोखो खिलाड़ियों के प्रतिभा का टेस्ट लिया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में साई रांची, खेल कूद विभाग सिमडेगा, हॉकी सिमडेगा और शिक्षा विभाग सिमडेगा में खेल से जुड़े हुए लोग लगे हुए है। टेस्ट सुबह 07 बजे से होगा।

### राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम से संबंधित हुआ प्रशिक्षण

**सिमडेगा।** सिमडेगा सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन से संबंधित जिले के एएनएम लोगों को प्रशिक्षण दिया गया इस मौके पर प्रशिक्षण देने राज्य से डीएफआईटी कोऑर्डिनेटर अमूल्य महतो के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया साथी उन्होंने बताया कि 28 अगस्त से 13 सितंबर तक जिले में कुष्ठ रोग से ग्रसित लोगों की घर-घर जाकर पहचान करते हुए जांच अभियान चलाया जाएगा उन्होंने कहा कि जिले को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने के लिए लगातार कार्यक्रम चल रहा है ,ताकि आने वाले दिनों में इसका समापन जड़ से किया जा सके ।प्रशिक्षण में सिविल सर्जन डॉ अजित खलखो, डीएलसी डॉक्टर सुहेल अहमद अंसारी पुष्पेंद्र कुमार राहुल कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रभारी ने गांवों का किया दौरा, किसानों से की मुलाकात

## कृषि ही भारतीय अर्थव्यवस्था का रीढ़ है : मंगल सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर प्रमंडलीय सह प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने बुधवार को सिमडेगा विधान सभा क्षेत्र के गांवों का भ्रमण किया और किसानों से उनका हाल चाल जाना। कृषि के अनुकूल बारिश नहीं होने पर किसानों ने चिंता जाहिर की। मंगल सिंह भोगता ने कहा कि ईश्वर की कृपा से सबकुछ ठीक होगा। कृषि ही भारतीय अर्थव्यवस्था का रीढ़ है। किसानों के अनाज उत्पादन से ही देश खुशहाल होगा। हमलोग को अपना कर्म करते रहने की जरूरत है। मंगल सिंह भोगता ने बुधवार को फुलवार टांगर में बीरु में भेड़ीकुदर, खूंटी टोली, तामड़ा, सिकिरयाटांड़, पाकरटांड़ गोठाइन टांगर तथा कोबांग में किसानों से मुलाकात की। मंगल सिंह भोगता ने कहा कि लोक सभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिस जोश और उत्साह के साथ पार्टी के साथ खड़े थे, उसी जोश और उत्साह के साथ विधान सभा चुनाव में भी पार्टी समर्थित उम्मीदवार को जितना है। लोक सभा चुनाव परिणाम जो भी हुआ इस बार वह गलती दुबारा नहीं करनी है। भाजपा परिवार को एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ताकत देना है। मंगल सिंह भोगता के साथ भाजपा कार्यकर्ता महेश सिंह, अवधेश सिंह, सुदर्शन प्रधान, बलराम प्रधान, सहदेव सिंह आदि शामिल थे।

करमटोली व प्रधानटोली के सैंकड़ों ग्रामीणों ने झापा में हुए शामिल

## विकास की राजनीति करती है झारखंड पार्टी : एनोस एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। केरसई**
प्रखंड के करमटोली एवं प्रधानटोली के सैंकड़ों ग्रामीणों ने बुधवार को झारखंड पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। झापा में शामिल होने वाले सभी ग्रामीणों को पूर्व मंत्री सह पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, कोलेबिरा विस उम्मीदवार संदेश एक्का, सिमडेगा विस उम्मीदवार आईरिन एक्का ने दिल खोल कर उनका स्वागत किया। मौके पर एनोस एक्का ने कहा कि झारखंड पार्टी ही क्षेत्र का विकास कर सकती है। आज राष्ट्रीय पार्टियां धर्म के नाम पर वोट लेकर आम जनता को ठगने का काम कर रही है। क्षेत्र की जनता मूलभूत सुविधा जैसे पानी, बिजली, सड़क के लिए तरस रहे हैं। स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति दमाडोल है। जिले में इलाज की समुचित इलाज व्यवस्था नहीं के कारण इलाज के आभाव में गरीबों की जान जा रही है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल रहा है। लेकिन जिले के दोनों कांग्रेस विधायकों को इससे कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर राजनीतिक करने वालों से दूर रहे हैं। विकास की राजनीति करने वाली झारखंड पार्टी को विस चुनाव में जीताने का काम करें। मौके पर जिलाध्यक्ष मतियस बागे, अभय विश्वकर्मा, अमृत चिराग तिर्की, राजेश केरकेट्टा, प्रदीप टोप्पो, प्रभाकर तिर्की, धीरज बेक, प्रकाश साहू आदि उपस्थित थे।

### मूलनिवासी समाज पार्टी ने समाहरणालय परिसर में दिया एक दिवसीय धरना

**कोडरमा।** मूलनिवासी समाज पार्टी ,, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अजय कृष्ण के नेतृत्व में मंगलवार को कोडरमा समाहरणालय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। मौके पर अजय कृष्ण ने बताया कि कोडरमा एससी-एसटी थाना कांड संख्या 3/2024 के सूचक गीता देवी पति-अशोक तूरी ने झूठा मनगढ़ंत कहानी बनाकर केस दर्ज किया है । जबकि गीता देवी से किसी भी तरह से कोई विवाद ही नहीं हुआ है। इस मामले उन्होंने जांच कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं गलत केस करने वालों पर नियमसंगत कार्रवाई की मांग की है। इस मौके परमोहन यादव ,रूपलाल यादव, जयमंति देवी ,बलेशर यादव समेत कई महिलाएं मौजूद थी।

जानकारी

उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्र व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

# खेल मैदान निर्माण करने की दिशा में मिला आवश्यक निर्देश

*निरीक्षण के दौरान एमटीसी केंद्र, ओपीडी व दवा भंडार में दवाइयां की उपलब्धता की जानकारी ली*

*छत से पानी टपकने की स्थिति को देख मरम्मति करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये*



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
उपायुक्त अजय कुमार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कुरडेग काबुधवार को निरीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच, उपायुक्त ने वहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन और उसके संचालन व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ने एमटीसी केंद्र, ओपीडी का भी जायजा लिया। दवा भंडार में दवाइयां की उपलब्धता की जानकारी, साथ ही संपर्दश से संबंधित अस्पताल पर आने वाले मरीजों की इलाज से संबंधित जानकारी ली। छत से पानी टपकने की स्थिति को देख मरम्मति करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पहुच उपायुक्त ने वहां बच्चों से मुलाकात की। इस दौरान उपायुक्त ने बच्चों को मिलने वाले आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने वहां बच्चों को पढ़ने में किसी प्रकार की समस्या हो रही है जिसकी जानकारील ली। बच्चों ने उपायुक्त से खेल के मैदान निर्माण करने की बात कहीं, जिस पर उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी कुरडेग को पोटो हो खेल विकास योजना से मैदान निर्माण करने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। बच्चों द्वारा हॉस्टल में पंखा लगवाने का भी बात कहीं, साथ ही विद्यालय के छात्राओं द्वारा मेन्यू में सब्जी बदल-बदल कर देने की बात कहीं। जिस पर उपायुक्त ने वार्डन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुरडेग ठाकुर गौरीशंकर शर्मा सहित विद्यालय के वार्डन मौजूद रहे।

### मरकच्चो में कई ग्रामीण सड़कों की हालत जर्जर राहगीर परेशान

**मरकच्चो ।** प्रखंड के जामू पंचायत अंतर्गत बिंडा से सिमरिया और पीडब्ल्यूडी रोड से हरलाडीह जाने वाली ग्रामीण सड़क की जर्जर हालत से ग्रामीण काफी परेशान हैं। सड़क की हालत खराब होने से स्कूल जाने वाले बच्चों को भी दिक्कतें होती हैं। साथ ही आये दिन दो पहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। पंचायत की मुखिया नीता कुमारी ने उपायुक्त से मिल उन्हें ज्ञापन सौंप उक्त सड़क को बनवाने की मांग की है। ज्ञापन मे उन्होंने बताया है की मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के अंतर्गत बिंडा से सिमरिया भाया गोंडो अडवार तक सड़क का विशेष मरम्मत कार्य और पीडब्ल्यूडी रोड से हरलाडीह होते हुए नदी तक पथ का मरम्मत काम का टेंडर हो चुका है।

भाजपा नेता के नेतृत्व में कार्यपालक अभियंता से मिले ग्रामीण, सौंपा ज्ञापन, कहा

# गांव में बिजली नहीं रहने के कारण अंधेरा में हाथियों का आतंक ज्यादा बढ़ गया है



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
केरसई प्रखंड के गट्टीकछार गांव के दो दर्जन महिलाएं भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा के पास अपनी परेशानी लेकर पहुंची। ग्रामीणों ने बताया की बिजली विभाग द्वारा पूर्व में कोई भी सूचना दिए बिना बिल अधिक हो जाने के नाम पर गांव के ज्यादातर घर की बिजली काट दी गई है। जिससे ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है, क्योंकि गट्टीकछार गांव हाथी प्रभावित गांव है। उनकी समस्याओं को सुनने के बाद श्रद्धानंद बेसरा के नेतृत्व में सभी महिलाएं विद्युत विभाग के कार्यपालिका अभियंता मनीष चन्द्र पूर्ति से मिलकर आवेदन दिया और इस समस्या के निराकरण का आग्रह किया। मौके पर श्रद्धानन्द बेसरा ने कहा कि विद्युत विभाग का यह रवैया ठीक नहीं है बिजली कनेक्शन काटने से पहले ग्रामीणों को सूचना देनी चाहिए और कुछ दिनों की मोहल्लत देनी चाहिए उसे दौरान बिजली बिल जमा नहीं करने पर बिजली का कनेक्शन काटना चाहिए। अचानक बिजली काटने पर लोगों को समस्याएं होती है और गट्टीकछार में अक्सर हाथी का भी प्रकोप रहता है। भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा के आग्रह पर कार्यपालक अभियंता मनीष चन्द्र

## एक नजर

### कान्वाई चालकों के मुद्दे पर डीसी कोर्ट में हुई सुनवाई

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स कान्वाई चालकों के मामले में मंगलवार को उपायुक्त न्यायालय में सुनवाई हुई, जिसमें टाटा मोटर्स के अधिवक्ता व श्रम विभाग की ओर से अपना-अपना पक्ष रखा गया। मजदूर पक्ष की ओर से 2017 में दिए गए डीसी के आदेश को लागू करने की मांग की गई। विषय की गंभीरता को देखते हुए अगली सुनवाई की तिथि 6 सितंबर मुकर्रर की गई। सुनवाई में मजदूर प्रतिनिधि की ओर से ज्ञानसागर प्रसाद, विनोद कुमार सिंह, हरिशंकर प्रसाद, जसपाल सिंह, त्रिलोचन सिंह, जुगल प्रसाद, रामचंद्र राव, जसपाल सिंह, त्रिलोकी चौधरी, उमेश प्रसाद आदि मौजूद थे।

### दो ट्रकों के बीच हुई भिडंत, चालक की मौत

चाईबासा।हाटगमहरिया और जैतगढ के बीच दो ट्रैकों के आमने-सामने भीडंत होने से एक ट्रक के चालक की मौत हो गई। मृतक चालक 23 वर्षीय सोनू कुमार औरंगाबाद मदनपुर थाना के लालटेन गंज का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात के लगभग 12 बजे सोनू कुमार अपना ट्रक उड़ीसा के बड़बिल से लेकर चाइबासा की ओर आ रहा था। रास्ते में हाटगमहरियाऔर जैतगढ के बीच विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से आमने-सामने भिड़ंत हो गया। जिससे चालक सोनू कुमार की घटना स्थल पर मौत हुई। जगन्नाथपुर थाना पुलिस ने शव को घटना स्थल से उठाकर बुधवार को दोपहर बाद पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल लायी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों ने पैतृक गांव मदनपुर के डाल्टेनगंज ले गए।

### कन्फेक्शनरी की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**जमशेदपुर।** जिले के बागबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत हर-हर गुद्दू स्थित नारायणी इंटरप्राइजेज कन्फेक्शनरी की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इस घटना में दुकान में रखे लाखों के सामान जलकर राख हो गए।
बताया गया कि दुकान मालिक शिवम गुप्ता मंगलवार रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। बुधवार सुबह जब दुकान पहुंचे तो देखा कि दुकान के अंदर आग लगी हुई है। उन्होंने पाया की दुकान के पिछले हिस्से में तार जली पड़ी है। देर ना करते हुए उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना और अग्निशमन विभाग को दी। तत्काल अग्निशमन विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से आग बुझाया।

# नीतियां अच्छी हो तो रोजगार के लिए पलायन की जरूरत नहीं पड़ेगी : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
ताज होटल को लेकर टाटा समूह के द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के साथ आयोजित एमओयू कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि रोजगार की खातिर झारखंड से बड़ी संख्या में लोगों का पलायन देश और विदेश के लिए होता है। यदि कोई बेहतर रोजगार और बेहतर जीवन के लिए बाहर जाता है तो इसमें कोई बुराई नहीं है लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि यदि इस राज्य में रोजगार से संबंधित नीतियों को बेहतर तरीके से बनाकर अमल में लाया जाए तो यहां से युवाओं को रोजगार के लिए पलायन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हमारी सरकार अपने ही राज्य में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।



### दूसरे राज्यों और देश के बेहतर चीजों को ग्रहण करना चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अक्सर सरकारी कार्यक्रमों और निजी वजह से भी अन्य राज्यों का भ्रमण करता रहता हूं। वहां कई कार्यक्रमों और गतिविधियों में भी शामिल होता हूं। वहां काफी कुछ जानने-समझने का मौका मिलता है। मेरा मानना है कि दूसरों की यदि अच्छी चीज हमारी व्यवस्था के लिए बेहतर होगी तो उसे जरूर ग्रहण करना चाहिए। इससे राज्य और राज्यवासियों बेहतर व्यवस्था देने और आगे ले जाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

### राज्य सरकार कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार

मुख्यमंत्री ने कहा कि टाटा समूह की कई इकाईयां यहां वर्षों से स्थापित हैं। इन इकाइयों और प्रतिष्ठानों में लाखों लोगों को रोजगार मिला हुआ है। यह समूह यहां कई और उद्यम स्थापित करने के लिए आगे आ रहा है। ऐसे में राज्य सरकार इस समूह के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है। हम सभी की भागीदारी से झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने में कामयाब होंगे।

### टाटा समूह के साथ झारखंड का रिश्ता काफी पुराना

मुख्यमंत्री ने कहा कि टाटा समूह के साथ झारखंड का रिश्ता काफी पुराना है। इस रिश्ते के 100 वर्ष से ज्यादा हो चुके हैं। इस दौरान टाटा समूह ने औद्योगिक और अन्य माध्यमों से झारखंड के विकास में अहम रोल निभाती आ रही है। इस रिश्ते को हम और भी मजबूत कर सकते हैं। मैं वर्षों पुराने इस रिश्ते को लेकर टाटा समूह से पूरे अधिकार से कह सकता हूं कि वह राज्य की जनता के हितों को प्राथमिकता दें। टाटा समूह भी इस बात से भली-भांति वाकिफ है और वह इसमें पूरा सहयोग करेगी।

# झारखंड के सभी जिलों में गोशाला का हो निर्माण : मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
गोबर के विशिष्ट उत्पाद, हैंडीक्राफटस को बढ़ावा देने को लेकर पशुपालन भवन हेसाग हटिया स्थित सभागार में पांच दिवसीय गोबर प्रसंस्करण आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रांची जिले के दस प्रखंडों की कुल 200 महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन सह झारखण्ड गो सेवा आयोग द्वारा संचालित हमारी गोमाता हमारा दायित्व ऑनलाइन कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, उपाध्यक्ष राजू गिरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पशुपालन निदेशककिरण पासी उपस्थित थी। कार्यक्रम में उपस्थित महिला प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि झारखण्ड गो सेवा आयोग के कार्यो से यह परिलक्षित होता है कि आयोग अपने कार्यो के प्रति गंभीर प्रयास कर रहा है जिससे झारखण्ड के पशुपालकों की स्थिति बेहतर बनाई जा सके। गोबर प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं हमारी गोमाता हमारा दायित्व कार्यक्रम की उन्होंने प्रशंसा करते हुए आशा जताई कि इसका प्रसार झारखण्ड के अन्य जिलों में भी किया जाएगा। गोशाला निबंधन के संबध में उन्होंने कहा कि झारखण्ड के जिन जिलों में जहां कोई भी गोशाला संचालित नहीं है वहां भी गोशाला का निर्माण सह निबंधन का प्रयास किया जाए। गोबर के लाभ के संबध में उन्होनें बल देकर कहा कि इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और आवश्यकतानुसार रोजगार के लिए बैंक को भी इसका सहभागी बनाया जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखण्ड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने की। उन्होंने कहा कि आज इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम की बहुत आवश्यकता है। यह कार्यक्रम भविष्य में देशी गो पशुओं के संरक्षण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

# इलाजरत झामुमो जिला सचिव से मिलीं कल्पना सोरन



गांडेय। गांडेय विधायक कल्पना सोरेन बुधवार को सदर अस्पताल गिरिडीह पहुंचकर वहां इलाजरत झामुमो जिला सचिव महालाल सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मौके पर विधायक ने अस्पताल प्रबंधन एवं चिकित्सकों से इन्हें गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन ने सदर अस्पताल गिरिडीह में इलाजरत अन्य मरीजों से मुलाकात कर उनके बेहतर चिकित्सा सेवा का निर्देश अस्पताल प्रबंधन के पदाधिकारियों को दिया।

### माले नेता ने तिसरी बीडीओ को पांच सूत्री मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**गिरिडीह / तिसरी।** भाकपा माले नेता जय नारायण यादव ने बुधवार को तिसरी बीडीओ को पांच सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा. इस बाबत जय नारायन यादव ने कहा कि पांच सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जा रहा है. अगर इन मांगों को 10 दिनों के अंदर तिसरी बीडीओ और अंचलाधिकारी द्वारा पूरा नहीं किया गया तो भाकपा माले 5 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेगी. इस ज्ञापन में मनरेगा मजदूर को रोजगार देना, योजना स्वीकृत के नाम पर पैसा नहीं लिया जाए, बेघर लोगों को आवास दिया जाए और भूमिहीन लोगों को 5 डिसमिल जमीन दिया जाए, और साथ में एक एकड़ खेती के लिए जमीन दिया जाए. श्री यादव में कहा कि अगर तय वक्त तक उपरोक्त मांगों पर विचार नहीं किया गया तो 5 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे। और जरूरत पड़ी तो भूख हड़ताल पर भी बैठा जाएगा. धरना कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव होंगे। मौके पर माले नेता मंटू शर्मा, भोला साव, लालो राय कमलेश यादव आदि उपस्थित थे।




**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम के अधिन मटवारी मार्केट, टाउन हॉल मार्केट एवं सभी मार्केट में नीचला तल्ला स्थित बरामदा (Passage) को हमेशा उपयोग करते है। जिस कारण सभी के सहमति से सभी दुकानदार के सामने बरामदा को बन्दोवस्त निम्न शर्तो के अनुसार किया जाना है :-

(क) यह कि उक्त दुकान के सामने बरामदा को एकमुस्त 500/- रुपये प्रति वर्गफीट सलामी देकर बन्दोवस्त किया जायेगा।
(ख) बरामदा की बन्दोवस्ती क्षेत्रफल को 15/- रुपये प्रति वर्गफीट प्रतिमाह सभी कर सहित होगा।
(ग) बन्दोवस्ती की अवधि सभी दुकानदार के एकरारनामा में शेष अवधि तक ही रहेगा।
(घ) दुकान के सामने बरामदा के बाद का स्थल को हमेशा खाली रखेंगे तथा उसे किसी भी प्रकार से प्रयोग में नहीं लायेंगे।

सभी दुकानदार उपरोक्त शर्तो को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के अन्दर अपना आवेदन पत्र के साथ कण्डिका 'क' की राशि के साथ कार्यालय में जमा करेंगे। अन्यथा नगरपालिका अधिनियम 2011 के अनुसार विधि सम्मत् कार्रवाई की जायेगा।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 330622 (Urban Development and Housing) 24-25 (D)


# महिला उत्थान की दिशा में हेमंत सरकार गंभीर: मंत्री बेबी



**नवीन मेल संवाददाता। भंडारीदह**
चन्द्रपुरा प्रखंड अंतर्गत तारमी पंचायत में बुधवार को डीएमएफटी योजना से सीएलएफ भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास झारखंड सरकार की मंत्री बेबी देवी व स्थानीय मुखिया मंजू देवी ने संयुक्त रूप से किया। जबकि बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ऊर्फ अनूप सिंह शिलान्यास में ऑनलाइन शामिल हुए।
शिलान्यास के बाद मंत्री बेबी देवी एवं बेरमो विधायक कुमार जयमंगल ने कहा कि इस भवन के निर्माण होने से आसपास की जेएसएलपीएस की 18 से 20 महिला संगठनों को बैठ कर काम करने में काफी सहूलियत होगी। कहा कि झारखंड सरकार महिलाओं के उत्थान के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। हमारी सरकार का उद्देश्य महिलाओं को हर क्षेत्र में सबल बनाना है। हेमंत सोरेन सरकार राज्य हित में बेहतर कार्य कर रही है। भवन को गुणवत्तापूर्ण तथा समय सीमा के भीतर बनाने की बात कही। इस दौरान दौलत महतो, प्रदीप महतो, राज कुमार महतो, झामुमो तारमी पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर कुमार शर्मा, विजय कुमार गिरि, सिकंदर कुमार गिरि, शंकर प्रसाद, तुलसी पांडेय, एएनएम पुष्प कुमारी, लालू चौहान प्रमोद कुमार, निर्मल कुमार महतो सहित कई महिला व पुरुष शामिल थे।

# सड़क किनारे खड़ी बाइक को घसीटते हुए ट्रैक्टर ने पोल में मारी टक्कर, महिला जख्मी

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गावां-सतगावां पथ पर बिरने के पास बुधवार की देर शाम एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। यहां एक बेकाबू ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़ी बाइक को घसीटते हुए बिजली पोल में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में सड़क किनारे से गुजर रही एक महिला जख्मी हो गई। वहीं बिजली पोल और तार टूटकर सड़क पर गिर गया। इससे बिजली चालू होने के कारण कुछ समय के लिए सड़क पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। आनन फानन में ग्रामीणों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को दी। तब जाकर लाइट को काटा गया और सड़क से तार को हटाया गया। घायल महिला चिहुटियां निवासी मालती देवी पति भूलो यादव (45) वर्ष थी। वह अपने घर से बिरने चौक दवा लाने जा रही थी। इसी बीच उक्त हादसे के दौरान ट्रैक्टर के हल जोतने वाला उपकरण के पंजा से गिरकर



घायल हो गई। बाद में उसे आनन फानन में ग्रामीणों के सहयोग से गावां अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए परिजन उन्हें धनबाद ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर जिप सदस्य पवन चौधरी और माले नेता अशोक मिस्त्री अस्पताल पहुंचे और घायल महिला का हाल-चाल लिया। इधर पुलिस दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई। ग्रामीणों के अनुसार ट्रैक्टर चालक नशे के धूत में था।


**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO.-1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi)**
**Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE**
**FOR RATE PURPOSE ONLY**

Quotation Reference No : BCD/Bld. Div. No.- 1 --- 09/2024-25

Sealed Quotations are invited for the work Supply of House Hold items & Furniture at C.M. House Kanke Road, Ranchi for all Materials from Reputed Shop Keepers / Manufacturers / Suppliers / Retailers / Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

Terms and Condition
1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट :-
(1) वेबसाईट में ई-कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 02.08.2024 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
(2) ई-कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 03.08.2024 अपराह्न 1:30 बजे।
(3) ई-कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची।
(4) ई-कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 8527519262

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division No.-1, Ranchi

PR 330550 Building (24-25)_D


# युवाओं व अन्नदाता पर ध्यान केंद्रित करना प्रशंसनीय : सीआईआई

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) ने केंद्रीय बजट 2024-25 को विकासोन्मुखी बजट बताया। साथ ही कहा कि बजट में एमएसएमई, कृषि, बुनियादी ढांचा, कौशल, प्रौद्योगिकी, नवाचार और व्यापार करने में आसानी सहित कई क्षेत्रों का ध्यान रखा गया है। उद्योग जगत केंद्रीय बजट 2024-25 में एमएसएमई को प्राथमिकता देने के लिए सरकार की सराहना करता है। ये पहल हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ को मजबूत करेगी और नवाचार, रोजगार सृजन और सतत विकास को आगे बढ़ाएगी।
सीआईआई ने बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए योजना तैयार करने के लिए सरकार की सराहना की। बिहार के लिए 26 हजार करोड़ रुपये के चार एक्सप्रेसवे और पुल परियोजनाएं इस क्षेत्र को आवश्यक बढ़ावा देंगी। सीआईआई ने पर्यटन क्षेत्र को प्राथमिकता देने और गया में विश्वनाथ और महाबोधि मंदिर के विकास की वित्त मंत्री की घोषणा का भी स्वागत किया। मंदिरों, स्मारकों, समुद्र तटों और ओडिशा की सांस्कृतिक विरासत और राजगीर के व्यापक विकास से पूर्वी क्षेत्र के पर्यटन को लाभ होगा। एंजेल टैक्स का उन्मूलन और धर्मार्थ संगठनों, टीडीएस, पुनर्मूल्यांकन और खोज मामलों और पूंजीगत लाभ कर व्यवस्था के कराधान के प्रस्तावों को सीआईआई से एक मजबूत आह्वान किया गया।

> *केंद्रीय बजट 2024-25 में एमएसएमई को प्राथमिकता देना सरकार के लिए सराहना कदम।*

**रोजगार सृजन पर जोर :** प्रधानमंत्री के पैकेज के हिस्से के रूप में रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन के लिए 3 योजनाएं जो ईपीएफओ में नामांकन पर आधारित होंगी और पहली बार के कर्मचारियों की मान्यता और समर्थन पर ध्यान केंद्रित करेंगी। बाढ़, बादल फटने, भूस्खलन आदि जैसी चरम मौसम की घटनाओं से प्रभावित राज्यों को पुनर्निर्माण और पुनर्वास सहायता की उद्योग के सदस्यों ने सराहना की। सीआईआई ने क्रिटिकल मिनरल्स मिशन का भी स्वागत किया, है जो घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और महत्वपूर्ण खनिजों के पुनर्चक्रण पर केंद्रित है।

### सोलर प्लेट एवं सोलर लाइट व स्विच बोर्ड की हुई चोरी

**चाईबासा/ गुवा।** गुवा से मनोहरपुर जाने वाले रास्ते नुईया गांव से चार किलोमीटर दूर मां दुर्गा वन देवी मंदिर के बगल हर घर जल योजना के तहत बनाया गया सोलर जल मीनार से बीती रात अज्ञात चोरों ने सोलर जलमीनार में लगे सोलर प्लेट एवं सोलर लाइट व स्विच बोर्ड की चोरी कर ली गई है।


**AFFIDAVIT**

I, **Ritika Kumari**, father **Shiv Shankar Kumar**, Address-Road No. 17, Patel Nagar Hatia, Post-Hatia, Police Station-Jagarnathpur, District-Ranchi, Jharkhand-834003 resident. I declare that in my Intermediate Registration Slip my father's actual name is **SHIV SHANKAR KUMAR** and my mother's actual name is **KUMARI SNEHLATA** and the UID of my Aadhaar card is – 6866-2832-9182. Whereas in my matriculation certificate the name of my father and mother is written correctly, which is **SHIV SHANKAR PRASAD** and **KUMAR SANEH LATA.** This certificate has been executed by the C.I.S.C.E Examination Board for the purpose of correction in the name of my father and mother in my matriculation certificate. **SHIV SHANKAR KUMAR** and **SHIV SHANKAR PRASAD** and **KUMARI SANEH LATA** and **KUMARI SNEHLATA** both are one and the same person i.e. the name of my father and mother.

**Affidavit Number: 17385, Date: 20/07/2024**



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा**
**नए समाहरणालय भवन, ब्लॉक-ए,द्वितीय तल्ला**
**दूरभाष: 06525-225835 फैक्स: 225836**
**E-mail:- ssasimdega@yahoo.co.in**

पत्रांक : **आम सूचना** दिनांक:

निः शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम् 2009 की धारा 12 (1) (सी.) के अन्तर्गत जिले में संचालित कुल 06 मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों (अल्पसंख्यक विद्यालय को छोड़कर) यथा डी०ए०भी० पब्लिक स्कूल सिमडेगा, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा, सिमडेगा, रामरेखाधाम सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय सरखुटोली, सिमडेगा, संत जोन्स स्कूल इंगलिश मीडियम फरसाबेड़ा, सिमडेगा, हिल-व्यू पब्लिक स्कूल, सिमडेगा, संत मेरिज इग्लिश मिडियम स्कूल, सामटोली, सिमडेगा के प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीट पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नामांकन प्रारंभ किया जा रहा है। चयनित छात्र-छात्राओं की सूची उपरोक्त विद्यालयों को प्रेशित की गई है। अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन पंजीयन फार्म में अंकित विद्यालय में नामांकन कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा

PR 330617 Simdega(24-25).D



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
(GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING), **OFFICE:**
**General Manager, Contracts & Materials, Multi-Lateral Funding Projects,**
**JUSNL Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 (Jharkhand)**
**Email: piujusnl@gmail.com Visit us on: www.jharkhandtenders.gov.in**

**e-Tender Notice**

**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited** invites Bids (to be submitted in the e-Procurement Portal) for the following works:-

| NIT No. | Name of work (Request for Bid (RfB)) | Date of publishing e-NIT | Last date of submission/ uploading bid by the bidder | Date of Opening of technical part of Bid |
|---|---|---|---|---|
| 113/PR/ JUSNL/ 2024-25 | Design, Engineering, Supply, Installation, Testing & Commissioning of 220/132 kV Grid Substations at Jadugoda and additional 132 kV Bays at Dhalbhumgarh GSS along with dismantling Works) | 25.07.2024 | 13.08.2024 upto 18:00 Hrs | 14.08.2024 at 16:30 Hrs |
| 114/PR/ JUSNL/ 2024-25 | Design, Supply, Installation, Testing & Commissioning of 220 KV Double Circuit Transmission Lines (1)Transmission line from Chaibasa (PGCIL) – Jadugoda (New) (47.7 km) (2)Transmission line from Chandil (New)- Jadugoda (New) (51.3 Km) | 25.07.2024 | 13.08.2024 upto 18:00 Hrs | 14.08.2024 at 16:30 Hrs |
| 115/PR/ JUSNL/ 2024-25 | Design, Engineering, Supply, Installation, Testing & Commissioning of 132 KV Double Circuit Transmission Lines from Jadugoda(New)- Dhalbhumgarh, ( 63.4 Km) | 25.07.2024 | 13.08.2024 upto 18:00 Hrs | 14.08.2024 at 16:30 Hrs |

Detailed Invitation of Bids which includes instructions for submission of Bids and all other relevant information are available on http://www.jharkhandtenders.gov.in along with Bidding Documents. Any details required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned (+91-9430090855) during office hours.
The firms that technically qualify will be informed for date of opening for financial part of Bid.
Bidders are advised to note the minimum qualification criteria specified in bidding document. Interested bidders may participate in the bidding process as per instructions given in the bidding document.
Ajay Kumar, General Manager, Contracts & Materials, Multi-Lateral Funding Projects, JUSNL
Address – JUSNL Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, Jharkhand, India, Mobile: +91-9430090855, Email: piujusnl@gmail.com

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
C&M, MLFP, JUSNL, Ranchi

PR 330529 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)#D

“ एक बेहतरीन किताब 100 अच्छे दोस्त के बराबर है, लेकिन एक सर्वश्रेष्ठ दोस्त पुस्तकालय के बराबर है। - अब्दुल कलाम



# पुरानी नीतियों से आत्मविश्वास भरा बजट

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले आम बजट में कुछ बड़े नीतिगत बदलावों की उम्मीद थी। भाजपा के अपने दम पर बहुमत हासिल करने से चूकने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहली बार गठबंधन सरकार की अगुवाई करने को देखते हुए रेवड़ियां बंटने की उम्मीद से कोई इन्कार नहीं कर रहा था। हालांकि, आम बजट में ऐसा कुछ नहीं दिखा। तो संदेश साफ है, मोदी सरकार आत्मविश्वास से भरी है। उसने अपनी पुरानी आर्थिक नीतियों पर ही आगे बढ़ने का फैसला किया है। इस आम बजट को मोदी सरकार के पिछले दो कार्यकालों में पेश अन्य बजटों की तरह ही देखा जा सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 6.5 से 7 फीसदी है। यह संतोषजनक स्थिति कही जा सकती है। इसीलिए सरकार ने कोई विशेष या नया प्रयोग कर बेवजह घबराहट पैदा करने की कोशिश नहीं की।

**स्वरोजगार हो या कृषि क्षेत्र या आर्थिक सुधार, सरकार ने पहले की तरह ही धीरे-धीरे आगे बढ़ने का फैसला किया, जो देश हित में है**

स्वरोजगार हो या आर्थिक सुधार अथवा कृषि क्षेत्र या कौशल विकास, सरकार ने पहले की तरह ही धीरे-धीरे आगे बढ़ने का फैसला किया। बिहार और आंध्रप्रदेश को विशेष सौगात देने की बात करें तो यह स्वभाविक ही है। जदयू और टीडीपी सरकार के सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। इनको साधे रखने की रणनीति के तहत इन राज्यों का विशेष ख्याल रखने में कुछ नया नहीं है। भारतीय राजनीति में गठबंधन सरकारों में पहले भी सहयोगी समर्थन की कीमत वसूलते रहे हैं। फिर यह भी नहीं भूलना चाहिए कि ये दोनों दल अलग-अलग राज्यों में सरकार चला रहे हैं। इनके सामने भी अपने राज्यों के मतदाताओं को संदेश देने की जरूरत है। बिहार के साथ आंध्र को भी बोनस नहीं मिला है उनकी आवश्यकता की पूर्ति की गई है। वैसे आमजन का बड़ा सवाल रोजगार को लेकर है। आम चुनाव के नतीजे ने बताया कि बेरोजगारी पर युवा मोदी सरकार से नाराज थे। मध्य वर्ग बचत न होने के कारण परेशान होकर नाराज हुआ। मध्य वर्ग के एक बड़े हिस्से को आयकर में राहत की फुहार मिली। कुल मिलाकर कह सकते हैं कि अपने दम पर बहुमत हासिल न होने के बावजूद सरकार के आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं आई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पुरानी आर्थिक नीतियों के जरिये ही अच्छे परिणाम हासिल करने के प्रति आश्वस्त दिखती हैं। उन्हें लगता है कि पुरानी नीतियों से ही निवेश की स्थिति बेहतर होगी और राजकोषीय घाटे पर भी लगाम लगेगी। रोजगार पर अहम घोषणाएं तो कीं, लेकिन नतीजे स्पष्ट नहीं रोजगार के परिप्रेक्ष्य में सरकार ने कई अहम घोषणाएं तो की हैं, मगर फिलहाल यह पूरी तरह से अस्पष्ट है। अगले पांच साल में 4.1 करोड़ युवाओं को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है। वहीं, 500 शीर्ष कंपनियों में एक करोड़ युवाओं के लिए इंटर्नशिप का प्रस्ताव है। सवाल है कि इसकी प्रक्रिया क्या होगी? यह किस तरह का रोजगार होगा? इसके नियम और शर्तें क्या होंगी? चूंकि इस बारे में सरकार ने कुछ साफ-साफ नहीं कहा है, इसलिए इस पर कुछ भी कहना फिलहाल जल्दबाजी होगी।

# प्रतिबंध मुक्त संघ एक नयी किरण का आगाज



केंद्र की राजग सरकार ने एक महत्वपूर्ण एवं साहसिक आदेश के जरिये सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक को हटा कर लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक भावना एवं मूल्यों का जीवंत किया है। भले ही इस आदेश को लेकर विपक्षी राजनीतिक दलों की तल्ख प्रतिक्रिया सामने आ रही है। वहीं संघ ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि तत्कालीन सरकार ने निराधार ही शासकीय कर्मियों के संघ की गतिविधियों में भाग लेने पर रोक लगायी थी। निश्चित ही वर्तमान सरकार का यह निर्णय लोकतांत्रिक व्यवस्था को पुष्ट करने वाला है क्योंकि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एक गैर-राजनीतिक संगठन है, गत 99 वर्षों से सतत राष्ट्र के पुनर्निर्माण एवं समाज की सेवा में संलग्न संघ एक रचनात्मक, सृजनात्मक एवं सांस्कृतिक संगठन है। राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता-अखंडता एवं प्राकृतिक आपदा के समय में संघ के योगदान की विभिन्न राजनीतिक विचारधारा के नेताओं एवं दलों ने प्रशंसा भी की है। इस नये आदेश को लेकर इंडी गठबंधन के दलों में खलबली एवं बौखलाहट का सामने आना स्वाभाविक है, क्योंकि इस आदेश से संघ की ताकत बढ़ेगी, जो इन विपक्षी दलों की चिन्ता का बड़ा कारण है।

दरअसल, आरोप है कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने समय-समय पर सरकारी कर्मचारियों की संघ के कार्यक्रमों में शामिल होने पर रोक लगा दी थी। संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर कर्मचारियों को कड़ी सजा देने तक का प्रावधान लागू किया गया था। सेवानिवृत होने के बाद पेंशन लाभ इत्यादि को ध्यान में रखते हुए भी अनेक सरकारी कर्मचारी चाहते हुए भी संघ की गतिविधियों में शामिल होने से बचते थे। हालांकि, इस बीच मध्यप्रदेश सहित कई राज्य सरकारों ने इस आदेश को निरस्त कर दिया था, लेकिन इसके बाद भी केंद्र सरकार के स्तर पर यह वैध बना हुआ था। इस मामले में एक वाद इंदौर की अदालत में चल रहा था, जिस पर अदालत ने केंद्र सरकार से सफाई मांगी थी। इसी पर कार्रवाई करते हुए केंद्र सरकार ने नौ जुलाई को एक ऑर्डर जारी करते हुए उक्त प्रतिबंधों को समाप्त करने की घोषणा कर दी। निश्चित ही यह आदेश संघ से जुड़े एवं राष्ट्रीय विचारधारा वाले सरकारी कर्मचारियों के लिये एक नयी किरण है।

आपातकाल में इंदिरा गांधी सरकार की तानाशाही खुलकर सामने दिखी थी, लेकिन उससे पहले भी तानाशाही कदम उठाए जाते रहे थे। दरअसल, 7 नवंबर 1966 को संसद के सामने गोहत्या के खिलाफ एक बड़ा प्रदर्शन हुआ था। 30 नवंबर 1966 को संघ-जनसंघ के प्रभाव से हिलकर इंदिरा गांधी ने सरकारी कर्मचारियों के संघ में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया। क्योंकि संघ व जनसंघ के प्रयासों से लाखों लोग जुटे थे और पुलिस के साथ टकराव में कई लोगों की जान गई थी। गोलीबारी में सैंकड़ों निर्दोष साधु-संत मारे गये थे। इस जघन्य हत्याकांड से क्षुब्ध होकर तत्कालीन गृहमंत्री गुलजारी लाल नंदा ने अपना त्यागपत्र दे दिया था। कांग्रेस पार्टी ने 58 साल पहले वर्ष 1966 में संघ पर लगाये गए प्रतिबंध को हटाने के औचित्य पर सवाल उठाए हैं। कहा जा रहा है कि जनसंघ, वाजपेयी सरकार और मोदी सरकार की पिछली एक दशक की सरकार के दौरान भी यह प्रतिबंध नहीं हटाया गया था, फिर अभी हटाने के पीछे गहरी राजनीतिक चाल है। वहीं संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर का कहना है कि संघ पिछले 99 साल से राष्ट्र के सतत निर्माण व समाज सेवा में संलग्न रहा है। अपने राजनीतिक स्वार्थ के चलते तत्कालीन सरकार ने शासकीय कर्मचारियों को संघ जैसे रचनात्मक संगठन की गतिविधियों में भाग लेने हेतु निराधार प्रतिबंधित किया था।

क्रांति का फलित है व्यापक स्तर पर होने वाला कोई बड़ा परिवर्तन। व्यक्ति जिस समाज में जीता है, उसकी व्यवस्थाओं, नीतियों और परम्पराओं में जब घुटन का अनुभव करता है जो वह किसी नए मार्ग का अनुसरण करता है।

**आज की बात**



**ललित गर्ग**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

आज आजादी के बाद की राजनीतिक विसंगतियों से पनपी ऐसी ही घुटन से बाहर निकालने के प्रयत्न वर्तमान सरकार द्वारा हो रहे हैं। ऐसा ही एक विशिष्ट उपक्रम है सरकारी कर्मचारियों के संघ की गतिविधियों में भाग लेने पर लगा प्रतिबंध का हटना। इसको लेकर भी विपक्षी दलों द्वारा जनता को गुमराह किया जा रहा है, राष्ट्र की एकता को विखंडित करने के प्रयास हो रहे हैं। लेकिन केंद्र सरकार ने संघ की गतिविधियों में कर्मचारियों के शामिल होने पर लगे प्रतिबंध को हटाकर नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा की है। निःसंदेह, सरकार का यह निर्णय लोकतंत्र और संविधान की भावना को मजबूत करनेवाला है। भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को यह अधिकार देता है कि वह विविध सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठनों में शामिल हो सके। एक सामान्य नागरिक की भांति यह अधिकार कर्मचारियों को भी प्राप्त है कि अपने कार्यालयीन समय के बाद सामाजिक गतिविधियों का हिस्सा हो सकते हैं। परंतु, लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देनेवाली कांग्रेस की सरकार ने तानाशाहीपूर्ण तरीके से संघ की गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों के भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया था, जो एक प्रकार से राष्ट्रीय विचार के प्रति झुकाव रखनेवाले लोगों को हतोत्साहित करने का प्रयास ही था। कांग्रेस की नीयत को समझिए कि उसने ऐसा कोई प्रतिबंध इस्लामिक, ईसाई, कम्युनिस्ट और अन्य प्रकार के संगठनों की गतिविधियों में शामिल होने पर नहीं लगाया था।

**आपकी बात**

# ‘नौली योगिक क्रिया पाचन प्रणाली में सुधार करती है’




नौली एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है एक व्यायाम जो शरीर के आंतरिक अंगों की मालिश करके पेट के क्षेत्र को साफ करने के लिए किया जाता है। इसे अंग्रेजी में ‘आइसोलेशन ऑफ द बेली’ भी कहा जाता है। इस अभ्यास के चार अलग-अलग संस्करण हैं: मध्यान नौली, वामा नौली, दक्षिणा नौली और भ्रमर नौली क्रिया। नौलि क्रिया में पेट की आन्तरिक मांसपेशियों को गोल-गोल घुमाया जाता है जिससे उनकी मालिश होता है। इस क्रिया को करने के लिये खड़े होकर, पैरों के बीच कुछ दूरे रखते हुए, घुटनों को मोड़कर किया जाता है। उड्डियान बन्ध, नौलि में किया जाने वाला बन्ध। नौलि छह षटकर्मों में से एक है, जो पारंपरिक हठ योग में प्रयुक्त शुद्धिकरण है। नौली शुरू करने के लिए क्लासिक स्थिति यह है कि खड़े होकर धड़ को थोड़ा आगे की ओर झुकाएं और हाथों को जांघों पर टिकाएं। पूरी सांस बाहर छोड़ी जाती है और फिर पेट को अंदर लाया जाता है। फिर पेट की मांसपेशियों को अलग किया जाता है और एक सर्कल में घुमाए जाने से पहले उन्हें सिकोड़ा जाता है। यह हठ योग में इस्तेमाल किए जाने वाले छह षट्कर्म या शुद्धिकरण विधियों में से एक है। माना जाता है कि नौली समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है और जीवन शक्ति को बढ़ाती है। यह मणिपुर और स्वाधिष्ठान चक्रों को भी सक्रिय करती है नौली क्रिया मैं उड्डियन बन्ध मैं फेफडों को खाली किया जाता है, और पेट पसली के निचले किनारे के नीचे अंदर और ऊपर की ओर खींचा जाता है मध्यान नौलि : केवल पेट की केंद्रीय मांसपेशियां सिकुड़ती हैं वाम नौलि मैं केवल पेट की बाईं मांसपेशियां सिकुड़ती हैं दक्षिण नौलि मैं केवल पेट की दाहिनी मांसपेशियां सिकुड़ती हैं। योग का एक नियम है कि प्रत्येक मांसपेशी एक दिन में कम से कम एक बार गतिशील अवश्य हो। इससे हमारी ऊर्जा पुनः प्रवाहित होने लगती है और रुकावटें दूर होती हैं। ऊर्जा पानी के समान है। जो पानी एक जगह ठहरा रहता है वह अशुद्ध और दुर्गंधयुक्त हो जाता है। इसके विपरीत, जो पानी बहता रहता है हमेशा शुद्ध रहता है। यही कारण है कि हमें भी अपने पेट की मांसपेशियों और आंतों को रोजाना गतिशील करना चाहिये। नौलि अति प्रभावी रूप से पाचन में सहायक है और इस प्रक्रिया में आने वाली रुकावटों को दूर करती है। नौली योगिक क्रिया के पेट की मांसपेशियों को मजबूत करती है और आंतों व पेट के निचले अवयवों की मालिश करती है। यह रक्तचाप को नियमित करती है और मधुमेह के खिलाफ सुरक्षात्मक परहेजी प्रभाव रखती है। यह अम्ल शूल और चर्म रोगों (मुहांसों) को दूर करने में सहायक है संपूर्ण पाचक प्रणाली पर सकारात्मक असर और रुकावटें दूर करने से नौलि हमारे स्वास्थ के लिए सर्वोत्तम व्यायामों में से एक है।

**–योगाचार्य महेशपाल, रांची।**

**देश की बात**

# ज्वलंत मुद्दा : कई आईएएस की नियुक्तियों पर उठते सवाल!



**श्रीगोपाल नारसन**

यूपीएससी में एक नहीं अनेक कारनामें नाम से जगदीश्वर चतुर्वेदी की फेसबुक वाल पर अनेक उन अधिकारियों का उल्लेख किया गया है, जिन पर नियमों को ताक पर रखकर या फिर तथ्य छिपाकर नियुक्ति पाने का आरोप है। सच क्या है यह तो उच्च स्तरीय जांच के बाद ही पता चल पाएगा लेकिन लग रहे आरोपो में इस समय सबसे ऊपर आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर है, जिनके चयन को लेकर शुरू से विवाद है,जो अभी तक भी थमने का नाम नही ले रहा है। इसी विवाद के चलते पूजा खेड़कर को रोब गालिब करने व पद की सीमाओं से परे जाकर प्रदर्शन करने के मामले में उनके कथित फर्जी कुछ प्रमाण पत्रों के कारण ट्रेनिंग से वापस बुला लिया गया, उनकी मां को गिरफ्तार होना पड़ा और संघ लोकसेवा आयोग ने भी उन्हें नोटिस जारी कर उन्हें मुसीबत में डाल दिया है। पूजा खेडकर ने काशीबाई नवले मेडिकल कॉलेज में एडमिशन लेते वक्त अपना फिटनेस सर्टिफिकेट जमा किया था। इसमें कहा गया है कि वह किसी भी रूप में विकलांग नहीं है। जबकि संघ लोकसेवा आयोग में प्रतियोगी परीक्षार्थी के तौर उन्होंने घोषित किया कि उन्हें मानसिक बीमारी, दृष्टि दोष सहित कई विकलांगताएं हैं। पूजा खेडकर ने मेडिकल कॉलेज में एडमिशन नॉन क्रीमी लेयर ओबीसी कोटा के अंतर्गत लिया था,जिसमे उनकी जाति बंजारा बताई गई है। जबकि उनके माता पिता दोनो प्रशासनिक अधिकारी रहे हैं। ऐसे में उनके अभिवावकों की सालाना आय 8 लाख रुपये से कम होने का सवाल ही नही उठता। बताया जा रहा है कि यूपीएससी एक्जाम पास कर आईएएस बनने के पीछे एक भाजपा नेत्री की बड़ी भूमिका है। एक अन्य मामले में एक पुलिस इंस्पेक्टर की पुत्री दिव्या यादव आईएएस बनी है। लेकिन आरोप है कि उनका चयन अनुसूचित जाति कोटे में हुआ है। इसी तरह विश्वजीत पण्डा ने सन 2016 में नीट राउरकेला से क्लियर किया। उसके बाद उनकी एक बड़ी कम्पनी में नौकरी लग गई। उनके पिताजी सरकारी मास्टर है और भाई सन 2015 बैच के आईआरएस अधिकारी हैं। फिर भी कागजो में ये गरीब हैं। उन्होंने ईडब्ल्यू सर्टिफिकेट बनाया और 343 रैंक के साथ यूपीएससी 2023 में सेलेक्ट हो गए।

**फेसबुक वॉल से**




**X से**




**अलग बात**

# हिंदू विरोध में बदलता बांग्लादेश का आरक्षण आंदोलन



**मनोज कुमार अग्रवाल**

बांग्लादेश इस समय आरक्षण विरोधी आंदोलन के चलते गंभीर संकट से जूझ रहा है। आरक्षण के विरोध में संपूर्ण बांग्लादेश में हिंसा हो रही है। अब तक सरकारी आंकड़ों के मुताबिक डेढ़ सौ से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वैसे यह सरकारी आंकड़ा है असलियत में यह संख्या इससे कहीं ज्यादा हो सकती है। चिंताजनक बात यह है कि अब यह आंदोलन हिंदू विरोध में बदलता जा रहा है। नौकरियों की कमी से गुस्साए प्रदर्शनकारी उस प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे थे, जिसके तहत 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वालों के परिजनों को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत तक आरक्षण दिया जाता था। सरकार ने बड़े पैमाने पर छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के बाद 2018 में इस पर रोक लगा दी थी, लेकिन जून में बांग्लादेश के हाई कोर्ट ने आरक्षण बहाल कर दिया था, जिसके बाद देश में फिर से विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। हालांकि हालात बिगड़ते देख कर सुप्रीम कोर्ट ने हाइकोर्ट के आरक्षण के आदेश पर रोक लगा दी है। बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि 93 प्रतिशत सरकारी नौकरियां योग्यता आधारित प्रणाली के आधार पर आवंटित की जाएं, पांच प्रतिशत 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भाग लेने वालों के परिजनों और अन्य श्रेणियों के लिए दो प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी जाएं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। इस बीच अब आरक्षण के खिलाफ जारी प्रदर्शन बांग्लादेश में हिंदुओं के विरोध में बदलता जा रहा है। बांग्लादेश में जारी हिंसक प्रदर्शनों के बीच एक हजार भारतीय छात्रों की वतन वापसी हो गई है। हालांकि अभी भी वहां हजारों की संख्या में छात्र फंसे हैं, जो जल्द घर आने की कोशिशों में जुटे हैं। बांग्लादेश में इस हफ्ते सरकारी नौकरियों के लिए विवादास्पद कोटा प्रणाली को लेकर बवाल मचा हुआ है। दरअसल बांग्लादेश में छात्रों के नेतृत्व में हो रहे विरोध प्रदर्शन शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार की नौकरी कोटा प्रणाली के खिलाफ हैं, जो कुछ समूहों के लिए सरकारी नौकरियों का एक बड़ा हिस्सा आरक्षित करती है। प्रदर्शनकारियों का तर्क है कि यह प्रणाली भेदभावपूर्ण है और मेधावी उम्मीदवारों को सरकारी पद हासिल करने से रोकती है। आरक्षण के विरोध में बांग्लादेश में जो हिंसा हो रही है, वैसे तो यह उसका आंतरिक मामला है लेकिन इसके संदर्भ भारत से भी बहुत गहरे जुड़े हुए हैं।



**बोधि वृक्ष**

**सेंट आगस्टाइन का कहना है कि यदि प्रतिभाशालियों की श्रेणी में अपने को खड़ा देखना चाहते हैं, तो सर्वप्रथम जीवन व्यवहार में नम्रता को प्रमुखता देनी होगी**

# प्रतिभा एवं संकल्पशक्ति का उभार

प्रतिभावान होने का अर्थ है- विनम्र, साहसी एवं संकल्पवान बनना। इसके अभाव में मनुष्य महानता के उच्च सोपनों को प्राप्त नहीं कर सकता। सेंट आगस्टाइन का कहना है कि यदि आप प्रगति करना चाहते हैं, प्रतिभाशालियों की श्रेणी में अपने को खड़ा देखना चाहते हैं तो सर्वप्रथम जीवन व्यवहार में नम्रता को प्रमुखता देनी होगी। भव्य भवन को खड़ा करने के लिए पहले उसकी नींव को सुदृढ़ किया जाता है। भवन जितना ऊंचा बनाना है, उसकी नींव उतनी ही गहरी खोदनी होगी। यही बात जीवन के अन्यान्य सद्गुणों के विकास के संबंध में भी लागू होती है। जीवन का सौंदर्य तभी निखरता है, जब साहस और संकल्पबल के आधार पर विकास के मार्ग पर आने वाले



अवरोधों से जूझते हुए चला जाए। ऐसे व्यक्तित्ववान, दृढ़संकल्पी ही समाज का कुछ हित साधन कर पाए हैं। संसार में जितने भी प्रतिभाशाली महापुरुष हुए हैं, अत्यंत निर्धनता की स्थिति में भी वे पीड़ा और पतन निवारण के अपने कार्य से च्युत नहीं हुए। यद्यपि धन का लालच, पद का प्रलोभन एवं उच्चवर्ग के दबाव उन पर कम नहीं थे। फिर भी वे जीवन भर उसका साहसपूर्वक सामना करते रहे और प्रेम, सम्मान तथा चरित्र से प्रेरित होकर कार्य करते रहे। सुकरात ने अपने विचार छोड़ देने की अपेक्षा विषपान करना अधिक अच्छा समझा। लन्दन के प्रख्यात विद्वान सैमुएल स्माइल ने अपनी प्रतिद्ध पुस्तक ‘ड्यूटी’ में लिखा है कि प्रतिभा-परिवर्धन में संकल्प शक्ति की प्रखरता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। **– लीलापत शर्मा**

**टेक वर्ल्ड**

# घबराहट और तनाव के शिकार होते बच्चे



**डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा**

देखा जाए तो कोरोना के बाद से बच्चों में डिप्रेशन और एंजाइटी का रोग तेजी से बढ़ा है। कोरोना की दहशत के हालात, लॉकडाउन, वर्क फ्रॉम होम और बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई के साइड इफैक्ट सामने आने लगे हैं। ऑनलाइन स्टडी के चलते बच्चे तरह-तरह के ऐप से रूबरू होने लगे। इससे बालपन सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। ऑनलाइन गेम्स की लत और सोशल मीडिया के प्रति बढ़ा आकर्षण नकारात्मक प्रभाव डालने में सफल रहा है। देखा जाए तो खेल-खेल में बच्चे ना चाहते हुए भी तनाव और एंजाइटी के दौर में प्रवेश कर जाते हैं। बदलती जीवनशैली और सामाजिक-आर्थिक सिनेरियो में सर्दी जुकाम की तरह एंजाइटी यानी कि घबराहट और डिप्रेशन आज के बच्चों में आम होता जा रहा है। जानी-मानी साइक्रेट्रिक मैगजीन जामा साइक्रेट्री में हालिया प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मनोवैज्ञानिकों ने 11 से 15 साल के बच्चों के बीच अध्ययन किया और खासतौर से यह समझने की कोशिश की कि जिस तरह से सर्दी जुकाम संक्रामक बीमारी है और एक से दूसरे में फैल जाती है उसी तरह से एंजाइटी या डिप्रेशन भी एक बच्चे से दूसरे बच्चे को प्रभावित कर सकता है क्या? अध्ययन में पाया गया कि घबराहट या एंजाइट प्रभावित बच्चे के लक्षण साथ वाले बच्चे में भी विकसित होते हैं। यह अध्ययन एक-दो नहीं बल्कि सात लाख बच्चों में किया गया है। हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि फिनलैंड विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के अध्ययन में यह साफ हुआ है कि छह में से एक व्यक्ति बैचेनी यानी कि एंजाइटी से प्रभावित रहने लगा है। कोरोना के बाद इस तरह के मरीजों की संख्या में 60 फीसदी तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह ‘बादल’*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# नीट पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बोले रविशंकर , आखिर राहुल कब मांगेंगे माफी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नीट एग्जाम पर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बीजेपी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर विपक्षी दलों और राहुल गांधी पर पलटवार किया।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार एनटीए पर सवाल उठा रहे थे। कह रहे थे कि भारत में मौजूदा समय में ऐसी कोई भी संस्था नहीं है, जो सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न करा सके। जबकि केंद्र सरकार के निर्देश पर ही सीबीआई ने पूरे मामले की जांच की। इसमें संलिप्त कई आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा। अभी-भी जांच जारी है और अगर कोई भी आरोपी पाया जाता है, तो हम यह सुनिश्चित करते हैं कि उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बीजेपी के वरिष्ठ नेता ने कहा, मैं कांग्रेस वालों से यह पूछना चाहता हूं कि ये लोग जो हो-हल्ला कर रहे थे, कह रहे थे कि छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। क्या इनके शासनकाल में कभी पेपर लीक नहीं हुआ? और मैं एक बात दावे के साथ कहना चाहता हूं कि जब इनके शासनकाल में पेपर लीक हुआ था, तो इन लोगों ने कभी-भी विधिवत रूप से जांच नहीं कराई। हमने पेपर लीक के मामले को संज्ञान में लेने के बाद सीबीआई से इसकी जांच कराई। कई आरोपियों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है। सभी के खिलाफ जांच चल रही है और मैं एक बात यह भी कहना चाहता हूं कि अखिलेश यादव के शासनकाल में भी कई बार पेपर लीक हुए, लेकिन आज तक किसी भी आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## नीट के खिलाफ कम नहीं हो रहा विरोध

# कर्नाटक के बाद ममता सरकार ने भी विधानसभा से पास कराया प्रस्ताव

**एजेंसी। कोलकाता**

कर्नाटक के बाद, पश्चिम बंगाल विधानसभा ने राज्य में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) को खत्म करने और मेडिकल की पढ़ाई करने के इच्छुक छात्रों के लिए इसकी जगह एक नई प्रवेश परीक्षा लाने का प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में स्वतंत्र और निष्पक्ष परीक्षा आयोजित करने में कथित असमर्थता के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की निंदा की गई है और राज्य सरकार से बड़े पैमाने पर सार्वजनिक हित के लिए राज्य में



संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का आग्रह किया गया है। इससे पहले सोमवार को कर्नाटक कैबिनेट ने एनटीए द्वारा आयोजित केंद्रीय परीक्षा को रद्द करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। पिछले हफ्ते, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने केंद्र सरकार से ठएएळ को खत्म करने और राज्यों को अपनी प्रवेश परीक्षा आयोजित करने की अनुमति देने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था कि नीट परीक्षा में अनियमितता गंभीर है। यह लाखों छात्रों के भविष्य का सवाल है। केंद्र को नीट को खत्म करना चाहिए और राज्यों को अपनी प्रवेश परीक्षा आयोजित करने की अनुमति देनी चाहिए। राज्यों द्वारा आयोजित परीक्षणों में देश भर के छात्र भाग ले सकते हैं।

# पेशी पर आए कुख्यात अपराधी और सुरक्षाकर्मी को लगी गोली

**एजेंसी। गया**

गया जिला का शेरघाटी कोर्ट परिसर बुधवार की दोपहर अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। यहां बाइक से पहुंचे कुछ अपराधियों ने कोर्ट में पेशी के लिए आए कुख्यात अपराधी फोटो खान पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। जिससे वह घायल हो गया। इस गोलीबारी में एक सिपाही भी घायल हो गया। दोनों को इलाज के लिए शेरघाटी के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि कोर्ट में तैनात सुरक्षा गार्डों ने हमलावरों में से एक को पकड़ लिया है। जानकारी के अनुसार अनवर अली हत्याकांड के मुख्य आरोपी फोटो खान को पेशी के लिए



कड़ी सुरक्षा में कोर्ट लाया गया था। पेशी के बाद जब वो लौटने लगे तो हाजत से थोड़ी दूरी पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना से मौके पर भगदड़ मच गई तुरंत की बड़ी संख्या में पुलिस कोर्ट पहुंची और घेराबंदी कर दी। फिलहाल तीन बदमाश को पकड़ा गया है और बाकी दो फरार बताए जा रहे हैं। घटना के बाद कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## सदन में महिला विधायक पर भड़के नीतीश, कहा

# अरे महिला हो कुछ जानती नहीं हो...

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पारा कब हाई हो जाए, इसको कहना बड़ा मुश्किल है। ऐसे कई मौके आएं हैं जब नीतिश कुमार ने अपना आपा खो दिया है। बुधवार को एक बार फिर से वह बिहार विधानसभा में विपक्ष पर भड़क गए। नीतीश ने राजद विधायक रेखा देवी पर भड़कते हुए कहा कि अरे महिला हो, कुछ जानती हो। चुपचाप रहो। इसके बाद उन्होंने राजद पर भी उन्होंने निशाना साधा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इन लोगों ने कभी भी महिलाओं को आगे नहीं बढ़ाया है। 2005 के बाद जब हम सत्ता में आए तभी से बढ़ना शुरू किए हैं। इसलिए कह रहे हैं चुपचाप सुनो। इतना ही नहीं उन्होंने आगे कहा कि हम तो सुनाएंगे, अगर आप नहीं सुनेंगे तो यह आपकी गलती है। हमने काम किया है तो हम सुनाएंगे भी।

दरअसल, नीतीश कुमार विधानसभा में बोलने के लिए खड़े हुए थे इस दौरान विपक्ष आरक्षण को लेकर हंगामा कर रहा था। नीतीश बार-बार विपक्ष के विधायकों से अपनी बात सुनने की अपील कर रहे थे। लेकिन विपक्ष का हंगामा जारी था। इसी को लेकर नीतीश कुमार भड़क गए। अपने बयान में उन्होंने यह भी कहा कि सर्वसम्मति से जातीय गणना हुई थी और पिछड़ों की संख्या ज्यादा आई तो हमने 50 फीसदी आरक्षण सीमा को बढ़ाकर 75 फिसदी कर दिया। 10 फिसदी केंद्र सरकार ने अपर कास्ट को लागू किया था। उसको भी हमने लागू किया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि हम लोगों ने हर परिवार की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी ली है।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय बजट में घोषित विशेष मदद ने राज्य की उन चिंताओं का ख्याल रखा है, जिसके कारण विशेष श्रेणी के दर्जे की मांग की गई थी। नीतीश ने ह्यएक्सह्ण पर लिखा, आज केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट सकारात्मक एवं स्वागतयोग्य है। इस बजट में बिहार की जरूरतों का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने लिखा, इसके तहत बिहार के मानव संसाधन विकास एवं बुनियादी विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस बजट में बिहार की सड़क सम्पर्क परियोजनाओं, विद्युत परियोजनाओं, हवाईअड्डों, मेडिकल कॉलेजों और खेलकूद की संरचनाओं के लिये विशेष राशि का प्रावधान किया गया है। साथ ही बजट में बिहार के पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिये विशेष सहायता की घोषणा की गयी है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के शीर्ष नेता कुमार ने कहा, बिहार को बाढ़ से बचाव के लिये भी बजट में बड़ा ऐलान किया गया है।

### बिहार विधानसभा से एंटी पेपर लीक कानून ध्वनिमत से पारित

**विपक्ष का वाक आउट**

**पटना।** बिहार की नीतीश कुमार की अगुवाई वाली राजग सरकार ने बुधवार को विधानसभा के मॉनसून सत्र में पेपर लीक और परीक्षा धोखाधड़ी को रोकने के उद्देश्य से एंटी-पेपर लीक कानून पेश किया, जिसे ध्वनिमत से पास कर दिया गया। इस दौरान विपक्ष हंगामा करता रहा और सदन से वाक आउट कर गया। विपक्ष के हंगामे के बीच प्रभारी मंत्री विजय चौधरी ने बिहार विधानसभा में राज्य सरकार की तरफ से बिहार लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) विधेयक-2024 पेश किया। इस बीच विपक्ष वाक आउट कर गया। इसके बाद सदन में बहुमत के आधार पर विधेयक पास हो गया। नये कानून में प्रावधान किया गया है कि पेपर लीक या इससे जुड़ी किसी भी गतिविधि में शामिल होने वाले इस कानून के तहत दोषी होंगे। इस कानून के अधीन सभी अपराध संज्ञेय एवं गैरजमानती होंगे। अब पेपर लीक की जांच भी डीएसपी रैंक के अधिकारी करेंगे। नए कानून के तहत परीक्षा के पेपर लीक करने के दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को 10 साल तक की जेल और एक करोड़ तक का जुमार्ना हो सकता है। यह कानून व्यापक है, जो छात्रों, शिक्षकों और अन्य लोगों सहित सभी संबंधित पक्षों पर लागू होता है। सदन में बिहार सरकार ने एंटी पेपर लीक बिल पर चर्चा करते हुए कहा कि परीक्षा में गड़बड़ी को रोकने के लिए यह कानून बना है। नीट की परीक्षा में जो धांधली हुई है उसे रोकने के लिए केंद्र सरकार ने भी नियम बनाया है, जो पूरे देश में लागू हो गया है।

## विपक्ष पर गिरिराज सिंह का बड़ा हमला

# पेपर लीक विरोधी विधेयक पर भी कोई वॉकआउट करे यह दुर्भाग्यपूर्ण

**एजेंसी। दिल्ली/पटना**

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार विधानसभा में पेपर लीक विरोधी विधेयक पारित होने पर विपक्ष के वॉकआउट करने पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि विपक्ष की परिभाषा आजकल बदल गई है। जहां राहुल गांधी केंद्र में विपक्ष में हों, फ्खऊविपक्ष में हो वहां विपक्ष की परिभाषा बदलकर यह हो गई है कि सरकार अच्छे काम भी करें तब भी वॉकआउट करो। अगर पेपर लीक विरोधी विधेयक पर भी कोई वॉकआउट करे तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

बता दें कि विधानसभा ने राज्य में आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक और अन्य गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बुधवार को एक विधेयक पारित किया। बिहार के संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सदन में पेश किये गए बिहार लोक परीक्षा (पीई) अनुचित साधन निवारण विधेयक, 2024 को विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ध्वनि मत से पारित कर दिया गया।



*बिहार राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर हाल में सुर्खियों में भी रहा है।*

नए कानून का उद्देश्य बिहार में प्रश्नपत्रों के लीक सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार पर अंकुश लगाना है। बिहार ह्यराष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर हाल में सुर्खियों में भी रहा है। विधेयक में ऐसे कदाचार में शामिल लोगों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है, जिसमें तीन से पांच साल की जेल और 10 लाख रुपये का जुमार्ना शामिल है। संगठित रूप से अपराध करने वाले को 5 से 10 साल तक की सजा और 1 करोड़ तक जुर्माना का प्रावधान है।

## न्यूज बॉक्स

### भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस के दो एसी कोच में लगी आग, यात्रियों में मचा हड़कंप

**भोपाल/जबलपुर।** भोपाल से चलकर दुर्ग जाने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस के दो एसी कोच में आग लग गई। ट्रेन के एसी कोच से धुएं और चिंगारियां निकलते देख, यात्रियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन को तुरंत रोककर आग पर काबू पाया गया। ट्रेन के यात्रियों ने कहा कि बड़ा होते होते बच गया। रेलवे ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। बताया जा रहा है कि ट्रेन नंबर 12854 के एसी कोचों एसी 3 और एसी 4 के नीचे पहियों में आग लग गई थी। इससे धुआं उठा तो यात्री घबरा उठे। ट्रेन को रोककर फायर फाइटर से आग बुझाई गई। इसके बाद ट्रेन की अच्छे से जांच की गई। ट्रेन इसके बाद इटारसी के लिए रवाना की गई। बुधवार शाम रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से मंडीदीप स्टेशन के बीच यह हादसा हुआ। एसी कोच के पहियों की ट्राली यानि व्हील बेस में आग लग गई, आग की लपटें उठीं और धुआं भी उठने लगा। धुआं देखकर यात्री दहशत से भर उठे। ट्रेन को तुरंत रोका गया और आग बुझाई गई।

### दो सगी बहनों समेत पांच लड़कियों की डूबने से मौत, एक की हालत गंभीर

**संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिले के बखिरा और दुधारा क्षेत्र में मंगलवार को पांच लड़कियों की पोखरे और झील में डूबने से मौत हो गई। बखिरा झील में नहाने गईं बडगों गांव की चार लड़कियों में तीन की मौत हो गई, जबकि एक को मेंहदावल सीएचसी में भर्ती कराया गया है। वहीं, धान की रोपाई करने गईं दुधारा थानाक्षेत्र के खटियावां गांव की दो सगी बहनें पैर फिसल जाने से पोखरे में डूब गईं जिससे उनकी मौत हो गई। बखिरा थानाक्षेत्र के बडगो गांव की रहने वाली पायल (12) पुत्री दिलीप, मीनाक्षी (15) पुत्री मकसूदन निषाद, अर्चना (17) पुत्री रामनेवास और काजल (14) पुत्री रमेश मंगलवार की शाम करीब चार बजे बखिरा झील में नहाने गईं थीं। गहरे पानी में चले जाने से चारों डूबने लगीं। लड़कियों के चिल्लाने की आवाज सुनकर थोड़ी दूरी पर स्थित मंदिर पर मौजूद ग्रामीण भागकर झील की तरफ पहुंचे। ग्रामीणों के पहुंचने तक एक लड़की बचाने की गुहार लगा रही थी। चारों को झील से निकालकर सीएचसी मेंहदावल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मीनाक्षी, पायल और अर्चना को मृत घोषित कर दिया जबकि काजल को भर्ती कराया गया है।



### ताज महल के 'तेजोमहालय' होने का दावा कर जलाभिषेक के लिए अदालत में याचिका दायर

**लखनऊ।** सावन माह में ताजमहल (तेजोमहालय) में जलाभिषेक की अनुमति देने का अनुरोध करते हुए योगी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर अजय तोमर ने मंगलवार को एक अदालत में याचिका दायर की। याचिका को सुनवाई के लिए अदालत ने स्वीकार कर लिया है। इसमें प्रतिवादी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीक्षण पुरातत्वविद् डॉ. राजकुमार पटेल को बनाया गया है। याचिकाकर्ता के वकील शिव आधार सिंह तोमर ने अदालत में अपना पक्ष रखा। सुनवाई के बाद, न्यायाधीश मृत्युंजय श्रीवास्तव ने प्रतिवादी को नोटिस जारी करने केनिर्देश दिये। याचिकाकर्ता कुंवर अजय तोमर के वकील ने दावा किया कि तेजोमहालय हिंदू मंदिर है, जहां सावन के महीने में जलाभिषेक होना चाहिए।

### पेपर लीक के लिए 64 लाख रुपये की रिश्वत ली



**जयपुर।** राजस्थान के मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने बुधवार को कहा कि शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले के एक आरोपी ने दावा किया था कि एसओजी (स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप) के अधिकारियों ने राज्य में पेपर लीक के लिए अलग-अलग समय पर 64 लाख रुपये की रिश्वत ली थी। राजस्थान के मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि मुझे पेपर लीक मामले में जेल में बंद भूपेन्द्र सारण से यह पत्र डाक के माध्यम से मिला है। इस पत्र में उन्होंने कहा है कि लीक के लिए एसओजी वालों ने अलग-अलग समय में 64 लाख की रिश्वत ली है। पेपर मैंने एडीजी को जानकारी दे दी है और उन्हें बताया है कि राज्य की पिछली सरकार के बड़े नेता इसमें शामिल हैं और छात्रों के भविष्य को अंधकार में डालने वाले एसओजी अधिकारियों की गिरफ्तारी और निलंबन की मांग की है। मीणा ने कहा कि उन्होंने एडीजी (अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक) को जानकारी दी थी और उन्हें बताया था कि राज्य की पिछली सरकार के बड़े नेता इसमें शामिल थे. उन्होंने ₹छात्रों के भविष्य को अंधकार में₹ डालने वाले एसओजी अधिकारियों की गिरफ्तारी और निलंबन की भी मांग की। अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान कई पेपर लीक हुए थे। भूपेन्द्र सारण राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) द्वारा आयोजित शिक्षक भर्ती परीक्षा में पेपर लीक का मुख्य आरोपी था। पिछले साल मई में प्रवर्तन निदेशालय ने शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा और अन्य से पूछताछ की थी और उन्हें गिरफ्तार किया था. ईडी अधिकारियों ने बाबूलाल कटारा और जयपुर के एक सरकारी शिक्षक शेर सिंह मीना से उदयपुर सेंट्रल जेल में पूछताछ की, जिन्होंने कटारा से पेपर खरीदा था।

# आज का राशिफल

**मेष** — कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृषभ** — अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन** — यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा।

**कर्क** — लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**सिंह** — दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा।

**कन्या** — विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**तुला** — शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** — आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी।

**धनु** — व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**कुम्भ** — मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मीन** — जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

### ममता ने एकल पीठ के आदेश पर रोक लगने की मांग की

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ का रुख कर एकल पीठ के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। एकल पीठ ने बनर्जी और तीन अन्य पर राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के खिलाफ मानहानिकारक और गलत बयान देने पर रोक लगा दी थी। बनर्जी के वकील एस.एन. मुखर्जी ने न्यायमूर्ति आई.पी. मुखर्जी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष कहा कि बनर्जी ने राज्यपाल के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की। वकील ने कहा कि उनकी जिस टिप्पणी की बात हो रही है वह दो नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण के संबंध में सार्वजनिक दायित्व निभाने से जुड़ी है। मुखर्जी ने कहा कि बोस ने समाचारों का हवाला दिया है, लेकिन उन्होंने मानहानि मामले में प्रकाशनों को पक्षकार नहीं बनाया है। पीठ ने कहा कि मामले पर बृहस्पतिवार को सुनवाई होगी जब बोस के वकील अपनी दलीलें पेश करेंगे। न्यायमूर्ति कृष्ण राव ने

# चमकी गरीब की किस्मत, खदान से मिला 19.22 कैरेट का हीरा



**एजेंसी। पन्ना**

मध्यप्रदेश के पन्ना जिले के रत्नगर्भा में एक खुदाई के दौरान एक गरीब मजदूर को हीरा मिला है। 19.22 कैरेट हीरे की अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ रुपए बताई जा रही है। उसे ये हीरा कृष्ण कल्याणपुर (पटी) के उथली हीरा खदान में मिला है। पन्ना की धरती बेशकीमती हीरों के लिए विख्यात है। मजदूर चुनवादा गोंड ने प्राप्त हीरे को कार्यालय में जमा करवा दिया है। इसे आने वाली अगली नीलामी में रखा जाएगा। बता दें कि पन्ना जिले के अहिरगवां गांव के निवासी चुनवादा गोंड ने हीरा कार्यालय से मात्र 200 रुपए की रसीद कटवाई थी और 20 मई 2024 को कृष्ण कल्याणपुर के पटी क्षेत्र में हीरा खदान खोदने के लिए पट्टा बनवाया था। गरीब आदिवासी को 88 मीटर की जगह उत्खनन के लिए दी गई थी। पट्टा जारी करवाने के बाद गरीब आदिवासी चुनवादा ने दिन-रात पत्नी व बच्चों समेत खदान में हीरा तलाशने के लिए मेहनत की। करीब दो माह की मेहनत में उसको बेशकीमती 19.22 कैरेट का हीरा मिला। नीलाम होने पर 12 प्रतिशत टैक्स और 1 प्रतिशत टीडीएस काटकर बाकी रकम हीरा धारक के खाते में भेज दी जाएगी। पिता की तबीयत खराब होने के कारण उसके बेटे राजू गौड़ ने हीरे को हीरा कार्यालय में जमा करवाया।

### चारधाम यात्रा के लिए संस्था गठन की बना रही है योजना : पुष्कर धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आने वाले 30 वर्षों की चारधाम यात्रा को ध्यान में रखते हुए उसे बेहतर तथा व्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार प्राधिकरण या किसी अन्य संस्था के गठन की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि इसके गठन से पहले तीर्थ पुरोहित्तों, मंदिर समितियों, तीर्थ पुरोहित महासभाओं सहित सभी पक्षों की राय भी ली जाएगी। महापंचायत पदाधिकारी राज्य मंत्रिमंडल द्वारा हाल में प्रदेश में स्थित चारधाम और अन्य प्रमुख मंदिरों के नाम या उन्हें बनाने वाले ट्रस्ट या समिति के नाम का दुरूपयोग रोकने हेतु कठोर विधिक प्रावधान करने का निर्णय लेने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने आए थे। दिल्ली में केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति के प्रस्तावित निर्माण के विरोध के बीच उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने 18 जुलाई को निर्णय लिया था कि चारों धामों-बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के नाम या उन्हें बनाने वाले ट्रस्ट या समिति से मिलते-जुलते नामों का प्रयोग रोकने के लिए कड़े विधिक प्रावधान लागू किए जाएंगे।

**प्रेरक पहल** / मध्य प्रदेश के सिवनी में थ्री इडियट्स' फिल्म जैसा सीन

# बाढ़ में फंसी गर्भवती, डॉक्टर ने कॉल पर कराया प्रसव

**एजेंसी। सिवनी/भोपाल**

इन दिनों मध्य प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। इन विपरीत हालातों के बीच भी सरकारी अमला जिम्मेदारी का बेहतर तरीके से निर्वहन कर रहा है। इसकी मिसाल है सिवनी जिला। जहां बाढ़ में फंसी एक महिला का प्रसव कराया गया। राज्य के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने स्वास्थ्य अमले की कर्तव्य निष्ठा की सराहना की है और जच्चा-बच्चा को बधाई दी है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को सिवनी जिले में भारी बारिश के कारण बाढ़ से कई गांवों का संपर्क टूट गया, जिनमें से एक जोराबाड़ी गांव भी शामिल था।

इस गांव में गर्भवती महिला रवीना बंशीलाल उइके को अचानक प्रसव पीड़ा होने लगी। परिवार ने उन्हें जिला अस्पताल सिवनी ले जाने का प्रयास किया, लेकिन सभी रास्ते बंद थे। परिवार ने आशा कार्यकर्ता से संपर्क किया, जो पहले से ही जिला अस्पताल में थी। आपातकालीन स्थिति में, आशा कार्यकर्ता ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीषा सिरसाम को सूचना दी। डॉ. सिरसाम ने कलेक्टर संस्कृति जैन को स्थिति से अवगत कराया। कलेक्टर ने तुरंत चिकित्सकीय दल को गांव भेजने के निर्देश दिए। बताया गया है कि अधिकारियों के निर्देश मिलने के बाद डॉ. मनीषा सिरसाम, नर्स सुनीता यादव, मेंटर कविता वाहने और आशा कार्यकर्ता कामता मरावी के साथ एसडीआरएफ टीम गांव के समीप पहुंची, लेकिन नाले में अधिक जलस्तर के कारण रुक गई। ऐसी स्थिति में डॉ. सिरसाम ने फोन पर गांव की प्रशिक्षित दाई को निर्देश दिए। दाई ने निदेशों का पालन करते हुए रवीना का सुरक्षित प्रसव कराया। बाढ़ का पानी कम होने पर, चिकित्सकीय दल जच्चा और बच्चा को 108 वाहन से लेकर जिला अस्पताल पहुंचाया। मां और जुड़वा बच्चे स्वस्थ हैं।

**उपमुख्यमंत्री ने की डॉ. मनीषा की सराहना**



**राज्य के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विषम परिस्थितियों में भी जनसेवा की भावना को प्राथमिकता देकर कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश करने वाली सिवनी की डॉ. मनीषा सिरसाम की सराहना की और कहा कि मानव सेवा ही देव सेवा है।**

# जयसूर्या की श्रीलंकाई टीम से अनुशासन में रहने की खास अपील



**कोलंबो।** भारत के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले श्रीलंकाई टीम के अंतरिम कोच सनत जयसूर्या एक्शन में नजर आ रहे हैं। उन्होंने श्रीलंकाई टीम के भीतर अनुशासन की मांग की है, जिसमें प्रॉपर हेयर कट समेत अन्य चीजें शामिल हैं। मीडिया को संबोधित करते हुए, पूर्व कप्तान जयसूर्या ने स्वीकार किया कि मौजूदा खिलाड़ियों में अनुशासन लाना महत्वपूर्ण है, खासकर क्रिकेट को 'जेंटलमैन गेम' बनाए रखने के लिए नियमों का पालन करना अहम है। भारत के खिलाफ सीरीज और सितंबर में श्रीलंका के इंग्लैंड दौरे के लिए अंतरिम कोच के रूप में नियुक्त किए गए जयसूर्या ने कहा, "हम टीम में अनुशासन की उम्मीद कर रहे हैं और मैं अपने कार्यकाल के दौरान केवल अंतरिम कोच हूं। मैं वह अनुशासन चाहता हूं।" उन्होंने कहा, "हमारे क्रिकेट फैंस इन क्रिकेटरों को पसंद करते हैं।

# भारत के खिलाफ सीरीज से बाहर हुए दुष्मंथा चमीरा



**कोलंबो।** भारत के खिलाफ सीरीज शुरू होने से पहले श्रीलंकाई टीम के दुष्मंथा चमीरा चोट के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। श्रीलंका की कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, चमीरा को बाहर कर दिया गया है और श्रीलंका क्रिकेट जल्द ही उनके प्रतिस्थापन की घोषणा करेगा। 'एक्स' पर एक प्रमुख श्रीलंकाई पत्रकार रेक्स क्लेमेंटाइन ने लिखा, "दुष्मंथा चमीरा चोट के कारण भारत सीरीज से बाहर हो गए हैं। प्रतिस्थापन की घोषणा जल्द ही की जाएगी। हालांकि, उम्मीद है कि भारत के खिलाफ सीरीज के लिए चोटिल चमीरा की जगह असिथा फर्नांडो को शामिल किया जा सकता है। लंका प्रीमियर लीग के फाइनल में असिथा ने बेहतरीन गेंदबाज़ी की। उन्होंने जाफना किंग्स को गॉल मार्वल्स को हराने में तीन विकेट चटकाए। तीन टी20 मैच 27 जुलाई, 28 जुलाई और 30 जुलाई को पल्लेकेले इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे। फिर, 2 अगस्त से कोलंबो में 3 वनडे मैच खेले जाएंगे।

## जर्मन ध्वजवाहक डेनिस श्रोडर ने कहा

# मुझ पर इसलिए हमला हुआ क्योंकि मैं अश्वेत हूं

एजेंसी



> **2008** में मुझे अभी भी याद है कि मैं टेलीविजन के सामने बैठा था और डिर्क नोवित्ज़की को बीजिंग में जर्मन ध्वज लहराते हुए देखा था। फिर भी, मुझे यह अविश्वसनीय रूप से मार्मिक लगा और मैंने मन में सोचा: यह एक एथलीट को मिलने वाली सराहना का उच्चतम स्तर है।

**पेरिस।** 2023 एफआईबीए विश्व चैंपियन जर्मनी पेरिस ओलंपिक में अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपना दबदबा जारी रखने के लिए तैयार है। बास्केटबॉल टीम के कप्तान डेनिस श्रोडर, जिन्हें देश के ध्वजवाहक के रूप में नामित किया गया था, ने बताया कि उन्होंने अपने करियर के अधिकांश समय में नस्लवाद से कैसे निपटा है। डेनिस ने जर्मन आउटलेट स्पीगल स्पोर्ट से कहा, "मुझ पर इसलिए हमला किया जाता है क्योंकि मैं अश्वेत हूं, मेरी पत्नी एलेन पर इसलिए हमला किया जाता है क्योंकि वह एक अश्वेत आदमी के साथ है। लेकिन एक बात है जिस पर जोर देना मेरे लिए जरूरी है। मैं खुद को सिर्फ इसलिए ध्वजवाहक की भूमिका में नहीं देखता क्योंकि मैं अश्वेत हूं और इसलिए मैं नस्लवाद के खिलाफ एक बयान दे सकता हूं। मैं इसे हाल के वर्षों में राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम की उपलब्धियों के लिए एक पुरस्कार के रूप में भी देखता हूं। ओलंपिक में एफआईबीए विश्व चैंपियंस के लिए कोई आसान काम नहीं होगा क्योंकि उनका सामना कई एनबीए सितारों से होगा, जिनमें से सभी अपने देश के लिए खेलेंगे, जिनमें लेब्रोन जेम्स, जियानिस एंटेटोकोनम्पो और स्टीफन करी जैसे कुछ नाम शामिल हैं। उन्होंने कहा,"मेरी माँ गाम्बिया से हैं और एक आप्रवासी के रूप में जर्मनी आई थीं। और इंटरनेट और सड़कों पर सभी ज़ेनोफ़ोबिया और खुले तौर पर नस्लवादी नारों के साथ, यह एक मजबूत संकेत है कि मेरे जैसे किसी व्यक्ति को जर्मन ध्वज ले जाने की अनुमति है। श्रोडर ने अपनी सबसे बड़ी प्रेरणाओं में से एक, डर्क नोवित्ज़की के बारे में बात की, जिन्हें अक्सर एनबीए में खेलने वाले सबसे महान यूरोपीय के रूप में सम्मानित किया जाता है। डिर्क 2008 ओलंपिक में जर्मन राष्ट्रीय टीम के ध्वजवाहक थे।

मुझे अभी भी याद है कि मैं 2008 में टेलीविजन के सामने बैठा था और डिर्क नोवित्ज़की को बीजिंग में जर्मन ध्वज लहराते हुए देखा था। फिर भी, मुझे यह अविश्वसनीय रूप से मार्मिक लगा और मैंने मन में सोचा: यह एक एथलीट को मिलने वाली सराहना का उच्चतम स्तर है।

# संन्यास के बाद भी मिल रहा है फैंस से अद्‌भुत प्यार : ब्रेट ली



**नई दिल्ली।** संन्यास ले चुके क्रिकेटरों के लिए ओल्ड एज लीग वरदान बन गई है। कई देशों के दिग्गज क्रिकेटर इसमें खेलते नजर आते हैं। वहीं, पूर्व आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली का मानना है कि किसी क्रिकेटर के लिए संन्यास के बाद भी क्रिकेट खेलना रोमांचक होता है। ब्रेट ली ने कहा कि दर्शकों से भरे स्टेडियम को देखकर उन्हें जो खुशी मिलती है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

ब्रेट ली और पूर्व भारतीय गेंदबाज इरफान पठान ने क्रिकेट से संन्यास के बाद एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर वापसी के बारे में बात की। ब्रेट ली ने क्रिकेटरों को फैंस से मिलने वाले सपोर्ट और प्यार के बारे में बात करते हुए पॉडकास्ट सीरीज '180 नॉट आउट' में अपने विचार शेयर किए। ब्रेट ली ने कहा, "यहां तक कि जब आप संन्यास ले लेते हैं और पेशेवर दृष्टिकोण से नहीं खेल रहे होते हैं, तब भी इन लीगों में खेलने का मौका और 40 की उम्र के बाद भी खचाखच भरी भीड़ हमारे लिए रोमांचक है। हमें बेहद खुशी होती है कि अभी भी ऐसे लोग हैं जो हमें खेलते हुए देखना चाहते हैं। इरफान पठान ने पिछले कई दशक के अपने संघर्ष के बारे में भी बात की।

# ओलंपिक टीम में चुने जाने पर खुशी से भावुक हो गए थे हॉकी मिडफील्डर राज कुमार

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर राज कुमार पाल 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारतीय टीम के अहम सदस्य राज कुमार पहली बार तब सुर्खियों में आए थे, जब उन्हें 2018 में बेल्जियम में पांच देशों के अंडर-23 टूर्नामेंट के लिए चुना गया था।

हॉकी को अपनाने वाले तीन भाइयों में सबसे छोटे, राजकुमार का करमपुर की गलियों से हॉकी में कदम रखने का सफर अपने आप में एक दिलचस्प कहानी है। उनके बड़े भाई, जोखन और राजू भी पूर्व हॉकी खिलाड़ी हैं और वे गर्व से कहते हैं कि हॉकी के अलावा उनके लिए कोई और खेल नहीं था।

राज कुमार 10 साल की उम्र में मेघबरन स्टेडियम में शामिल हुए, जहां कोच तेज बहादुर सिंह ने तीनों पाल भाइयों में रुचि दिखाई। 2012 में, वे साई लखनऊ छात्रावास में शामिल हो गए और ललित कुमार उपाध्याय की गति और शैली की ओर आकर्षित हुए, जो जोखन के बैचमेट थे। उपाध्याय भी उनके करीबी दोस्त बन गए जब उन्हें अपना पहला इंडिया कैंप कॉल-अप मिला। ललित के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए, राज कुमार ने कहा, "ललित भाई ने मुझे हमेशा प्रोत्साहित किया, उन्होंने मुझे समझाया कि गलतियां करना ठीक है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन गलतियों से सीखना चाहिए और उन्हें दोबारा नहीं करना चाहिए। "उन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया है। ज्यादातर समय, मैच खेलने के बाद, मैं उनसे पूछता था कि मैंने मैच में क्या गलतियां की और मैं खुद में कहां सुधार कर सकता हूं और वह हमेशा मुझे समझाते थे। हाई-परफॉर्मेंस डायरेक्टर डेविड जॉन ने 2018 में सीनियर नेशनल चैंपियनशिप के दौरान भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) हॉस्टल में उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें सीनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ राष्ट्रीय शिविर के लिए बुलाया।

# फ्रेंच एल्प्स 2030 शीतकालीन ओलंपिक व पैरालंपिक खेलों की मेजबानी करेगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने घोषणा की है कि फ्रांसीसी एल्प्स 2030 में शीतकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी करेगा। घोषित योजनाएँ फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन द्वारा दी गई गारंटी पर आधारित सशर्त हैं कि 2024 के बाद देश में बनने वाला नया कार्यालय उन सभी संगठनात्मक गारंटियों को रेखांकित करेगा जिन पर अभी भी हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। मैक्रॉन ने एक्स पर पोस्ट किया, "फ्रांसीसी एल्प्स 2030 शीतकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी करेगा! हमारे देश और उसके पहाड़ों में विश्वास के लिए आईओसी को धन्यवाद। इस सफलता के लिए काम करने वाले निर्वाचित अधिकारियों और अभिनेताओं को बधाई। आइए अभिनव, टिकाऊ और समावेशी खेल बनाएं। 2030 शीतकालीन खेल 1992 संस्करण के बाद पहली बार फ़्रांस में वापस आएंगे। प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का 2026 संस्करण इटली में आयोजित किया जाएगा। फ्रांसीसी-इतालवी सीमा पर स्थित, एल्प्स दुनिया की कुछ बेहतरीन स्नो स्कीइंग की पेशकश के लिए व्यापक रूप से जाना जाता है।

# जोफ्रा आर्चर की नजरें 2025-26 एशेज में वापसी पर

एजेंसी

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की नजरें ऑस्ट्रेलिया में 2025-26 एशेज सीरीज पर हैं क्योंकि उनका लक्ष्य टेस्ट क्रिकेट में वापसी करना है। पिछले तीन वर्षों में लगातार पीठ और कोहनी की चोटों के कारण, 29 वर्षीय खिलाड़ी फरवरी 2021 से लंबे प्रारूप से अनुपस्थित हैं। हालाँकि, इंग्लैंड के हालिया टी20 विश्व कप अभियान में उनकी पूर्ण भागीदारी ने उम्मीद जगाई थी कि उनकी चोट की समस्या आखिरकार पीछे छूट सकती है। आर्चर ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा, "मैं इस साल के बाकी समय का उपयोग यह सुनिश्चित करने के लिए करने जा रहा हूं कि अगली एशेज में खेलना कम से कम एक संभावना है। मैं इंस्टाग्राम पर जाकर और 'वह अगले दो हफ्तों में फिजियो के बिस्तर पर होगा' जैसी पोस्ट देखकर थक गया हूं।



> मैं बाकी साल कुछ लोगों को गलत साबित करने में बिताना चाहता हूं और उम्मीद है कि मैं एक और एशेज में खेलूंगा।

## 01 दिन काउंट डाउन पेरिस ओलंपिक



## पेरिस ओलंपिक

# 10 बड़ी उपलब्धियां, जिनको हासिल कर सकता है भारत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के लिए काउंटडाउन शुरू हो चुका है। पेरिस में 117 खिलाड़ियों का भारतीय दल गया है, जो भारत के लिए मेडल जीतने की कोशिश करेगा। भारतीय खिलाड़ियों का लक्ष्य ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर होगा। इस अवसर पर, उन 10 उपलब्धियों पर एक नजर डालते हैं, जिनको भारत खेल के सबसे बड़े मंच पर हासिल कर सकता है। ओलंपिक में भारत कभी भी एक से ज्यादा गोल्ड मेडल के साथ नहीं लौटा है। पेरिस ओलंपिक में भारत के पास पहली बार दो गोल्ड मेडल लेकर आने का अवसर है। नीरज चोपड़ा के पास दो गोल्ड मेडल लाने वाला पहला भारतीय एथलीट बनने का मौका है। टोक्यो ओलंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने हाल ही में कई कामयाबी हासिल की है। वह दो व्यक्तिगत ओलंपिक गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय बन सकते हैं।


ओलंपिक में भारत की ओर से महिलाओं ने कभी गोल्ड मेडल नहीं जीता है। ओलंपिक में महिलाओं ने दो सिल्वर और छह कांस्य पदक जीते हैं। पेरिस में भारतीय महिला खिलाड़ियों के सामने इस उपलब्धि को हासिल करने का बड़ा मौका है। भारत के अभिनव बिंद्रा ने बीजिंग में पुरुष निशानेबाजी में गोल्ड मेडल जीता था। पेरिस में महिला निशानेबाजों के पास पहला शूटिंग गोल्ड मेडल जीतने का मौका है। सिफ्ट कौर सामरा और मनु भाकर से भारत को काफी उम्मीदें हैं। शूटिंग में भारत के पास पहला मिक्स टीम मेडल लाने का भी मौका होगा। 10 मीटर एयर राइफल और 10 मीटर एयर पिस्टल दोनों इवेंट इस मामले में खास होंगे।

भारत ने अभी तक बॉक्सिंग में भी कोई गोल्ड नहीं जीता है। पेरिस में निखत जरीन, लवलीना बोरगोहेन के लिए इस उपलब्धि को हासिल करने का मौका है। दोनों मुक्केबाज बड़े मंच पर जीतना जानती हैं। लवलीना ने टोक्यो में कांस्य पदक जीता था। पेरिस में भारत के पास ओलंपिक में पहले बैडमिंटन गोल्ड मेडल को हासिल करने का भी अवसर है। बैडमिंटन में भारत के पास पीवी सिंधु, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी, लक्ष्य सेन, एच एस प्रणय जैसे स्टार खिलाड़ी हैं। पीवी सिंधु के पास हैट्रिक लगाने का मौका है। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने रियो और टोक्यो ओलंपिक में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते थे। वह लगातार तीन व्यक्तिगत ओलंपिक मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनकर पेरिस में इतिहास रच सकती हैं। भारत के पास तीरंदाजी में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। भारत को पेरिस में अपने पहले तीरंदाजी मेडल का इंतजार खत्म होने की उम्मीद है।



# राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने बताया इंडेक्सेशन हटने से कैसे होगा फायदा

एजेंसी



> निवेशकों में दुविधा की स्थिति बनी हुई है कि आखिरी इससे फायदा होगा या नुकसान। इस पर देश के राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने एक कार्यक्रम में कहा कि इससे ज्यादातर निवेशकों को फायदा होगा।

**नई दिल्ली।** सरकार की ओर से आम बजट 2024 में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन कैलकुलेशन में इंडेक्सेशन हटाने का प्रस्ताव रखा गया है। इसे लेकर निवेशकों में दुविधा की स्थिति बनी हुई है कि आखिरी इससे फायदा होगा या नुकसान। इस पर देश के राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने एक कार्यक्रम में कहा कि इससे ज्यादातर निवेशकों को फायदा होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर किसी व्यक्ति ने 2005 में कोई प्रॉपर्टी 20 लाख रुपये की खरीदी होगी और वह प्रॉपर्टी आज के समय में अगर 2 करोड़ रुपये की बिकती है और इंडेक्सेशन का लाभ लेते हैं तो उस पर कैपिटल गेन करीब 1.40 करोड़ रुपये बनता है। इस पर 20 प्रतिशत लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स लगा दें, तो करीब 28 लाख रुपये का टैक्स बनता है। वहीं, नए प्रस्ताव के तहत कुल कैपिटल गेन 1.80 करोड़ होगा। लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स 12.5 प्रतिशत लगाने पर कुल 22.5 लाख रुपये का टैक्स देना होगा।

सचिव ने आगे कहा कि निवेशकों को यहां देखना होगा कि सरकार ने एक तरफ इंडेक्सेशन हटाया है, साथ ही प्रॉपर्टी पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन को 20 प्रतिशत से घटाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया है। इससे अधिकतर लोगों को फायदा होगा। बता दें, सरकार ने बजट में पर्सनल इनकम टैक्स में बड़ी राहत दी है। 10 लाख रुपये तक की आय पर टैक्स को 10 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, स्टैंडर्ड डिडक्शन को बढ़ाकर 75,000 रुपये कर दिया गया है, जो कि पहले 50,000 रुपये था।

# नेशनल हाइवे के किनारे लगेगें 5,833 नए ईवी चार्जिंग स्टेशन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत में नेशनल हाइवे के किनारे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन की संख्या बढ़कर 5,293 हो गई है। वहीं, सरकार ने अब 7,432 नए ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने का टारगेट रखा है, जिसमें से 5,833 हाइवे के किनारे लगाए जाएंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से बुधवार को यह जानकारी दी गई। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि 7,432 चार्जिंग स्टेशन लगाने के लिए तीनों सरकारी तेल वितरण कंपनियों को 800 करोड़ रुपये की पूंजीगत सहायता दी जाएगी। मौजूदा 5,293 ईवी चार्जिंग स्टेशन में से 4,729 पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत सेटअप किए गए हैं, जिसमें करीब 178 करोड़ रुपये का खर्च आया है। गडकरी ने अपने बयान में कहा कि भारी उद्योग मंत्रालय ने 7,432 ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से 5,833 ईवी चार्जिंग स्टेशन हाईवे के किनारे लगाए जाएंगे। ये चार्जिंग स्टेशन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत आने वाली तीनों तेल वितरण कंपनियों के जरिए लगाए जाएंगे। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल सरकार ने ईवी चार्जिंग स्टेशन को ऊर्जा देने के लिए कोई भी पावर स्टेशन बनाने का कोई प्लान नहीं बनाया है।

# अदाणी ग्रीन ने खावड़ा प्लांट में शुरू किया पवन ऊर्जा का उत्पादन

एजेंसी



**अहमदाबाद।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने बुधवार को कहा कि कंपनी ने गुजरात के खावड़ा में स्थित 30,000 मेगावाट (30 गीगावाट) क्षमता वाले दुनिया के सबसे बड़े रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट में पहली 250 मेगावाट की पवन ऊर्जा क्षमता का संचालन शुरू कर दिया है। इसके साथ ही खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट की कुल ऊर्जा उत्पादन क्षमता 2,250 मेगावाट हो गई है। अदाणी ग्रीन एनर्जी के पास भारत में सबसे बड़ा ऑपरेशनल रिन्यूएबल एनर्जी पोर्टफोलियो है, जिसका आकार 11,184 मेगावाट का है। देश की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी की ओर से इस दौरान कहा गया कि खावड़ा भारत में सबसे बड़ा पवन ऊर्जा का सोर्स है। 8 मीटर प्रति सेकंड की हवा की रफ्तार इसे पवन ऊर्जा उत्पादन के लिए एक उपयुक्त स्थान बनाती है। खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट में दुनिया की सबसे बड़ी और अधिक क्षमता वाली ऑफशोर विंड टरबाइन लगी है, जिसमें प्रत्येक की क्षमता 5.2 मेगावाट है। 5.2 मेगावाट क्षमता वाली इस टरबाइन के रोटर का व्यास 160 मीटर है और इसकी ऊंचाई करीब 200 मीटर है, जोकि स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के बराबर है और दुनिया में सबसे बड़े हैं।

खावड़ा में लगी 5.2 मेगावाट की विंड टरबाइन बनाने में जर्मन टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है और यह अदाणी न्यू इंडस्ट्री लिमिटेड की मुद्रा पोर्ट स्थित फैक्ट्री में बनाई गई है। अदाणी ग्रीन की ओर से खावड़ा की बंजर जमीन को क्लीन और किफायती ऊर्जा के हब के रूप में बदल दिया गया है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद, सेंसेक्स 280 अंक लुढ़का

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को लाल निशान में बंद हुआ। बाजार के दोनों मुख्य सूचकांकों में करीब एक तिहाई प्रतिशत की गिरावट हुई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 280 अंक या 0.35 प्रतिशत गिरकर 80,148 और निफ्टी 65 अंक या 0.27 प्रतिशत गिरकर 24,413 अंक पर था। दिन के दौरान बाजार में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सेंसेक्स ने 80,519 का उच्चतम स्तर और 79,750 का न्यूनतम स्तर छुआ। वहीं, निफ्टी ने 24,504 से लेकर 24,307 की रेंज में कारोबार किया। बैंकिंग शेयरों पर काफी दबाव देखने को मिला। निफ्टी बैंक 461 अंक या 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51,317 पर बंद हुआ। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में तेजी का ट्रेंड था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 587 अंक या 1.04 प्रतिशत की तेजी के साथ 56,872 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 323 अंक या 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,723 अंक पर बंद हुआ।

# छठी पीढ़ी के सैमसंग गैलेक्सी फोल्डेबल अब भारत में उपलब्ध

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरियाई दिग्गज सैमसंग ने बुधवार को भारत में उपभोक्ताओं के लिए अपनी छठी पीढ़ी के फोल्डेबल स्मार्टफोन को बाजार में उतारने के साथ-साथ अन्य नए उपकरणों की बिक्री की भी घोषणा कर दी। गैलेक्सी जेड फोल्ड6, गैलेक्सी जेड फ्लिप6 और गैलेक्सी कनेक्टेड इकोसिस्टम उत्पाद रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध होंगे। कंपनी ने कहा कि उपभोक्ता गैलेक्सी जेड फ्लिप6 और गैलेक्सी जेड फोल्ड6 को 24 महीने तक नो-कॉस्ट ईएमआई से अन्य लाभों के साथ खरीद सकते हैं। कंपनी ने कहा कि पहले 24 घंटों में गैलेक्सी जेड फोल्ड6 और जेड फ्लिप6 के लिए प्री-ऑर्डर भारत में पिछली पीढ़ी के फोल्डेबल की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक हो गए। भारतीय उपभोक्ताओं के लिए गैलेक्सी जेड फोल्ड6 और जेड फ्लिप6 का निर्माण कंपनी की नोएडा फैक्ट्री में किया जा रहा है।

नए फोल्डेबल गैलेक्सी जेड सीरीज के अब तक के सबसे पतले और हल्के डिवाइस हैं। गैलेक्सी जेड सीरीज भी बेहतर आर्मर एल्युमिनियम और कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस 2 से लैस है, जो इसे अब तक की सबसे टिकाऊ गैलेक्सी जेड सीरीज बनाता है। गैलेक्सी जेड फोल्ड6 में एआई संचालित कई सुविधाएं और उपकरण दिए गए हैं, जिनमें नोट असिस्ट, कंपोजर, स्केच टू इमेज, इंटरप्रेटर, फोटो असिस्ट और इंस्टेंट स्लो-मो जैसी महत्वपूर्ण चीजें शामिल हैं। गैलेक्सी जेड फोल्ड6 की शुरुआती कीमत 164,999 रुपये (12GB+256GB) है, जबकि गैलेक्सी जेड फ्लिप6 की शुरुआती कीमत 109,999 रुपये (12GB+256GB) है।

## एक नजर

### ट्यूशन पढ़ने जा रही किशोरी सर्पदंश से गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के लंगरकोट गांव निवासी अमरेंद्र गुप्ता की 9 वर्षीय बेटी प्रियांशु कुमारी को विषैले सांप ने डंस लिया। जिससे वह गंभीर रुप से बेहोश हो गयी। बेहोशी की हालत में परिजनों ने इलाज के लिए तत्काल उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि वह बुधवार की सुबह में घर से वह टियूशन पढ़ने जा रही थी, उसी क्रम में विषैले सांप ने डंस लिया। सुविधा के अनुसार परिजन उसे नवजीवन अस्पताल तुम्बागाड़ा ले गये हैं। जहां इलाज चल रहा है।

### बसपा नेता ने बजट को लोकलुभावन बताया

**हुसैनाबाद।** केंद्र सरकार द्वारा



आम बजट पर बसपा नेता सह उतरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे लोकलुभावन करार दिया है। उन्होंने कहा की केंद्र की मोदी सरकार को गरीब मजदूर व किसान ने तीसरी बार चुनाव जिताया, ताकि निचले तबके व माध्यम वर्ग को खास ध्यान रखें।लेकिन केंद्र द्वारा आम बजट केवल पूंजीवाद को ध्यान में रख कर किया गया हैं। शिक्षा व स्वास्थ्य किसानों को इस बजट ने पुनः नाराज किया है।

### नावाजयपुर पुलिस ने फरार दो आरोपी को किया गिरफ्तार

**पाटन।** नावाजयपुर पुलिस ने फरार चल रहे दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने बताया है। नावाजयपुर थाना कांड संख्या 21/21 के प्राथमिक अभियुक्त लक्ष्मण यादव ग्राम महुआरी सिंजो, थाना तरहसी एवं बिनय यादव ग्राम कतरी थाना नावाजयपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में उपास्थित किया गया। न्यायालय के आदेश से जेल भेजा गया। दोनो गिरफ्तार ब्यक्ति थाना कांड के वांछित अभियुक्त काफी दिनों से फरार थे।

### करकट्टा में कृषक गोष्ठी का हुआ आयोजन



**उंटारी रोड।** करकट्टा पंचायत भवन परिसर में आत्मा पलामू के सौजन्य से कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया, इस गोष्ठी में व्याख्यान हेतु केवीके के फार्म मैनेजर श्री दिलीप कुमार पांडेय एवं एफपीओ के सीईओ श्री रवि रंजन जी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस गोष्ठी के माध्यम से उपस्थित किसानों के बीच श्री पांडे जी ने समेकित खेती एवम वैज्ञानिक खेती को अपनाने के लिए सुझाव दिए, साथ ही विभिन्न फसलों के प्रभेद चयन एवं उसका रख रखाव, बीजोपचार, रोग तथा उसका निवारण इत्यादि विषयों पर बहुत ही गहनता से सुझाव दिए।

### खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल का किया गया वितरण



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा के द्वारा फुटबॉल का वितरण किया गया। जिसकी शुरूआत पहला चरण में घुटूवा पंचायत के एकता गांव के फुटबॉल खलाड़ियों से की गई। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि अपने सहयोगियों के साथ मिलकर लगातार पाच वर्षो से हर वर्ष गांव - गांव जाकर खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए फुटबॉल का वितरण करता हूं।

# विश्रामपुर में घटिया सड़क निर्माण को लेकर संवेदक के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश

- *पलामू उपयुक्त सहित विभाग या अधिकारी से करेंगे शिकायत*
- *प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से कराया जा रहा है निर्माण कार्य*



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव में संवेदक के द्वारा घटिया सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। संविदा के द्वारा निर्माण कार्य में तनिक भी गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया। जैसे तैसे महज औपचारिकता पूरी कर निर्माण कार्य का स्वरूप दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों के द्वारा निर्माण कार्य का विरोध किया गया। लोगों का शिकायत है कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य से योजना स्वीकृत है। जो तोलरा तीन मुहान से पंचायत सचिवालय होते निमिया टिकर तक पीसीसी पथ व कालिकरन कराया जाना है। संवेदक के द्वारा कुछ भागों में पीसीसी पथ की ढलाई कराई गई। वही अवशेष भागों में कालीकरण किया जाना है। जहां घटिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

संवेदक की कार्य पद्धति व लापरवाही को देखते हुए स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। पूरी मामले को लेकर ग्रामीणों के द्वारा उपायुक्त, उप विकास आयुक्त सहित विभागीय अधिकारी, पलामू सांसद व स्थानीय विधायक से शिकायत किया जाएगा। साथ ही संवेदक पर कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कार्य करने की मांग की जाएगी। सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत कराया जा रहा है।

### बरसात होने के कारण सड़क पर नमी बनी है : धीरन तिवारी



**स्थानीय** धीरन तिवारी ने बताया कि कालीचरण पत्र निर्माण बरसात के मौसम में किसी भी स्थिति में नहीं कराया जा सकता। बरसात होने के कारण सड़क पर नमी बनी है। जहां कालीकरण किया जाना मजबूत स्थिति में नहीं हो सकता है। नमी व बरसात होने के कारण उपयोग में लाया गया अलकतरा बेकार साबित हो जाएगा। सड़क पर डाली गई गिट्टी की पकड़ कमजोर हो जाएगा। बताया कि सड़क निर्माण पूर्व जीएसबी आदि डालकर तैयार किया जाना है। जिस पर कालीकरण या पीसीसी पथ की ढलाई की जानी है। लेकिन संवेदक के द्वारा गुणवत्तापूर्ण कोई भी कार्य नहीं किया गया। मिट्टी व गिट्टी डालकर तैयार किए गए बेड पर कालीकरण किया जा रहा है। जो किचड़ में तब्दील है। धीरन तिवारी के द्वारा रोड को हाथ से खोदकर घटिया निर्माण की पोल खोल दिया गया। सड़क के किनारे कल भट्ट, नाली आदि का निर्माण किया जाना है।

## निः शुल्क साइकिल मिलने से छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रोजेक्ट विद्यालय महुआडांड़ परिसर में प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों से आए कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं के बीच प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंन डांग एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी घनश्याम चौबे की उपस्थिति में निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के चेहरे पर साइकिल मिलने की खुशी साफ झलक रही थी। छात्रों का कहना था की साइकिल मिलने से अब उन्हें आने-जाने में ज्यादा समय बर्बाद नहीं करना पड़ेगा। पहले हमें विद्यालय तक पहुंचने के लिए समय से घंटों पहले घर से निकल जाना पड़ता था। और छुट्टी के बाद भी घर पहुंचने में काफी देर हो जाती थी। जिसके कारण घर में पढ़ाई नहीं हो पाती थी।इस अतिरिक्त समय में वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सकेंगे। मौके पर उपस्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी घनश्याम चौबे ने बताया की प्रखंड के 1050 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण करना है। अभी तक 800 साइकिलें असेम्बल की जा चुकी है, जिन्हें छात्र-छात्राओं के बीच बांटा जा रहा है।

## एसडीओ ने की आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन शिविर की समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड प्रांगण हैदरनगर में गत मंगलवार को आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के विशेष शिविर में लोगों की कम उपस्थिति का मुख्य कारण जागरूकता और प्रचार-प्रसार की कमी रही है। इस शिविर की समीक्षा एसडीओ पियूष सिन्हा ने बीडीओ विश्व प्रताप मालवा और जनप्रतिनिधियों के साथ की। उन्होंने सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य से इसके प्रति लोगों को प्रेरित कर रोजगार का अवसर दिलाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि 50 हजार और 10 लाख से 25 लाख तक की रोजगार के लिए दी जाने वाली राशि का आवेदन लक्ष्य से काफी कम मिला है। जो इस योजना में आवेदन देने से वंचित हैं। उन्हें यथाशीघ्र आवेदन सौंपने का मौका दिया जाना चाहिए। हालांकि तय समय पर इस शिविर में प्रज्ञा केंद्र के संचालक, स्थानीय जनप्रतिनिधि के अलावे मुखिया संतोष कुमार सिंह, सुदर्शन राम, जितेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया नावाजिश खान, नागेंद्र मेहता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार ने भी सक्रियता दिखाई है। वही इसके उद्देश्यों को प्रसारित कराने में जिला कृषि पदाधिकारी का भी योगदान रहा है। इसके अलावा किसान मित्र और जेएसएलपीएस के बीपीएम सहित जनसेवक की भी भागीदारी रही है।

### भाजपा नेता रामाशीष यादव ने किया जनसंपर्क यात्रा की शुरूआत

## बिश्रामपुर संवारने का है दृढ़ संकल्प और आत्म विश्वास : रामाशीष यादव



**नवीन मेल संवाददाता**

**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता सह युवा समाजसेवी रामाशीष यादव की जनसंपर्क यात्रा का शुभारंभ बुधवार को उंटारी रोड प्रखंड से हुआ। रामाशीष यादव ने यात्रा की शुरूआत प्रखंड क्षेत्र के पंचायत लहर बंजारी ग्राम कुटमु के पिपल चौक, मारुती धाम, नाग मंदिर एवं संतोषी मां मंदिर से आशीर्वाद लेकर किया। इसके बाद यात्रा आगे बड़ी और प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव पहुंची। यात्रा के दौरान उंटारी रोड प्रखंड में रामाशीष यादव जिस रास्ते से गुजरे उनका जोरदार स्वागत और अभिनंदन लोगों द्वारा किया गया। रामाशीष यादव की यह यात्रा बिश्रामपुर के बदहाल तश्वीर को बदलने की मुहिम लेकर निकली है जिसमें हर समुदाय के लोग और मतदाता वर्ग शामिल है। यह यात्रा स्वस्थ बिश्रामपुर, शिक्षित बिश्रामपुर, सिंचित बिश्रामपुर बनाने का एक जागरूकता अभियान चला रही है। यात्रा के दौरान श्री यादव ने कई स्थानों में स्थानीय लोगों से मिलकर संवाद किया। साथ ही कई नुक्कड़ सभाओं को संबोधित भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिश्रामपुर संवारने के लिए पुरे आत्म विश्वास के साथ निकला हुं। जन जन के लिए हूं द्दढ़ संकल्पित।

रामाशीष यादव ने बिश्रामपुर की जनता से अपील किया है कि यात्रा से जुड़कर अपनी माटी का स्वाभिमान बचाने, खुशहाल एवं समृद्ध बनाने का संकल्प लें।जनसंपर्क यात्रा में रामाशीष यादव को जनता का भरपूर हौसला व आशीर्वाद मिला। यात्रा में मुख्य रूप से सतेश्वर मेहता पंचायत समिति सदस्य, अखिलेश राम, निर्मल तिवारी, अरविंद मेहता, सोनू कुमार, जयकुश यादव, अभय यादव, सिकंदर प्रजापति, बसंत चौधरी, ननकू चौधरी, उमेश यादव, उमेश साव, अनिल साव, कृष्णा चौधरी, राजेन्द्र विष्वकर्मा, जोगी सिंह, सैयद अंसारी, आदि गणमान्य लोग समेत सैकड़ों की संख्या में आम जनमानस उपस्थित रहे।

### भाजपा नेता बलवंत सिंह ने गारू और सरयू प्रखंड में चुनावी जनसम्पर्क किया

**लातेहार।** भाजपा के संभावित उम्मीदवार सह मनिका पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह नें मनिका विधानसभा क्षेत्र सरयू और गारू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जनसम्पर्क कर ग्रामीणों से आशीर्वाद लिया। बलवंत का काफिला सरयू, कोटाम, करवाई, गारू होते हुए बारेसांढ़ पहुंचा। बलवंत सिंह नें बताया कि, भारतीय जनता पार्टी से टिकट की दावेदारी में सबसे ज्यादा चर्चा उनका ही हो रहा है। जिला परिषद सदस्य के रूप में उनके द्वारा किये गए कार्य नें जिला में मिसाल प्रस्तुत किया है। गारू प्रखंड में ग्रामीणों नें उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## मासूम बच्चा को पिकअप वैन ने रौंदा, चालक व वाहन जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के भाई बिगहा में तेज रफ्तार से मोहम्मदगंज से जपला की ओर जा जा रही पिकअप वैन ने एक बालक के पैर को कुचल डाला। जिससे ल गुड्ड खान का छह वर्षीय पुत्र जिहान खान का कमर, जांघ जख्मी होने के अलावा अंडकोष में गंभीर चोट आने की आशंका बताई गई है। आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस से हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। किन्तु यहां भी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेदिनीनगर के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना बुधवार की सुबह करीब आठ बजे उक्त बच्चा के सड़क पार करने के क्रम में घटी है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि इस घटना।में शामिल पिकअप वाहन को जब्त कर इसके चालक को हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित के परिजनों से प्राप्त आवदेन के बाद आगे की कारवाई की जायेगी।

## हेरहंज के डाटम पातम जलप्रपात में नहाने के दौरान डूबे किशोर का शव बरामद



**पलामू।** लातेहार जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के डाटम पातम जलप्रपात में सोमवार को नहाने के दौरान पानी में डूबे किशोर का 24 घंटे बाद शव बरामद किया गया। युवक की पहचान पलामू जिले तरहसी थाना क्षेत्र के पसहर कसमार ग्राम निवासी बिगू गोस्वामी का पुत्र रंजन गोस्वामी (16)के रूप में हुई है। बुधवार को डेड बॉडी का पोस्टमार्टम लातेहार सदर अस्पताल में किया गया। दोपहर तक शव घर आने की संभावना है। घटना के बाद से रंजन के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार सोमवार को अपनी बहन की सोमवारी पूजा कराने के बाद रंजन अपने चार दोस्तों के साथ हेरहंज के डाटम पातम जलप्रपात घूमने के लिए घर से निकला था। उसके दो दोस्त डालटनगंज से, जबकि रंजन समेत तीन युवक गांव से निकले थे। सभी बाइक से मौके पर पहुंचने के बाद जलप्रपात में नहाने उतरे थे। इसी क्रम में पानी की गहराई में रंजन डूब कर लापता हो गया था। उसके साथी गांव में पहुंचकर घटना की जानकारी ग्रामीणों को देकर मौके से फरार हो गए थे।

# हरिजन बिगहा गांव में डायरिया का प्रकोप अनुमंडलीय अस्पताल में छह मरीज भर्ती

- *हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के गांवों में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को बचाव की दी जानकारी*
- *क्षेत्रों में आवश्यक दवा भी उपलब्ध कराया गया*



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत हैदरनगर प्रखंड के हरिजन बिगहा में लगातार तीन दिनों से डायरिया का प्रकोप बढ़ गई है। कुछ लोगों को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में ही ओआरएस व आवश्यक दवा दिया गया। वह ठीक हो गए, जबकि बुधवार को हरिजन बिगहा समेत अन्य गांवों के छह नए मरीजों को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया है।

जिसमें पनपती देवी, सरस्वती कुंवर, रागिनी कुमारी, अनिता देवी, सभी हरिजन बिगहा, गौहर बीवी, बलडीहरी एवं आशिक प्रजापति, जपला धरहरा आदि सभी का इलाज चल रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि सभी की स्थिति खतरे से बाहर है।

उन्होंने बताया कि सभी क्षेत्रों के लिए डायरिया नियंत्रण को लेकर टीम का गठन पूर्व में ही किया गया है। टीम लगातार गांव गांव पर नजर रख रही है। जहां भी कोई सूचना मिलती है। तत्काल टीम वहां जाकर लोगों को आवश्यक दावा व जानकारी देने का काम कर रही है।

### पीड़ित व्यक्ति सहिया से करें संपर्क

**उन्होंने** कहा कि डायरिया से निबटने के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि किसी गांव में उल्टी दस्त की शिकायत होती है, तो पीड़ित व्यक्ति तत्काल स्वास्थ्य सहिया या आंगनबाड़ी सेविका से संपर्क करें। जरूरत पड़ने पर नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र भी जा सकते है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को बताया जा रहा है की ताजा सुपाच्य भोजन करें, ठेला खोमचा से खाने पीने की वस्तुएं नहीं उपयोग करें, पानी उबाल कर उसे साफ बर्तन में रखें, सभी लोग इसी का सेवन करें।

## न्यूज बॉक्स

### जिप उपाध्यक्ष की पहल पर जपला चौबे में 200 केवीए का लगा नया ट्रांसफार्मर



**हुसैनाबाद।** पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष सह झामुमो युवा नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह की पहल पर 24 घंटे के अंदर हुसैनाबाद के जपला चौबे में 200 केवीए का नया ट्रांसफर लगाया गया, जिससे वहां के आम आवाम में खुशी की लहर व्याप्त है। मौके पर स्थानीय लोगों ने कहा कि हम लोगों ने यहाँ के जर्जर व जले हुए ट्रांसफार्मर से निजात पाने के लिए विभागीय पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से काफी अनुरोध किया, पर किसी ने हमारी बातों की सुधि तक नहीं ली, वहीं जब हम ग्रामीण पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष सह झामुमो युवा नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह से मिलें एवं अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया तो उन्होंने त्वरित पहल करते हुए 24 घंटे के अंदर 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगवाने का कार्य किया हैं। जिससे हम लोग हर्षित हैं। बातों-ही-बातों में ग्रामीणों ने कहा कि हुसैनाबाद का जनप्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह के जैसा ही होना चाहिए, जो आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करें। इस बाबत जिप उपाध्यक्ष सह झामुमो युवा नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने कहा कि हम हुसैनाबाद विधानसभा की जनता को अपना परिवार मानते हैं और कोई भी शख़्स अपने परिवार को मुसीबत में पड़ा हुआ नहीं देख सकता हैं। इसलिए हमने उनके लिए 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाने का कार्य किया, ताकि उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी में किसी भी प्रकार की कोई दिक़्क़त न हो, वहीं उनके बच्चे की भी निर्वाध रूप से पढ़ाई जारी रहे।

### क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में पलामू जिला बल ऑल ओवर चैंपियन बना

**मेदिनीनगर।** पलामू क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता 2024 का आयोजन गढ़वा जिला के द्वारा किया गया था जिसका फायरिंग का कार्यक्रम बोकारो में जैप 4 के फायरिंग बट पर दिनांक 20 एवं 21 जुलाई 2024 को किया गया जिसमें पलामू गढ़वा एवं लातेहार जिला के पुलिसकर्मि एवं पदाधिकारीयों ने भाग लिया शूटिंग प्रतियोगिता में पलामू जिला बल ऑल ओवर चैंपियन बना जबकि लातेहार जिला उप विजेता बना एवं बेस्ट फायरर का अवार्ड पलामू जिला बल के आरक्षी 1615 विक्रांत दुबे को मिला जिन्होंने फायरिंग के दौरान तीनों जिला में सबसे अच्छा फायरिंग कर यह अवार्ड जीता विक्रांत दुबे वर्तमान में पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष भी है। शूटिंग प्रतियोगिता में फायरिंग के बाद मेडल शिरोमणि का आयोजन सह प्राइज वितरण का कार्यक्रम गढ़वा पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा गढ़वा कॉन्फ्रेसिंग हॉल में किया गया शूटिंग प्रतियोगिता के दौरान अच्छे फायरिंग करने वाले जवानों को मेडल एवं बेस्ट फायरर को मेडल एवं कप देकर पुलिस अधीक्षक गढ़वा के द्वारा सम्मानित किया गया साथ-साथ पलामू जिले के पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा भी जवानों का मनोबल बढ़ाया गया एवं विजेता बनने के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दिए।

## पेज एक का शेष

### रांची में बनेगा...

झारखंड सरकार के कैबिनेट ने पहले ही इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। एमओयू पर हस्ताक्षर के अवसर पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि टाटा समूह का झारखंड के साथ एक सदी से भी ज्यादा पुराना रिश्ता है। हम चाहेंगे कि यह रिश्ता सदियों तक चले। राज्य सरकार ने हमेशा यह प्रयास किया है कि टाटा समूह की ओर से औद्योगिक विकास के लिए उठाए जाने वाले हर कदम पर सहयोग करें। टाटा समूह सिर्फ यहां की खनिज संपदाओं का ही उपयोग नहीं करता, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर उद्योग कर उन्होंने इस राज्य की तरक्की में उल्लेखनीय योगदान किया है। उन्होंने कहा कि टाटा समूह की उद्यमशीलता की यात्रा झारखंड से शुरू हुई है और हम अधिकार के साथ उनसे कह सकते हैं कि यहां के लोगों की जरूरतों को प्राथमिकता में रखें। रांची में विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले होटल ज्यादा नहीं हैं। टाटा समूह की ओर से यह होटल बनने के बाद सुविधाओं का विस्तार होगा। एमओयू के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री हफीजुल हसन, मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल, टाटा स्टील के सीईओ एवं एमडी टीवी नरेंद्रन, आईएचसीएल के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट (ऑपरेशंस) के. मोहन चंद्रन भी मौजूद रहे।

### नेपाल में विमान...

नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएन) ने बताया कि विमान में सवार 19 लोगों में से 18 के शव बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस के अनुसार, विमान के कैप्टन मनीष शाक्य को बचा लिया गया है। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान जमीन पर गिर गया और आग के गोले में बदल गया। अग्निशमन दल, नेपाल पुलिस और नेपाली सेना बचाव अभियान चला रही है। हादसे का एक वीडियो सामने आया है जिसमें दिख रहा है कि विमान ने रनवे से उड़ान भरी, तब तक सब कुछ ठीक नजर आ रहा था। लेकिन कुछ ही मिनट में विमान का संतुलन बिगड़ गया। वीडियो में देखा जा सकता है कि विमान एक ओर झुक गया, विमान के दाईं ओर झुकने के कुछ ही पल में ये रनवे से कुछ दूरी पर गिर गया। जमीन से टकराते ही विमान में आग लग गई और धुएं का गुबार एयरपोर्ट पर फैल गया। आग इतनी भयावह थी कि इसकी चपेट में विमान में सवार सभी लोग आ गए।

### स्पोर्ट्स इवेंट में परफॉर्म...

अभिभावकों का कहना है कि टीचर ने पहले भी कई छात्रों की पिटाई की थी। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि बच्चों और परिजनों की शिकायत की जांच की जा रही है और इस मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी। आरोपी शिक्षक फरार बताया जा रहा है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

हजारीबाग स्थित शेख भिखारी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल और पश्चिम सिंहभूम जिला के चिकित्सा महाविद्यालय अस्तपाल अंतर्गत नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए 42 पद सृजन के प्रस्ताव पर भी स्वीकृति दी गयी।

### एनआईए की छापेमारी...

जबकि जितेंद्रनाथ पांडे का कहना है कि उनका किसी भी नक्सली या अपराधी से किसी तरह का कोई संबंध नहीं है। जांच टीम को उनके घर से किसी तरह का आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


ब्रीफ न्यूज

## कांगो में एडीएफ विद्रोहियों के हमले में 35 लोगों की हुई मौत

**गोमा।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) के पूर्व में एक प्रांत उत्तरी किवु में एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) के विद्रोहियों ने मंगलवार से बुधवार तक कम से कम 35 लोगों की हत्या कर दी। स्थानीय सूत्रों ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को ये जानकारी दी है। सूत्रों के अनुसार, यह हमला लुबेरो क्षेत्र के ओमबेले गांव में हुआ। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। कई नागरिक बंधक बनाए गए हैं या लापता हैं। सूत्रों ने बताया कि जले हुए घरों में पीड़ितों की तलाश बुधवार सुबह से ही जारी है। एडीएफ की स्थापना 1990 के दशक में युगांडा में कई विपक्षी आंदोलनों के समय की गई थी। युगांडा की सेना से पराजित एडीएफ विद्रोही पूर्वी कांगों में सक्रिय हैं(

## ब्रिटेन के विदेश मंत्री लैमी भारत दौरे पर, पीएम से करेगें मुलाकात

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी बुधवार को अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। भारत और ब्रिटेन के बीच रणनीतिक साझेदारी से संबंधित आगे की चर्चाओं के मद्देनजर उनकी यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर लिखा, "उनकी इस यात्रा से भारत-ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी मजबूत होगी। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच संबंध भी मजबूत होंगे।

## रूसी जहाज पर यूक्रेनी ड्रोन से हमले में एक व्यक्ति की हुई मौत

**मॉस्को।** रूस के क्रास्नोडार क्षेत्र में एक जहाज पर यूक्रेनी ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने स्थानीय गवर्नर वेनियामिन कोंद्रायेव के हवाले से बताया कि नौका जहाज (फेरी शिप) कावकाज बंदरगाह पर था। तभी मंगलवार सुबह उस पर यूक्रेनी ड्रोन ने हमला किया। हमले में कई चालक दल के सदस्य और बंदरगाह कर्मचारी घायल हो गए। गवर्नर ने आगे बताया कि हमले की वजह से आग लग गई, इससे कोई खतरा नहीं है।

# बजट के विरोध में विपक्ष का प्रदर्शन




खरगे, सोनिया गांधी, नेता राहुल गांधी, अखिलेश यादव, राघव चड्ढा ने किया **प्रदर्शन**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विपक्ष ने बुधवार को विपक्षी दलों द्वारा शासित प्रदेशों की कथित तौर पर बजट में अनदेखी किए जाने के खिलाफ संसद भवन में प्रदर्शन किया। विपक्षी इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, वामदल और अन्य विपक्षी दलों के नेता इस प्रदर्शन में शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने संसद के मकर द्वार के बाहर प्रदर्शन में हिस्सा लिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि केंद्रीय बजट में किसी को कुछ नहीं मिला है। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि बजट निराश करने वाला है और इसमें देश के लोगों के लिए कुछ नहीं है। आम आदमी पार्टी नेता राघव चड्ढा ने कहा कि इस बजट ने देश के हर वर्ग को निराश किया है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि केंद्रीय बजट में किए गए घोर अन्याय और भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के भेदभावपूर्ण और अनुचित दृष्टिकोण को अस्वीकार करने के लिए संसद के बाहर एकजुट होकर विपक्ष ने विरोध प्रदर्शन किया।

## बजट में हर राज्य का नाम लेना संभव नहीं, सभी को मिला आवंटन : वित्त मंत्री

### बजट में भेदभाव का खरगे ने लगाया था आरोप

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को विपक्ष के इन आरोपों का खंडन किया कि विपक्षी साशी राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है।



वित्त मंत्री ने राज्यसभा में कहा कि किसी राज्य का बजट भाषण में नाम नहीं लिया गया, इसका अर्थ यह नहीं है कि उस राज्य को कुछ नहीं दिया गया। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने आज इसे मुद्दा बनाया। इसके जवाब में वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन को समझना चाहिए कि हर राज्य के लिए केन्द्र सरकार की योजनाओं के तहत आवंटन होता है। कांग्रेस पार्टी ने सालों तक देश में बजट पेश किया है। उन्हें भी पता है कि बजट भाषण में हर राज्य का नाम नहीं लिया जाता। वित्त मंत्री ने महराष्ट्र का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के वडावन में 76 हजार करोड़ से पोर्ट का निर्माण होने जा रहा है। उसका बजट भाषण में जिक्र नहीं है। इसका अर्थ नहीं है कि केन्द्र ने आवंटन नहीं किया। केन्द्र सरकार की योजनाओं के तहत हर राज्य के लिए आवंटन किया जाता है। सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष का लोगों को यह आभास देने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास है कि हमारे राज्यों को कुछ भी नहीं दिया गया है। यह एक अपमानजनक आरोप है।

## बजट में रेल के लिए रिकॉर्ड आवंटन का सीधा लाभ राज्यों को मिलेगा : वैष्णव

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि आज संसद में अनुदान की विस्तृत मांग प्रस्तुत की गई और बहुत ही खुशी की बात है कि इस बार बजट में रेल



के लिए रिकॉर्ड 2,62,200 करोड़ रुपये का आवंटन हुआ है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद दिया। रेल मंत्री ने कहा कि इसका सीधा लाभ जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित सभी राज्यों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को 2024-25 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19,848 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। यह आंकड़ा यूपीए के समय से 18

## सौ से ज्यादा कंपनियों के कफ सीरप गुणवत्ता परीक्षण में फेल

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की रिपोर्ट के अनुसार, देश में 100 से अधिक फार्मास्युटिकल इकाइयों के कफ सीरप (खांसी की दवा) के नमूने गुणवत्ता परीक्षण में खरे नहीं उतर पाए। द हिन्दू में छपी खबर के अनुसार, डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी), एथिलीन ग्लाइकॉल (ईजी), परख, माइक्रोबियल विकास, पीएच और वॉल्यूम में समस्या के कारण ये कफ सीरप खराब गुणवत्ता की श्रेणी में रखे गए। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को पेश की गई इस रिपोर्ट में पाया गया कि परीक्षण किए गए 7,087 बैचों में से 353 को खराब गुणवत्ता का माना गया।डायथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल की उपस्थिति के कारण नौ बैच विशेष रूप से समस्याग्रस्त थे। रिपोर्ट में यह भी संकेत मिला है कि इनमें से कुछ नमूनों में वही टॉक्सिन (विषैले तत्व/दूषित तत्व) पाए गए हैं जो गांबिया, उज्बेकिस्तान और कैमरून में बच्चों की मौत का कारण बने थे। मालूम हो कि 2022 में उज्बेकिस्तान की सरकार ने दावा किया था कि भारत में निर्मित कफ सीरप पीने से उनके देश में 18 बच्चों की मौत हो गई। उसके पहले अफ्रीकी देश गाम्बिया में कथित तौर पर 70 बच्चों की मौत हरियाणा स्थित मेडेन फार्मास्युटिकल्स द्वारा निर्मित कफ सीरप पीने से हुई थी। सीडीएससीओ की इस रिपोर्ट के बीच इकोनॉमिक्स टाइम्स की खबर बताती है कि सीडीएससीओ कुछ देशों में निर्यात के लिए कफ सीरप के परीक्षण की आवश्यकता को खत्म करने के कफ सीरप निर्यातकों के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। मई 2023 में विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा था कि कफ सीरप निर्यातकों के लिए विदेश भेजने के पहले उनके उत्पादों का निर्धारित सरकारी प्रयोगशालाओं में टेस्ट कराना अनिवार्य होगा।सीरप के सैंपल के लैब परीक्षण के बाद ही निर्यात की अनुमति मिलेगी।यह निर्देश भारतीय कंपनियों द्वारा निर्यात किए जाने वाले कफ सीरप पर वैश्विक स्तर पर गुणवत्ता संबंधी चिंताएं जाहिर किए जाने के बाद आया था। ध्यान देने की बात है कि जनवरी 2023 में उज़्बेकिस्तान में 7 बच्चों की मौत को भारत में बनी दो दवाओं से जोड़ा गया था। । विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 11 जनवरी 2023 को इन दोनों दवाओं को मौतों से जोड़कर उत्पाद चेतावनी जारी किया था। अलर्ट में कहा गया था कि दोनों कफ सीरप में डायएथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) और एथिलीन ग्लाइकान (ईजी) अस्वीकार्य स्तर पर पाए गए।

इससे पहले इसी तरह के एक अन्य मामले में एक अन्य भारतीय फर्म-मेडेन फार्मास्युटिकल्स द्वारा बनाई गई बच्चों की दवाओं को कथित तौर पर गांबिया के 70 बच्चों की मौत के साथ जोड़ा गया था।डब्ल्यूएचओ ने 5 अक्टूबर 2023 को घोषणा की थी कि मेडन फार्मास्युटिकल द्वारा बनाए गए कफ सीरप में डायथिलिन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल थे, जो मनुष्यों के लिए जहरीले होते हैं।

# एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट निजी कंपनियों और सार्वजनिक एजेंसियों, जैसे पुलिस विभाग, को डिजिटल डेटा एनालिसिस करके साइबर क्राइम्स को हल करने में मदद करते हैं। वे डिवाइस से डेटा पुन: प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर सिस्टम के अपने ज्ञान का उपयोग करते हैं, प्राप्त डेटा की एनालिसिस करते हैं और उसी आधार पर रिपोर्ट लिखते हैं। ये एनालिस्ट रिकवरी और डिकोडिंग सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके डिलीट और एन्क्रिप्ट की गई फ़ाइलों को वापस लाने में भी मदद करते हैं। फिर इन फाइलों को इकट्ठा किया जाता है और आपराधिक मामलों के सबूत के रूप में उपयोग किया जाता है। कंप्यूटर फोरेंसिक एनालिस्ट कंप्यूटर, नेटवर्क सर्वर, स्मार्ट डिवाइस और अन्य डिजिटल उपकरणों से डेटा प्राप्त करने में माहिर होते हैं।

# फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट में बना सकते हैं अपना करियर

## फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट क्यों बनें

- **उच्च नौकरी की मांग :** टेक्नोलॉजी लगातार विकसित हो रही है, जिसने दुर्भाग्य से साइबर अपराध की समस्याओं को भी बढ़ा दिया है। ऐसे में फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट की मांग भी बढ़ रही है।
- **नौकरी के व्यापक अवसर-** फोरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट किसी भी कॉर्पोरेट, जांच, कानूनी या सरकारी क्षेत्र में काम कर सकता है। इस क्षेत्र में अनुभव प्राप्त करने के बाद आप फ्रीलांसर के रूप में भी काम कर सकते हैं।
- **कम प्रतिस्पर्धा :** फोरेंसिक कंप्यूटर एनालासिस्ट के रूप में कुछ लोग ही काम करते हैं, जिसका अर्थ है कि बहुत कम कॉम्पिटिशन है। यदि आपके पास उचित शिक्षा और कौशल है तो आप आसानी से इस क्षेत्र में एक अच्छी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं।



## फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट के काम

1. कानूनी कार्यवाही के लिए कंप्यूटर और डिजिटल एविडेंस तैयार करना।
2. डिजिटल एविडेंस की जांच करना और उपयुक्त टीम के सदस्यों को रिपोर्ट प्रदान करना।
3. विभिन्न प्रकार के फोरेंसिक टूल और सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके डिजिटल डेटा को डिक्रिप्ट करना और एनालिसिस करना।
4. किसी व्यक्ति या स्थान की पहचान छिपाने के लिए लॉक की गई डिजिटल इमेजेस को अनलॉक करना।
5. किसी स्थान या व्यक्ति का पता लगाने के लिए मोबाइल फोन और सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से डेटा की जांच करना।
6. कानूनी रूप से मान्य तरीके से एविडेंस और सूचना एकत्र करना।
7. क्षतिग्रस्त डिजिटल फ़ाइल से डेटा को पुनः प्राप्त करना।
8. जांच के बाद रिपोर्ट तैयार करना।
9. फोरेंसिक क्षेत्र में विकास और साइबर अपराध के तरीकों को ध्यान में रखते हुए भविष्य के साइबर हमलों को रोकने के लिए डेटा सिस्टम की सुरक्षा करना।



## फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट बनने के लिए आवश्यक कौशल

**तकनीकी ज्ञान:** फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट अपराधों की जांच के लिए प्रोग्रामिंग, ऑपरेटिंग सिस्टम, डिवाइस और मैलवेयर के अपने ज्ञान का उपयोग कर सकते हैं। अतः उनके पास मजबूत टेक्निकल स्किल्स का होना आवश्यक है।

**नैतिकता का ज्ञान:** डेटा के साथ साइबर एथिक्स की समझ फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्टों को डेटा सुरक्षा का मूल्यांकन करने और साइबर अपराधों की जांच करने में मदद कर सकती है।

**कानूनी ज्ञान:** टेक्नोलॉजी कानूनों की समझ फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्टों को कंपनियों को साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करने में मदद करता है।

क्रिटिकल थिंकिंग: क्रिटिकल थिंकिंग स्किल्स फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट को साइबर अपराधों की जांच और समाधान करने में सहायता कर सकती हैं।

**कम्युनिकेशन:** फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट अपनी जांच के निष्कर्षों पर व्यापक रिपोर्ट लिखने और समस्याओं को हल करने के लिए दूसरों के साथ काम करते हैं। अतः उनके पास अच्छी कम्युनिकेशन स्किल्स उपयोगी है।

## फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट बनने के लिए आवश्यक कोर्सेज़

- बीएससी कंप्यूटर फोरेंसिक एंड सिक्यूरिटी
- बीएसी ऑनर्स कंप्यूट फोरेंसीक
- बीएसी साइबर सिक्यूरिटी एंड फोरेंसिक कंप्यूटिंग
- बीएससी डिजिटल फोरेंसिक एंड साइबर सिक्यूरिटी

## फॉरेंसिक कंप्यूटर कोर्सेज़ के लिए भारत की टॉप यूनिवर्सिटीज़

- आईआईटी, मुंबई
- आईआईटी, मद्रास
- स्कूल ऑफ़ इंजीनियरिंग, यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज
- प्रेसीडेंसी यूनिवर्सिटी, बैंगलोर
- ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, देहरादून
- आईआईटी, गुवाहाटी
- आईआईटी धनबाद
- एनएमआईएमएस यूनिवर्सिटी, जयपुर
- आईटीएम यूनिवर्सिटी
- एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, नोएडा

